राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 254 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


कांग्रेस नेता राहुल गांधी महिला आरक्षण बिल पर मीडिया से मुखातिब हुए।

## फास्ट न्यूज

### कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच बढ़ रहा विवाद

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी के जल को लेकर विवाद चल रहा है। वहीं, बीते दिनों दिल्ली में हुई बैठक में कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने राज्य सरकार को तमिलनाडु के लिए 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया था। इस बैठक में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार शामिल हुए थे। कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के आदेश के बाद कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। जिसके बाद बेंगलुरु के उन इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जहां बड़ी संख्या में तमिल भाषी आबादी रहती है।
कर्नाटक के बांधों से पानी छोड़ने के आदेश के बाद कन्नड़ कार्यकताओं और किसान संगठनों ने शुक्रवार को पूरे कर्नाटक में बंद का आह्वान किया है। राज्य की राजधानी बेंगलुरु में भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।
बेंगलुरु में बढ़ाई गई सुरक्षा: बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने राजधानी शहर में सुरक्षा उपाय बढ़ाने और उन इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं जहां बड़ी संख्या में तमिल लोग रहते हैं। आदेश के बाद पुलिस ने एहतियाती कदम उठाए हैं और विरोध प्रदर्शन और सड़कें अवरुद्ध करने वाले संगठनों के बारे में जानकारी एकत्र की है।
**बेंगलुरु में 1991 में हुई थी हिंसा:** 1991 में, बेंगलुरु में तमिलों को निशाना बनाकर की गई सबसे बुरी हिंसा देखी गई थी। हिंसा की घटनाएँ मैसूरु शहर में हुईं, जहाँ बड़ी संख्या में तमिल आबादी भी रहती है। ये हमले कर्नाटक से पानी छोड़ने के कावेरी जल न्यायाधिकरण के आदेश का विरोध करने वाले प्रदर्शनों के बाद हुए थे।

### राज्यपाल ने दी पार्थ के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल के शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस ने दे दी है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को इस बारे में विशेष सीबीआई कोर्ट को जानकारी दी है।

# 'जो बिल फाड़ते थे, वो अब समर्थन कर रहे'

= मजबूत सरकार बनाकर जनता ने दी ताकतः पीएम नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद** के दोनों सदनों में महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में शुक्रवार (22 सितंबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने बीजेपी मुख्यालय में नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया।
पीएम मोदी ने देश की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, "मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है और हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है।"
**पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिन की चर्चा होगी:** उन्होंने कहा कि आने वाली अनेकों पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिवस की चर्चा होगी। मैं पूरे देश को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद के दोनों सदनों में भारी बहुमत से पारित होने की बहुत बहुत बधाई देता हूं। पीएम ने



### मोदी ने 2029 तक का बड़ा राजनैतिक रोड मैप तैयार किया

**महिला** आरक्षण बिल के पास होने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सियासत में 2029 तक का बड़ा राजनैतिक रोड मैप तैयार कर दिया है। इस रोड मैप के सहारे भाजपा अपनी जीत की दावेदारी सिर्फ 2024 के होने वाले लोकसभा चुनाव में ही नहीं, बल्कि आरक्षण के लागू होने वाले वर्ष 2029 तक का पूरा खाका खींच चुकी है। इस दौरान सिर्फ 2029 के लोकसभा चुनाव ही नहीं बल्कि उससे पहले होने वाले देश के अलग-अलग राज्यों के तकरीबन सभी विधानसभा चुनावों में भी इसका बड़ा सियासी माइलेज मिलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

कहा, संसद के दोनों सदनों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वो सपना अब सच हुआ है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। पूरे देश की माताएं, बहनें और बेटियां आज खुशी मना रही हैं, हम सबको आशीर्वाद दे रही हैं।
**कानून के लिए बीजेपी तीन दशक से प्रयास कर रही थी:** उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है, ये नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। साथ ही उन्होंने कहा कि ये अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बढ़ा कदम है। लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए बीजेपी तीन दशक से प्रयास कर रही थी।
पीएम मोदी ने कहा, "ये हमारा कमिटमेंट था। इसे हमने पूरा कर-के दिखाया है। बीते 9 सालों में हमने माताओं-बहनों से जुड़ी हर बंदिश को तोड़ने का प्रयास किया है। हमारी सरकार ने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं बनाई, ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिससे हमारी बहनों को सम्मान, सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि का जीवन मिले।"

**अभिनंदन**
> 8 संसद के दोनों सदनों द्वारा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है: पीएम


हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जिला गुरुग्राम के गांव मुबारकपुर में अशोक सिंघल वेद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करते हुए।

### तेजस्वी यादव को फिर जारी हुआ नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
अहमदाबाद की एक मेट्रोपोलिटन कोर्ट ने शुक्रवार (22 सितंबर) को आपराधिक मानहानि मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को दूसरी बार समन जारी किया।
कोर्ट ने यह समन दूसरी बार भेजा है। दरअसल, कोर्ट को बाद में पता चला कि कुछ भ्रम के कारण तेजस्वी यादव को पहला समन नहीं दिया जा सका। इस नए समन के मुताबिक, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी को 13 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होना होगा। वहीं, पहली बार के समन (28 अगस्त) में अतिरिक्त मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डी जे परमार ने तेजस्वी यादव को आपराधिक मानहानि मामले में समन जारी किया था।

## भारतीय खिलाड़ियों के साथ चीन का भेदभाव

एशियन गेम्स में नहीं दी एंट्री; भारत ने अपनाया कड़ा रुख




**टीम एक्शन इंडिया/हांगझोऊ**
**चीन में चल** रहे एशियाई खेल में अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को एंट्री नहीं दी गई। इसके बाद भारत सरकार ने चीन को जोरदार जवाब दिया है। एशियन गेम्स में हिस्सा लेने जा रहे भारत के तीन खिलाड़ियों को चीन ने वीजा देने से इनकार कर दिया। चीन की इस हरकत पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, "भारत सरकार को पता चला है कि चीनी अधिकारियों ने लक्षित और पहले से निर्धारित तरीके से अरुणाचल प्रदेश के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को चीन के हांगझोऊ में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में मान्यता और एंट्री नहीं देकर उनके साथ भेदभाव किया है।"
**अरुणाचल भारत का अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा:** विदेश मंत्रालय ने कहा, "हमारी दीर्घकालिक और सुसंगत स्थिति के अनुरूप, भारत डोमिसाइल या जातीयता के आधार पर भारतीय नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार को दृढ़ता से खारिज करता है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।"
**चीन ने जानबूझकर हमारे खिलाड़ियों को रोका:** मंत्रालय ने आगे कहा, "चीन द्वारा हमारे कुछ खिलाड़ियों को जानबूझकर और चुनिंदा तरीके से रोकने के खिलाफ भारत ने नई दिल्ली और बीजिंग में कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। चीन की कार्रवाई एशियाई खेलों की भावना और उनके आचरण को नियंत्रित करने वाले नियमों दोनों का उल्लंघन करती है।

**चीन की हेकड़ी**
> 8 अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा: विदेश मंत्रालय

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि में वैज्ञानिक सर्वे की मांग वाली याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया/मणिपुर/नई दिल्ली**
मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर के वैज्ञानिक सर्वे से जुड़ी एक याचिका को सुनने से सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मना कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मामला अभी हाईकोर्ट में लंबित है।
श्रीकृष्ण जन्मभूमि निर्माण ट्रस्ट की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा था कि पहले इसकी स्वीकार्यता पर फैसला होगा। तभी सर्वे की मांग पर विचार होगा। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि से जुड़े सभी मामलों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया है। हाईकोर्ट को यह निर्धारित करने का अधिकार मिला हुआ है कि वे विचारणीयता से संबंधित मुकदमे की सुनवाई पहले करेंगे या किसी अन्य मामले की। अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 136 के तहत हमें यह हमारे अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने का मामला नहीं लगता है। क्षेत्र विस्तृत वैज्ञानिक सर्वे की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

## एनडीए में जेडीएस की औपचारिक एंट्री

**कुनबा बढ़ा**
> 8 लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जेडीएस और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर विचार विमर्श हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आगामी** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गए। इसी बीच राजग में औपचारिक तौर पर जनता दल सेक्युलर की एंट्री हुई। जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। कुमारस्वामी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को शॉल भेंट की। इस बैठक में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे। दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जेडीएस और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर विचार विमर्श हुआ। अमित शाह और नड्डा से मुलाकात के बाद कुमारस्वामी ने पत्रकारों से बातचीत की और बताया कि औपचारिक तौर पर जेडीएस राजग में शामिल हो गया।



## मणिपुरः हथियारों की बरामदगी पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल

नियुक्त समिति के संज्ञान में लाया जा चुका है मामला



**टीम एक्शन इंडिया/मणिपुर/नई दिल्ली**
**मणिपुर की** एन बीरेन सिंह सरकार ने हथियारों की बारामदगी से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में दाखिल कर दी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को शुक्रवार को यह जानकारी दी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि विभिन्न स्त्रोतों से हथियारों की बारामदगी को लेकर स्टेटस रिपोर्ट मणिपुर सरकार ने शीर्ष अदालत में दाखिल कर दी है। उन्होंने पीठ को मामले में एक और संक्षिप्त हलफनामे के बारे में जानकारी दी। हलफनामे में कहा गया है कि यहां जिन भी मुद्दों पर बहस हो रही है, उन्हें पहले ही शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त समिति के संज्ञान में लाया जा चुका है। पैनल उस पर विचार भी कर रहा है। शीर्ष अदालत ने छह सितंबर को मणिपुर सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों से राज्य में 'सभी स्त्रोतों' से हथियारों की बरामदगी पर एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। अदालत का यह निर्देश पुलिस स्टेशनों से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद चोरी होने के मामले सामने आने के बाद आया।

**सुनवाई**
> 8 हथियारों की बारामदगी को लेकर स्टेटस रिपोर्ट मणिपुर सरकार ने शीर्ष अदालत में दाखिल कर दी

### पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू को नहीं मिली राहत

**टीम एक्शन इंडिया/विजयवाड़ा**
**विजयवाड़ा** में एसीबी कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम और टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू की रिमांड दो दिनों के लिए बढ़ा दी है। बता दें कि चंद्रबाबू नायडू को कथित 350 करोड़ रुपये के राज्य कौशल विकास निगम घोटाले को लेकर की गई थी। जिसके बाद उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री पर आरोप लगे हैं कि उनके शासन के दौरान यानी साल 2014 से लेकर 2019 के बीच आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम में घोटाले हुए हैं।

## सनातन धर्म विवादः उदयनिधि स्टालिन को 'सुप्रीम' नोटिस जारी


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने शुक्रवार को सनातन धर्म पर विवादित बयान देने को लेकर तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन को नोटिस जारी किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने यह जानकारी दी है। सनातन धर्म के विरोध में उदयनिधि और ए राजा के बयान के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने यह नोटिस जारी किया है। अदालत का कहना है कि वह



इस मामले को हेट स्पीच पर लंबित दूसरी याचिकाओं के साथ सुनेगी। जस्टिस जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने बी जगन्नाथ की तरफ से दायर याचिका पर नोटिस जारी किया। इन लोगों को भी शीर्ष अदालत ने जारी किया नोटिस शीर्ष अदालत ने उदयनिधि स्टालिन के साथ-साथ डीएमके सांसद ए राजा, आयोग के अध्यक्ष पीटर अल्फोंस और अन्य को भी नोटिस जारी किया है।

## वैवाहिक दुष्कर्म पर अक्टूबर में होगी सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/मणिपुर/नई दिल्ली**
**देश** में लगातार वैवाहिक दुष्कर्म के मामले बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे कई मामले सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुके हैं। इसी बीच, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह वैवाहिक दुष्कर्म के मुद्दे पर याचिकाओं को अक्टूबर के मध्य में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा। याचिका में कानूनी सवाल उठाया गया है कि क्या पति अपनी पत्नी के मर्जी के बिना यदि संबंध बनाता है, तो उसे दुष्कर्म के श्रेणी में रखा जाना चाहिए या नहीं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़



और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील करुणा नंदी की दलीलों पर ध्यान दिया कि याचिकाओं पर सुनवाई की जरूरत है। पीठ ने कहा, "हम संविधान पीठ की सुनवाई के बीच में हैं। संविधान पीठ के मामले समाप्त होने के बाद हम इसे सूचीबद्ध कर सकते हैं।" साथ ही पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अन्य वकीलों से पूछा कि उन्हें अपनी दलीलें आगे बढ़ाने में कितना समय लगेगा।
**अक्टूबर मध्य में होगी सुनवाई:)** सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, "मुझे दो दिन लगेंगे, क्योंकि मुद्दे के सामाजिक प्रभाव हैं।" याचिकाकर्ताओ के एक वकील ने कहा कि वे तीन दिनों तक बहस करना चाहेंगे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने चुटकी लेते हुए कहा, "तो फिर इसे अगले साल अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है।"

**विवादित बयान** सांसद दानिश की आवाज सुनते ही बिधूड़ी भड़क गए और उन्हें उग्रवादी और आतंकवादी के साथ-साथ कई आपत्तिजनक शब्द बोले

## बिगड़े बोल पर चौतरफा घिरे सांसद रमेश बिधूड़ी, नोटिस जारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा ने बस**पा सांसद दानिश अली के खिलाफ असंसदीय भाषा के इस्तेमाल के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर पार्टी सांसद रमेश बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसकी जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। संसद के विशेष सत्र में विभिन्न चर्चाओं के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच जमकर बहस हुई। इस बीच बीते दिन लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता पर जब चर्चा हो रही थी तो भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली पर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिस पर हंगामा मच गया। रमेश बिधूड़ी ने अपना भाषण देते समय कहा कि पीएम को क्रेडिट देना ही होगा, क्योंकि उन्होंने काम किया है। इस बीच सांसद दानिश की आवाज सुनते ही बिधूड़ी भड़क गए और उन्हें उग्रवादी और आतंकवादी के साथ-साथ कई आपत्तिजनक शब्द बोले।
**सांसद दानिश अली ने लोकसभी स्पीकर को लिखा पत्र:** संसद के विशेष सत्र के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली को अपशब्द कहे थे। जिसके बाद इस बयान को लेकर बवाल मच गया है।



बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने का अनुरोध किया है। बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर कहा- मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस मामले को जांच और रिपोर्ट के लिए लोकसभा की प्रक्रिया और कामकाज के संचालन के नियमों के नियम 227 के तहत विशेषाधिकार समिति को भेजा जाए।
**ओम बिरला ने दी चेतावनी:** सदन में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की आपत्तिजनक टिप्पणियों पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताई है और भविष्य में ऐसा व्यवहार दोहराए जाने पर उन्हें कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बता दें कि बिधूड़ी द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के तुरंत बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में खेद जताया था। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी रमेश बिधूड़ी के बयान की निंदा की। जयराम रमेश ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माफी मांगी है, लेकिन वो काफी नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस भाषा का इस्तेमाल संसद के अंदर या बाहर नहीं किया जाना चाहिए।

**मुश्किल मे...**
> 8 अली ने स्पीकर बिरला को पत्र लिखकर मामले को विशेषाधिकार समिति को भेजने का अनुरोध किया

# डीएवी स्कूल चंबा में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक खेल प्रतियोगित का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**डीएवी पब्लिक** स्कूल चंबा के प्रांगण में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसी खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, यह खेलकूद प्रतियोगिताएं 21 सितंबर से 23 सितंबर तक चलेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया के कर कमलों तथा ध्वजारोहण व डीएवी गान के साथ किया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय में विभिन्न प्रकार की खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नर्सरी कक्षा से लेकर दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर




भाग लिया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने नौनिहाल खेलों को लेकर बहुत ही उत्साहित और प्रसन्नचित्त थे। इसके अंतर्गत फुटबॉल मैच, क्रिकेट मैच, 50 मीटर दौड़, बैलून रेस, थ्री लेग रेस, फ्रॉग रेस, बुक बैलेंस रेस, बिस्किट रेस, हिट द टारगेट खेल, लेमन रेस, बैलून प्रीकींग, म्यूजिकल चेयर, इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया। बैलून प्रीकींग खेल प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी के रिहाब, तायशा और वृतिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिट द टारगेट खेल में कक्षा एलकेजी के जीविशा, रियाँश और कार्तिक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं म्यूजिकल चेयर में कक्षा यूकेजी के अदिरा, अर्शिता और शिवाँश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। थ्री लेग रेस में वैशाली-वैष्णवी, जानवी-कनिका व सलिल-अनमोल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 50 मीटर रेस में प्रतीक, कृषिव व सभ्य ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें भविष्य में ऐसे ही कई प्रकार के खेलों में बढ़-चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों को कहा कि खेलों से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए अगर हम पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी विशेष रूचि रखेंगे तो हमारा तथा हमारे देश का विकास होगा और हम स्वस्थ और निरोग रहेंगे। प्रधानाचार्य ने विजेता छात्र-छात्राओं को टी-शर्ट और सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया।

# वोटर चेतना अभियान से जागरुक होगा नव मतदाताः नरेंद्र अत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**आज भारतीय** जनता पार्टी जिला हमीरपुर की जिला स्तरीय वोटर पुनरीक्षण कार्यशाला का पक्का प्रो. हमीरपुर में हुई कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई इसमें मुख्य रूप से प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए नरेंद्र अत्री जिला अध्यक्ष राज शर्मा महामंत्री राकेश ठाकुर अजय रिंटू व उपाध्यक्ष अभय वीर सिंह लवली ने दीप प्रजनन कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

**जिला वोटर पुनिरीक्षण कार्यशाला हमीरपुर में बोले भाजपा प्रदेश सचिव**

जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए प्रदेश सचिव व कार्यक्रम के प्रदेश सहसयोजक नरेंद्र



अत्री का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि वह प्रदेश सचिव बनने के बाद औपचारिक रूप से पहली बार हमीरपुर कि इस कार्यशाला में उपस्थित हुए हैं। देशराज शर्मा ने जिला स्तरीय वोटर पुनरीक्षण कार्यशाला में कहा कि इसकी विस्तृत जानकारी प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्रि देंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा दोनों महामंत्री राकेश ठाकुर अजय रिंटू उपाध्यक्ष अभी वीर सिंह लवली सभी पांचो मंडलों के अध्यक्ष व महामंत्री वह सभी मंडलों से पांच पांच कमेटी सदस्य गजन राम शर्मा होशियार सिंह इट से विकास कान्हा वजीला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा उपस्थित रहे।

## ईसपुर के 22 वर्षीय युवक को सांप ने काटा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। उपमंडल हरोली** के तहत ईसपुर में 22 वर्षीय युवक को सांप ने काट लिया हैं। जिसे गंभीर हालत में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया है। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर जांच करनी शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक विशाल पुत्र राज कुमार निवासी ईसपुर वीरवार देर रात्रि घर पर मौजूद था। इस दौरान सांप ने काट लिया। तबीयत खराब होने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल ले गए। यहां से विशाल को उपवार के क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया गया। यहां पर युवक उपचारधीन हैं। एसपी ऊना अर्जित सेन ने कहा कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही हैं।

# बट्ट एजुकेशनल संस्थान ने मणिमहेश यात्रियों के लिए आयोजित किया भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/ हामिद**

**जिला चंबा** की सुप्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा दौरान मणिमहेश यात्रियों हेतू जिला भर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए जा रहे भंडारों के क्रम में शुक्रवार को बट्ट आईटीआई एवं बट्ट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बोंखरी मोड़ बनीखेत के द्वारा मणिमहेश यात्रियों हेतू संस्थान परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्थान परिसर में सुबह सात बजे से लेकर शाम आठ बजे तक मणिमहेश यात्रियों व स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। संस्थान के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने बताया कि मणिमहेश यात्रा




न केवल जिला चंबा बल्कि समूचे प्रदेश व देश के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिला चंबा में हिंदू मुस्लिम भाईचारे की हमेशा से मिसाल दी जाती रही है और ऐसे में आपसी सोहार्द के मद्देनजर इस उत्सव के तहत संस्थान में शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने भंडारे को सफल बनाने में सहयोग देने पर संस्थान के प्रशिक्षुओं व स्टाफ सदस्यों का आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि बट्ट एजुकेशनल संस्थान जिला के युवाओं को व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने के साथ जिला में हिंदू मुस्लिम भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए हमेशा से ही अग्रणी रहता है और मुस्लिम समुदाय के पर्वों के साथ हिंदू त्योहारों को भी बढ़-चढकर मनाते हुए हिंदू मुस्लिम एकता को बनाए रखने में अपनी विशेष भूमिका निभाता आ रहा।

संस्थान के चेयरमैन परवेज अली बट्ट का कहना है कि इश्वर अल्लाह एक हैं और मानवता की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है और मानवता की सेवा के लिए हमें हमेशा आगे रहना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### वामनद्वादशी मेले के लिए कलाकारों ने दिए ऑडिशन



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। आगामी 26 से 28 सितम्बर** तक सरांहा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेले के दौरान प्रस्तुत किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आज गुरूवार को सरांहा में कलाकारों के ऑडिशन लिये गये।एसडीएम एवं सदस्य सचिव राज्य स्तरीय वामनद्वादशी मेला समिति डा. संजीव धीमान ने बताया कि मेले के दौरान आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए गठित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन सामिति द्वारा कलाकारों के आडिशन लिये गए जिसमें बेहतरीन कलाकारों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए अभी तक लगभग 130 कलाकारों ने आवेदन किया है। मेले के दौरान अच्छे और स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तुत करने के उददेश्य और समय सीमा की दृष्टि से केवल 40-45 कलाकारों को ही अपनी प्रस्तुतियां देने का अवसर दिया जायेगा।

### नगरपालिका से महिलाओं ने अपने बने सामान को बेचने के लिए स्टाल प्रदान करने का आग्रह किया




**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ। सोशल वेलफेयर** सोसायटी फॉर वूमेंस जिला सिरमौर समिति ने आज नाहन नगर पालिका परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर को एक ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने प्रशासन से निवेदन किया कि हमारी संस्था की महिलाएं जो आर्गेनिक खेती कर रही है और घर बैठे बहुत सी वस्तुओ का निर्माण कर रही है जैसे राखी, होली के रंग, गोबर से बने दिए, बांस की वस्तुएं, चीड़ के पत्तो से बनी वस्तुएं और भी बहुत कुछ जो बना रही है उनके लिए एक बाजार में स्टॉल दिया जाए जिससे उनकी वस्तुएं बिके और वे आत्मनिर्भर बने अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। बता दें केवल एक महिला नहीं बल्कि जिले से संबंधित सभी महिलाओं को आगे आने का मोका मिलेगा और महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुद्दढ़ होगी। इस अवसर पर आज सोसाइटी की प्रदेश उपाध्यक्ष साधना बर्मन, जिला की समिति के सदस्य उपाध्यक्ष रेखा ठाकुर, अनीता देवी, सुनीता शर्मा और अंजुबाला उपस्थित रहे।

### मनदीप कौर इंडियन नैशनल कांग्रेस (रेवोल्यूशन) महिला मोर्चा राज्या अध्यक्ष नियुक्त



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ। इंडियन** नैशनल कांग्रेस रेवोल्यूशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनु भाई व राष्ट्रीय संयोजिका मीना कुमारी द्वारा हमीरपुर से मनदीप कौर को राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राज्य अध्यक्षा नियुक्त किया गया है। यह दायित्व हासिल करने पर मनदीप कौर ने कहा है कि पार्टी हाई कमान द्वारा उन्हे जिस भरोसे के साथ यह जिम्मेवारी सौंपी गई है वह उसमे खरा उतरने मे कोई कमी वाकी नहीं छोड़ेगी। कांग्रेस के प्रती अपनी वफादारी व लगन द्वारा पूरी मेहनत से पार्टी को ऊंचा मुकाम दिलाने मे दिन रात एक कर देंगी।

# मुख्यमंत्री का आचरण युगों तक जनसेवा के लिए प्रेरणा स्रोत



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद** वशिष्ठ

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिला हमीरपुर के प्रवक्ता रोहित शर्मा ने प्रेस वार्ता में प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में विधानसभा में हिमाचल में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने हेतु प्रस्ताव को पारित करने के लिए प्रदेश सरकार को बधाई दी एवं आभार जताया। उन्होंने इस प्रस्ताव का विरोध करने पर विधानसभा से विरोध स्वरूप वॉकआउट करने पर नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायकों के रवैया के प्रति गहरा रोष जताया। पभाजपा नेताओं के इस कुकृत्य से भाजपा शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री मोदी, नड्डा, अनुराग का चेहरा बेनकाब हुआ है कि वे लोगों को बहलाने के लिए सिर्फ चुनावी जुमलों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्र सरकार ने राहत के नाम पर प्रदेश के लोगों के लिए एक फूटी कौड़ी भी जारी नहीं की है ना ही किसी मंच से आपदा प्रभावितों के लिए दो शब्द बोले हैं। इससे पता चलता है कि मोदी सरकार को ना तो आम हिमाचली की समस्याओं से न ही आम हिमाचली से कोई सरोकार है। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश सरकार का यह संकल्प है कि यदि केंद्र मदद नहीं भी करता है तो भी प्रदेश सरकार हर हालत में हर पीड़ित व्यक्ति को मदद पहुंचा कर राहत देगी। उनके इस फैसले का स्वागत करते हुए रोहित शर्मा ने कहा कि अब तक मुख्यमंत्री अब तक अत्यधिक जनहित फैसला ले चुके हैं जिससे उनकी लोकप्रियता अत्यधिक बढ़ी है। ये आजाद भारत के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने अपने परिवार की सारी जमा पूंजी जो लगभग रू 51 लाख थी को परिवार के साथ मुख्यमंत्री राहत कोष में दे दिए। उनका ये फैंसला आने वाली पीढि?ां को हमेशा जनसेवा के लिए प्रेरित करते रहेगा। महिलाओं को 33ः आरक्षण देने के फैसले का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तुरंत प्रभाव से इसे लागू करे ताकि यह भी कहीं चुनावी जुमला ना बन जाए ।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता नरेश ठाकुर, जिला महासचिव राजेश चौधरी, राकेश रानी, मनोहर लाल कानुगो, मनोज मनु और सुनील पप्पू उपस्थित रहे।

## मैहतपुर से सट्टा लगाते दो काबू, 14 हजार कर नकदी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**मैहतपुर** पुलिस ने स्थानीय बाजार व रायपुर में सट्टा लगाते दो युवकों को काबू किया हैं। पुलिस ने दोनों से करीब 14 हजार रुपये कर नकदी बरामद की हैं। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक मैहतपुर पुलिस वीरवार देर रात्रि स्थानीय बाजार में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस ने दवेंद्र कुमार निवासी बहाडाला को सट्टा लगाते काबू किया हैं। पुलिस ने दवेंद्र से 12 हजार 940 रुपये की नकदी बरामद की हैं।

# उपायुक्त ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने गत दिवस को अपने कार्यालय कक्ष में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक की। उन्होंने बैठक में जिला में सडक दुर्घटनाओं पर विस्तृत चर्चा की और परिवहन, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।उन्होंने पुलिस विभाग को नशे में गाड़ी चलाने, तेज गति से गाड़ी चलाना और ओवर लोडिंग पर अकुंश लगाने के आदेश दिए ताकि सडक सुरक्षा को कारगर बनाया जा सके और अमूल्य जानों को बचाया जा सके। उपायुक्त ने परिवहन विभाग को सडक सुरक्षा से



सम्बन्धित प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित करने के आदेश दिए और ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने पर बल दिया और संवेदनशील स्थानों पर क्रैश बैरियर स्थापित करने का आहवान किया जो कि उच्चतम न्यायालय के निदेर्शानुसार है।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को संवेदनशी स्थानों पर जिला में एम्बुलेन्स तैनात करने के निर्देश दिए ताकि दुर्घटना के समय तत्काल सहायता प्रदान की जा सके। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन सडक दुर्घटना के समय लोगों की मदद करने वाले स्वयंसेवियों को सम्मानित करेगा ताकि अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिल सके। बैठक में परिवहन, लोक निर्माण, स्वास्थ्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेघर करने के विरोध में परिवार सहित पदयात्रा पर निकली गिरिपार की महिला

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**राजकीय महाविद्यालय** संगड़ाह के समीप रहने वाली दलित महिला कमलेश देवी ने अपने परिवार के साथ एक प्रभावशाली कांग्रेसी नेता पर शामलात भूमि से उनका 70 साल पुराना कब्जा हटाने का आरोप लगाते हुए सरकार और जिला प्रशासन से उन्हें इन्साफ देने की मांग की। उक्त मांग को लेकर महिला ने पर्यावरणविद किंकरी देवी पार्क संगड़ाह से जिला मुख्यालय नाहन की करीब 65 किलोमीटर की पदयात्रा गाजे बाजे के शुरू की। देवी ने कहा कि उपमंडल संगड़ाह व सिरमौर जिला के गिरिपार में उनके जैसे दर्जनों दलित परिवारों को प्रभावशाली



लोगों द्वारा शामलात भूमि से बेघर किया जा रहा है, जिसके चलते उन्होंने यह आंदोलन शुरू किया।

उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन ने उनकी दर्जनों शिकायतों को अनसुना किया है, जिसके चलते अब गाजे-बाजे के साथ डीसी के दरबार में ज्ञापन देने जा रही है।

किंकरी देवी के समुदाय से संबंध रखने वाली कमलेश ने कहा कि आज वह केवल अपने परिवार के साथ यह जंग शुरू कर रही है, मगर आने वाले दिनों में पहले से इस मुद्दे को उठा रहे गिरिपार अनुसूचित जाति समिति व दलित शोषण मुक्ति मंच जैसे संगठनों से भी मदद की अपील करेगी। इस बारे एसडीएम संगड़ाह सुनील कायथ ने बताया कि महिला की ओर से प्रशासन को कोई शिकायत नहीं मिली है। पदयात्रा शुरू करने की जानकारी मीडिया से मिली है। इस मामले की गहनता से जांच कर महिला को न्याय देने का प्रयास करेंगे।

# कांग्रेस राज में ठेकेदारों की दादागीरी, अभियंता पर फेंका पानीः बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा की मंडी जिला के जोगिंदर नगर में हुई घटना ने सरकार की पोल खोल कर रख दी है।उन्होंने कहा की जिस प्रकार से लोक निर्माण विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर के कमरे में कांग्रेस के कुछ नेता दाखिल होते हैं, कमरे को अंदर से कुंडी लगा करके बंद कर देते हैं, उसे बड़े अफसर की घेराबंदी करते हैं और वहां पर बंद कमरे के अंदर क्या-क्या अश्लीलता होती हैं और किस प्रकार से अफसर के मुंह पर पानी फेंक कर उन्हें डराया धमकाया जाता है यह अति निंदनीय है। उन्होंने कहा की यह



घटना इस बात का द्योतक है की कांग्रेस राज में ठेकेदारों की दादागिरी किस कदर बड़ गई है, वर्तमान कांग्रेस सरकार के अंदर किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं रहा है। केवल भाई भतीजावाद सर चढ़ के बोल रहा हैं। एक सुपरिटेंडेंट इंजीनियर स्तर के

**साधा निशाना**

**8 वर्तमान कांग्रेस सरकार के अंदर कानून व्यवस्था पर किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं रहाः बिंदल**

अधिकारी की यह स्तिथि है तो जूनियर इंजीनियर और एसडीओ की क्या मजाल है कि वह कांग्रेस के नेताओं के सामने कुछ बोल सके, यह स्थिति अत्यंत दयनीय है, चिंता करने वाली है और प्रदेश के विकास के अंदर बाधक है।

उन्होंने कहा की पीडब्ल्यूडी के एक अधीक्षण अभियंता के साथ उनके ही ऑफिस में कांग्रेस के एक नेता ने घुसकर अपने ठेकेदारों के साथ उन्हें न केवल बंधक बनाया बल्कि उन पर पानी का जग भी फैंक दिया। इस घटना बारे अधीक्षण अभियंता ने इसकी शिकयत एसपी मंडी को भी को है जिसपर प्रशासन को कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। मामला जोगिंदर नगर का है। हमारी जानकारी के अनुसार जोगिंद्रनगर में एक कांग्रेस नेता ने अपने ठेकेदार समर्थकों के साथ लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को उनके कार्यालय में बंधक बनाकर रखा और इस बीच बहस में उन पर पानी का जग फैंक दिया जिससे माहौल काफी तनावपूर्ण रहा।

## डी-नोटिफाई कांग्रेस सरकार थोड़े समय की मेहमान

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

डी-नोटिफ ई कांग्रेस सरकार थोड़े समय की मेहमान सरकार है। कांग्रेस सरकार ने अपने 10 माह के कार्यकाल संस्थानों के डीनोटिफि केशन में ही व्यतीत कर दिए है। अब ऐसा समय आ गया है कि यह सरकार बहुत जल्द अपने आप ही डी-नोटिफ ई हो जाएगी। उक्त बात भाजपा प्रदेश महामंत्री त्रिलोक शिमला में आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए व्यक्त किए। कपूर ने उन्होंने कहा कि लगभग पिछले एक वर्ष से कांग्रेस सरकार सत्ता में है और कांग्रेस की सत्ता के इस काल खंड में जिस प्रकार से लचर कानून व्यवस्था, महंगाइ, आपदा में सेवा के अवसर पर भाई-भतीजावाद करना और झूठी गारंटियों के अपने बुने हुए जाल में फंस गई है।भाजपा नेता त्रिलोक कपूर ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार मूक दर्शक बनकर जनता की बदहाली का तमाशा देख रही है। उन्होंने बात चाहे झूठी गारंटियों की हो, डीजल में 7-0 की बढ़ौतरी की हो या चम्बा के सलूणी में दलित युवक मनोहर की नृशंस हत्या की हो, आज दिन तक न तो मुख्यमंत्री और न ही उनके राष्ट्रीय नेता जो पर्यटक बनकर शिमला घूमकर चले जाते हैं।

**Government of Himachal Pradesh**
**Public Works Department**
**e-PROCUREMENT NOTICE**
**INVITING FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer, Kullu Division HP. PWD. Kullu on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites the online bids on **percentage rates**, in electronic tendering system, in 2 cover System for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/Firms registered with HP.PWD. department.

| Sr. No. | Name of work | Name of Division | Estimated cost of the Work | Bid Security /EMD | Cost of Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Restoration of rain damages on Sainik Chowk (Bhuntar) to Manikaran Chowk (Hathithan) road Km.0/00 to 10/00 (SH:- Construction of RCC Retaining wall between RD 1/125 to 1/155). | Kullu Division HP.PWD Kullu. | 29,88,348/- | 60,000/- | 1,800/- | Two months |
| 2 | Restoration of rain damages on Sainik Chowk (Bhuntar) to Manikaran Chowk (Hathithan) road Km.0/00 to 10/00 (SH:- Construction of RCC Retaining wall between RD 1/155 to 1/185). | Kullu Division HP.PWD Kullu. | 29,91,988/- | 60,000/- | 1,800/- | Two months |
| 3 | Starting date of downloading Bid. | | 23.09.2023 | | | |
| 4 | Deadline for submission of Bid. | | 03.10.2023 | | | |
| 5 | Deadline for physical submission of Bid. | | 03.10.2023 | | | |
| 6 | Date of opening of Bid | | 04.10.2023 | | | |

Bidders documents can be downloaded from the website http://hptenders.gov.in. The documents downloaded from the site should not be tampered, and if any such tampering is detected before or after the opening of bids, the bidder shall be penalized and black listed.

Other terms and condition shall remain same as given in the bid document.

**Terms & Conditions:-**
1. Scanned copy of Registration/ Enlistment with HP.PWD. department.
2. Scanned copy of PAN/TIN & Income Tax clearance certificate.
3. Scanned copy of work done certificate of similar nature of work and authentication of ownership of machinery required for above works.
4. Scanned copy of Earnest Money and Cost of Form.
5. Scanned copy of Affidavit regarding genuineness and correctness of document attached.
4. The rates beyond over +5% will be rejected, besides this the Additional Performance security will have to borne @ 20% & 30% for unbalanced bid in case rates is lower than 10% but upto 20% & lower than 20% upto 30% respectively. The tender beyond the limit of -30% will also be excepted.

R.O.N-2845/2023-2024

**Executive Engineer,**
**Kullu Division,**
**HP.PWD,Kullu.**

# हिमाचल प्रदेश में मुख्य संसदीय सचिव व संसदीय सचिव का पद संवैधानिक नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**



**हिमाचल प्रदेश** में मुख्य संसदीय सचिव व संसदीय सचिव का पद संवैधानिक नहीं है। प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शुक्रवार को सदन में दी अपनी व्यवस्था में कहा कि मुख्य संसदीय सचिव व संसदीय सचिवों की नियुक्ति विधानसभा द्वारा बनाए गए कानून के तहत हुई है। उन्हें संबंधित विभाग के मंत्री की मदद करने के लिए नियुक्त किया जाता है। इसलिए उन्हें को. मिनीस्टर का स्टेटस नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्य संसदीय सचिव और संसदीय सचिव क्योंकि प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई सुविधाएं भोग रहे हैं ऐसे में उन्हें सरकार से सवाल पूछने का भी अधिकार नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष ने यह व्यवस्था शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा एक मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी द्वारा प्रश्नकाल के दौरान अपनी ही सरकार से सवाल पूछे जाने के बाद उठाया। विधानसभा अध्यक्ष ने अपनी इस व्यवस्था के बाद उस सवाल को भी सदन की कार्यवाही से निकाल दिया जो संजय अवस्थी ने पूछा था। इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष द्वारा यह मुददा उठाए जाने के बाद अपना फैसला आज दोपहर बाद के लिए सुरक्षित रख दिया था। सदन में यह मुददा उठाए जाने के बाद मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि मुख्य संसदीय सचिव का पद संवैधानिक पद बिल्कुल नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान के मुताबिक किसी भी प्रदेश के मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या विधायकों की कुल संख्या के 12 फ ीसदी से ज्यादा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि मुख्य संसदीय सचिव अपने वाहन पर तिरंगे झंडे अथवा अन्य सुविधाओं का भी उपयोग नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि विधानसभा द्वारा पारित मुख्य संसदीय सचिव और संसदीय सचिव कानून के अनुसार कोई भी मुख्य संसदीय सचिव या संसदीय सचिव फाइल पर सुझाव के रूप में नोटिंग कर सकता है लेकिन उसपर निर्णय लेने का अधिकार मंत्री के पास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य संसदीय सचिव व संसदीय सचिव के पद का सृजन हाई कोर्ट के निर्णय के बाद वर्ष 2003 में किया गया था। इन पदों का सृजन चीफ व्हिप और व्हिप की तर्ज पर किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार में फाइलें निर्धारित प्रक्रिया के तहत गुजरती हैं और ऐसे में सीपीएस भी अपने विभाग से संबंधित फाइलों को देख सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य संसदीय सचिवों द्वारा अपने वाहन पर तिरंगा झंडा लगाने और पायलट या एस्कॉर्ट जैसी सुविधा का इस्तेमाल करने को लेकर कोई जानकारी नहीं है। अगर विपक्ष इस संबंध में कोई सुबूत देता है तो उसपर विचार किया जाएगा इससे पूर्व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज प्रश्नकाल के बाद प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के माध्यम से मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी द्वारा अपनी ही सरकार से सवाल पूछे जाने का मामला उठाया। जयराम ठाकुर ने दलील दी कि मुख्य संसदीय सचिव चूंकि कैबिनेट मिनीस्टर के समान ही सुविधाएं भोग रहे हैं और न केवल सरकारी कार्यालयों का प्रयोग कर रहे हैं बल्कि फाइलों पर भी ऑर्डर कर रहे हैं। ऐसे में किसी भी मुख्य संसदीय सचिव व संसदीय सचिव को अपनी ही सरकार से सवाल पूछने का अधिकार नहीं है।

## महापौर, उप-महापौर समेत नगर निगम शिमला के सभी पार्षदों ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**



**गत दिवस** को पूर्वाह्न 10:30 बजे नगर निगम शिमला के महापौर, उप-महापौर समेत मनोनीत व चयनित सभी नगर निगम पार्षदों ने हिमाचल प्रदेश विधान सभा पहुँच कर विधान सभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां से मुलाकात करने के बाद आज सदन में आज होने वाली कार्यवाही को देखा। मुलाकात के दौरान पठानियां ने सभी नगर निगम के सदस्यों को विधान सभा की कार्यप्रणाली ई-विधान तथा सदन संचालन की प्रक्रिया बारे जानकारी दी। पठानियां ने कहा कि जिस तरह से आज के छात्र युवा तथा पंचायत व नगर निगम स्तर पर के चुने हुए पदाधिकारी सदन की कार्यवाही देखने आ रहे हैं। यह अपने आप में महत्वपूर्ण है तथा स्वागत योग्य है। पठानियां ने कहा कि लोक सभा विधान सभाएं ऐसी संस्थाएं हैं जहाँ पर चुने हुए सदस्य आने गांव, निर्वाचन क्षेत्र तथा जिला व प्रदेश की समस्याओं को उठाते हैं तथा सार्थक चर्चा के माध्यम से उसका समाधान निकलता है। पठानिया ने कहा कि अब हम ई-निर्वाचन क्षेत्र प्रबन्धन की तरफ बढ़ रहे हैं जिससे कार्य में पारदर्शिता तथा कार्यकुशलता आ रही है। उन्होंने कहा कि अविलम्ब ही कार्य सुगमता के साथ हो रहे हैं तथा आमजन का सीधे अपने जन प्रतिनिधि तथा अधिकारियों से सम्पर्क हो रहा है। उन्होने सभी पार्षदों से आग्रह किया है कि वे सदन की कार्यवाही देखने का भरपूर लाभ उठाएं तथा लोकतान्त्रिक व्यवस्था को मजबूत करने में अपना सहयोग दें।

## न्यूज फ्लैश

### पार्वती हॉस्पिटल में 24 से 26 सितंबर तक उपलब्ध रहेंगे डॉक्टर निपुण राणा

**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ। हमीरपुर**




सर गंगा राम हॉस्पिटल दिल्ली की तर्ज पर बने पार्वती हॉस्पिटल में आर्थोपेडिक परामर्श और सर्जरी के लिए डॉक्टर निपुण और राणा से 24 से 26 सितंबर तक हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे। पार्वती हॉस्पिटल में कार्यरत बीना सिंह ने बताया कि सर्जरी, चेकअप व परामर्श के लिए लोग पार्वती हॉस्पिटल से संपर्क कर सकते हैं। बीना सिंह ने बताया कि उपरोक्त तिथियों से पहले सर्जरी की बुकिंग करवा सकते हैं। 25 सितंबर को डॉक्टर साहब विशेष रूप से सर्जरी के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए आप लोग पार्वती हॉस्पिटल टोणी देवी रोड दम्मी दशमल में जानकारी ले सकते हैं।

### मुख्यमंत्री की माता ने आपदा राहत कोष में किया अंशदान

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा। प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न संकट की इस घड़ी में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की माता संसार देवी ने आपदा राहत कोष में 50 हजार रुपये का योगदान दिया है।मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सभी क्षेत्रों के लोग उदारतापूर्वक दान देने के लिए आगे आ रहे हैं और उनका निःस्वार्थ योगदान निःसंदेह प्रदेश के आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि अब तक आपदा राहत कोष में 180 करोड़ रुपये से अधिक अंशदान प्राप्त हुआ है। उन्होंने इस कोष में अंशदान करने वाले सभी व्यक्तियों, सरकारी कर्मचारियों, विभिन्न संगठनों और राज्य सरकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री ने हाल ही में एक मिसाल पेश करते हुए राज्य में जारी राहत एवं पुनर्वास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए निजी जमापूंजी से 51 लाख रुपये आपदा राहत कोष में दान दिए हैं।

### रामपुर सडक हादसे में घायल व्यक्ति की हुई मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना ऊना** के तहत रामपुर सडक हादसे में घायल व्यक्ति की साढ़े तीन माह के उपचार के बाद पीजीआई चंडीगढ़ में मौत हो गई हैं। मृतक व्यक्ति की पहचान अरुण भारद्वाज पुत्र रामपाल निवासी लमलेहड़ा के रुप में हुई हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं मामले को लेकर जांच शुरू कर दी हैं। जानकारी के मुताबिक अरुण भारद्वाज पुत्र राम पाल निवासी लमलेहड़ा बीते साढे तीन माह पहले किसी निजी काम के चलते हरोली गया था। घर वापिस आते समय रामपुर पुल पर स्कूटी के आगे एक आवार कुत्ता आ गया। डीएसपी ऊना अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दी है। वहीं अगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### ननावीं में दुकानदार से मारपीट, बाप-बेटे पर मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। पुलिस थाना** बंगाणा के तहत ननावीं में पुरानी रंजिश के चलते दुकानदार से मारपीट हुई है। मारपीट में एक व्यक्ति को मामूली चोटें पहुंची है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बाप-बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मदन लाल निवासी तनोह ने बताया कि शुक्रवार सुबह अपनी दुकान पर अपने बेटे अमित शर्मा के साथ मौजूद था। इसी दौरान सुभाष चंद व उसका बेटा ननू मेरी दुकान पर आए, जो कि पुरानी रंजिश को लेकर बहसबाजी करने लगे। इतनी देर में सुभाष चंद ने गुस्से में आकर मारपीट करने लगे तथा धक्का मारकर नीचे गिरा दिया।

## उप-मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया अंशदान



टीम एक्शन इंडिया/शिमला
उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल प्रदेश प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति कर्मचारी संघ की ओर से मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को गत दिवस को मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 16.73 लाख रुपये की राशि प्रदान की।मुख्यमंत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए उनका धन्यवाद किया और कहा कि इस तरह के योगदान संकट की घड़ी में जरूरतमंदों की मदद करने में सहायक सिद्ध होंगे।इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, हिमाचल प्रदेश प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समिति कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा, महासचिव रजनीश कुमार गुलेरिया और संघ के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



महापौर, उप-महापौर समेत नगर निगम शिमला के सभी पार्षदों ने देखी हिमाचल प्रदेश विधानसभा की कार्यवाही, कार्यवाही देखने से पूर्व विधान सभा अध्यक्ष ने सभी को आज सदन होने वाली कार्यवाही से अवगत करवाया।

## महिला आरक्षण बिल पास होने पर जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/ मंर्डी/ खेमचंद शास्त्री**



**महिलाओं को लोकसभा** व विधानसभा में आरक्षण देने के लिए लोकसभा व विधानसभा से महिला आरक्षण बिल ध्वनि मत से पारित होने पर पूर्व में रही देश की सबसे कम उम्र की पंचायत प्रधान एवं प्रदेश स्तरीय समाजसेवी संस्था ओरिएंटल फ ाउंडेशन की संस्थापक जबना चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों का आभार व्यक्त किया है जिन्होंने इस बिल को बिना शर्त लोकसभा व राज्यसभा में पारित करने में अपना सहयोग दिया है। जबना चौहान ने कहा कि देश की आधी आबादी को लोकसभा व विधानसभा में आरक्षण दिलाने के लिए लंबे समय से लड़ाई चल रही थी मगर कई दशकों उपरांत अब जाकर यह बात सिरे चढ़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तरीय समाजसेवी संस्था ओरिएंटल फ ाउंडेशन ने भी समय समय पर महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की थी तथा प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं के लिए 33ः प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है। नए संसद भवन में पहला बिल महिला आरक्षण बिल के रूप में लाया गया जिस पर सभी विपक्षी दलों ने सहमति जताई यह इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

## पुबोवाल चौक में दो युवकों से मारपीट, पांच के खिलाफ मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। थाना हरोली** के तहत पुबोवाल चौंक में दो युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट दोनों युवक घायल हुआ है। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर पांच के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रोहित सिंह निवासी पोलियां बीत ने बताया कि वीरवार देर शाम अपने दोस्त साथ पुबोवाल चौंक पर मौजूद था, तो रविंद्र सिंह उर्फ हनी, दविंद्र सिंह उर्फ लाड़ी, निर्मल सिंह उर्फ निम्मा, दलविंद्र उर्फ काडू व तोतू निवासी बिलना ने दोनों के साथ मारपीट की।

## सरकार की नाकामियों को लेकर 25 सितंबर को विधानसभा घेराव किया जाएगा: अरविंद चंदेल



**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**जिला भाजपा** अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने कुल्लू में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों को लेकर 25 सितंबर को विधानसभा में बड़े स्तर पर घेराव किया जाएगा और इसके लिए कुल्लू जिला से सैंकड़ों कार्यकर्ता शिमला जाएंगे। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से ही 650 लोगों ने इस घेराब में जाने के लिए हामी भरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार को बने हुए 10 महीने से अधिक का समय हो चुका है लेकिन सरकार अपनी गारंटियों को धरातल पर उतारने में नामाक रही है। इतना ही नहीं प्राकृतिक आपदा से निपटने में भी प्रदेश की कांग्रेस सरकार नाकाम साबित हुई है। दो महीने बीत जाने के बाद भी सडकें ठीक से बहाल नहीं हो पाई है और लोगों को राहत देने के वजाय सरकार उल्टे फैसले लेने को उतारू है। प्रदेश में इस तरह की आपदा के दौरान क्रशर बंद कर दिए गए हैं जिससे न केवल निर्माण कार्य प्रभावित हुए हैं बल्कि इससे रिपेयर वर्क चाहे निजी क्षेत्र में हो या फि र सरकारी क्षेत्र में सभी कार्य प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि वैसे भी कुल्लू जिला में स्थापित क्रशन ब्यास नदी के वेसिन में नहीं है बल्कि इससे दूर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू में अभी तक जनजीवन सामान्य नहीं हो पाया है लेकिन अधिकारियों को वर्तमान सरकार ने दशहरा उत्सव की तैयारियों में लगा रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि इतना ही नहीं इस बार दशहरा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखने के भी पांच सौ रुपए वसूल किए जाएंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वर्तमान की यह सरकार महिलाओं से किए गए वादे के

## 'महिला आरक्षण बिल को मंजूरी मोदी सरकार का मातृशक्ति को नायाब तोहफा'

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**



**भाजपा महिला** मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तथा छत पंचायत से पूर्व प्रधान ऊषा ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण बिल को ऐतिहासिक करार देते हुए इसे आधी आबादी के लिए नायाब तोहफ ा करार दिया है। प्रैस को जारी बयान में ऊषा ठाकुर ने कहा कि लोक सभा और राज्य सभा में 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को मिलने के प्रस्ताव पर मुहर लगना महिलाओं के स्वाभिमान की जीत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा इस बिल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम देना ही भाजपा की महिलाओं के प्रति आदर सम्मान की सोच को दशार्ता है। ऊषा ठाकुर ने कहा कि इस विधेयक में प्रावधान है कि लोकसभा दिल्ली विधानसभा और सभी राज्यों के विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। जिसके तहत महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित होंगी। इस ऐतिहासिक बदलाव के बाद से सक्रिय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेंगी। उन्होने कहा कि महिला आरक्षण बिल इस बिल में लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई है। इसे 128वें संविधान संशोधन विधेयक के तहत पेश किया गया है। इस संशोधन के बाद लोकसभा में एक तिहाई भागीदारी महिलाओं की होगी। इस विधेयक से महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलने के साथ ही आधी आबादी के प्रतिनिधित्व को बढ़ावा मिलेगा। उन्होने कहा कि लोकसभा और दिल्ली विधानसभा की तर्ज पर ही देश के सभी राज्यों के विधानसभाओं में भी ये बदलाव लागू होगा। जैसे लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित हो जाएंगी।

# पूर्व सरकार ने चुनावी वर्ष में प्रचार पर खर्च डाले 16,261 करोड़

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**




**साधा निशाना**

**8 प्रगतिशील हिमाचल के कार्यक्रम में लोगों को ले जाने व वापस लाने पर भी करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाए**

**प्रदेश सरकार** द्वारा लाए गए श्वेत पत्र ने पूर्व सरकार की पोल खोल कर रख दी है। श्वेत पत्र से कांग्रेस के पास विपक्ष को घेरने का बड़ा मुद्दा हाथ लगा है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा है कि पूर्व सरकार ने जनता के विकास के बजाए अपने प्रचार में धन वर्षा की है। उन्होंने कहा कि चुनावी वर्ष में 16,261 करोड़ की धन राशि का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने कहा कि अंतिम वर्ष में पूर्व सरकार ने जनमंच पर 7 करोड़ रुपए का भोजन परोसा। जबकि अमृत योजना पर 7 करोड़ रुपए खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने स्थापना दिवस पर 28 करोड़ रुपए के सिर्फ तंबू गाढ़े और खुलकर सरकारी धन बहाया। इसके अलावा प्रगतिशील हिमाचल के आयोजन पर 20 करोड़ रुपए उड़ाए गए। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील हिमाचल के कार्यक्रम में लोगों को ले जाने व वापस लाने पर भी करोड़ों रुपए पानी की तरह बहाए और आज भी एचआरटीसी के आठ करोड़ रुपए देने बाकी है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में इन्वेस्टर मीट आयोजन के लिए 26 करोड़ रुपए सिर्फ तंबू लगाने पर खर्च किए गए और इनपुट शून्य रही। उन्होंने कहा कि सरकार ने दावा किया था कि इस इन्वेस्टर मीट से प्रदेश को फ ायदा होगा और सैंकड़ों इन्वेस्टर प्रदेश में आएंगे लेकिन वह योजना सिर्फ धन खर्चने तक ही सिमटी। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि कर्मचारियों को जो डीए की किस्त की घोषणा की थी वह कर्मचारियों को नहीं दी और 10 हजार करोड़ कर्मचारियों के पेंडिंग रखे। उन्होंने कहा कि इतनी धन राशि का दुरुपयोग करके पूर्व सरकार सत्ता को फि र हथियाना चाहती थी लेकिन प्रदेश की प्रवुध जनता को मालूम था कि प्रदेश सरकार प्रचार पर धन लुटा रही है जबकि धरातल पर कोई कार्य नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष बड़ी-बड़ी बातें कर रहा है लेकिन जनता को सब मालूम है कि पूर्व सरकार की क्या करतुते रही। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा में सरकार आपदा बिल पास कर रही थी तो भाजपा के विधायकों व प्रतिपक्ष के नेताओं ने उसमें न तो वोट किया और न ही स्पोट किया न ही इनकार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रभावितों के जले जख्मों पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कह रही है कि विधानसभा का घेराव होगा। लेकिन उन्हें नहीं मालूम कि 2024 में जनता भाजपा का घेराव करने बाली है।

## मुख्यमंत्री 24 सितंबर को शिमला से जारी करेंगे कुल्लू दशहरा का कर्टन रेजर : सुंदर ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**



**दशहरा की तैयारियों** का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान रथ ग्राउंड, जिला आयुर्वेदिक अस्पताल के निकट हिडम्बा माता के बैठने के स्थान, प्रदर्शनी मैदान, खेल मैदान का निरीक्षण किया।उन्होंने नगर परिषद कुल्लू व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इन स्थलों पर किये जा रहे कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते कहा कि इस वर्ष कुल्लू दशहरा का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। सीपीएस ने कहा कि 24 अक्टूबर 2023 को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा समिति की बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें सभी सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्य भाग लेंगे।

# आउटसोर्स कर्मचारियों को विपक्ष का साथ, विधानसभा में हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** के आउट सोर्स कर्मचारियों को विपक्ष का साथ मिल गया है। प्रदेश की सुक्खू सरकार द्वारा इन कर्मचारियों की नौकरी से छुट्टी किये जाने के मुद्दे पर आज विधानसभा में विपक्षी दल भाजपा ने जोरदार हंगामा किया और फिर सदन से वाकआउट भी किया। विपक्ष ने ये वाकआउट आउटसोर्स कर्मचारियों के मुद्दे पर नियम 67 के तहत काम रोको प्रस्ताव को अनुमति नहीं दिए जाने के विरोध में किया। सदन में ये मुद्दा भाजपा के रणधीर शर्मा ने सदन की कार्यवाही आरम्भ होते ही पॉइंट ऑफ आर्डर के माध्यम से उठाया। इस मुद्दे पर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच काफ ी देर तक जोरदार नोक झोंक हुई।भाजपा ने इस मसले पर चर्चा के लिए नियम-67 के तहत काम रोको प्रस्ताव का नोटिस विधानसभा अध्यक्ष को दिया था। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने काम रोको प्रस्ताव का मामला उठाया और कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग में नियुक्त आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरी का उल्लेख करते हुए इस पर तुरंत चर्चा की मांग की। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इसे यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि इस विषय पर विधायकों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में प्रदेश सरकार की ओर से पहले ही सूचना आ चुकी है। इसके अलावा नियम-130 और नियम-63 में भी विधायकों की तरफ से चर्चा के लिए प्रस्ताव लगे हैं। ऐसे में सदन के नियमों के अनुसार स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा करवाने का कोई औचित्य नहीं है। इससे विपक्षी सदस्य नाराज हो गए और उन्होंने नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट कर दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विपक्ष के वॉकआउट की आलोचना की और कहा कि सुर्खियों में रहने के लिए विपक्ष ने वाकआउट किया है और विपक्ष सदन में गंभीर नजर नहीं आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों की नौकरी को लेकर विपक्ष झूठ बोल रहा है। कोरोना काल में स्वास्थ्य विभाग में सेवारत कर्मचारियों को छह महीने से वेतन नहीं मिलने के विपक्ष के आरोप तथ्यों से परे हैं। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों को 30 जून तक का वेतन दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने इन कर्मचारियों को दो बार तीन-तीन महीने का सेवा विस्तार दिया है। अब तक इन्हें 30 सितंबर तक सेवा विस्तार मिला है। इन कर्मचारियों के विस्तार की फ इल वित्त विभाग को गई है। ऐसे कर्मचारियों की लंबित सैलरी भी जल्द जारी कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जरूरत के हिसाब से ऐसे आउटसोर्स कर्मचारियों को अस्पतालों में रखा जाएगा। ऑप्रेशन थिएटर, वॉर्ड ब्वाय या अन्य स्थानों पर जरूरत के हिसाब से आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाओं को लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार रोजगार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और आउटसोर्स कर्मचारियों को लेकर कानून के दायरे में रहकर काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को लेकर विपक्ष झूठ बोलकर गुमराह कर रहा है। उन्होंने कहा कि गीता में लिखा है जो झूठ बोलता है पाप उसे लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष बिखरा बिखरा सा नजर आ रहा है।



**श्वेत पत्र गलत है तो प्रिविलेज मोशन लाए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पहली बार इतनी भीष्ण आपदा आई। तीन दिन चर्चा चली लेकिन 12000 करोड रुपए के विशेष पैकेज के लिए विपक्ष में अपना समर्थन नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के कुछ विधायक चाहते थे और कुछ नहीं। नेता प्रतिपक्ष तभी से बौखलाए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल उपमुख्यमंत्री जो श्वेत पत्र लेकर आए वह पूरी तरह से वास्तविक है। उन्होंने कहा कि अगर यह गलत है तो विपक्ष प्रिविलेज मोशन लेकर आए।

**छह महीने से नहीं मिला वेतन**

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि 10 हजार के करीब आउटसोर्स कर्मचारी सडकों पर है। दो हजार आउटसोर्स कर्मचारी तो अकेले स्वास्थ्य विभाग से हटाए गए। उन्होंने कहा कि जिन्होंने कोरोना काल में अपनी जिंदगी को जोखिम में डालकर काम किया, उन्हें बाहर किया जा रहा है।

कोरोना काल में जब स्वजन भी अपनों से मिलना नहीं चाह रहे थेए तब इन्होंने लोगों की सेवा की। अब वर्तमान सरकार इनके साथ अन्याय कर रही है। इन कर्मचारियों को छह महीन से वेतन नहीं मिला है। एक ओर सरकार बेरोजगारों को पांच लाख नौकरियों की गारंटी कर रही है तो दूसरी ओर जिन्होंने अपने जीवन को जोखिम में डालकर जिंदगियां बचाई, उन्हें नौकरी से हटाया जा रहा है। इससे पूर्व रणधीर शर्मा ने कहा कि पहले ही बेरोजगारी चरम पर है। जो लोग आउटसोर्स पर लगे हैं उन्हें निकाल कर बेरोजगार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता में रोजगार देने के नाम से आई हैं। आउटसोर्स कर्मचारी धरने पर बैठे हैं। बीते रोज ये मुख्यमंत्री से भी मिले। सीएम ने भी इन्हें स्वास्थ्य मंत्री से मिलने का ही आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इनको निकाले जाने से विभागों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। जल शक्ति विभाग में आउटसोर्स को नौकरी से निकालने के बाद लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। अब स्वास्थ्य विभाग में भी ऐसा ही होने जा रहा है।

## संविधान से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा संयुक्त संघर्ष मोर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**जिले के घुमारवीं** में संपन्न हुई अनुसूचित जातिए जनजातिए अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक में पारित प्रस्तावों की जानकारी देते हुए मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं सेवानिवृत डीएसपी सीताराम कौंडल ने बताया कि कुछ विशेष लोगों द्वारा संविधान को बदलने की बात की जा रही है, जो संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, बिना जाति भेद के सबको शिक्षा के समान अधिकार, धर्मनिरपेक्षता, संप्रभुत्व, भाईचारा, एकता, अखंडता, लोकतंत्र सबको समानता का अधिकार देता है, मोर्चा उन ताकतों का घोर विरोध करता है जो संविधान को बदलने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि मोर्चा संविधान को छेड़छाड़ करना बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त संघर्ष मोर्चा सरकार से अनुरोध करता है की अनुसूचित जाति जनजाति विशेष निधि जो उप योजना सरकार द्वारा वर्ष 1980 से आरंभ की गई थी, उस धनराशि से 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति तथा 8 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के विकास हेतु खर्च करने के लिए विशेष निधि कानून बनाया जाए ताकि उक्त धनराशि का आवंटन इन्हीं समुदाय के विकास कार्यों जैसे शिक्षा स्वास्थ्य अनुसूचित जाति बस्तियों में सडकों का निर्माण करने हेतु तथा शिक्षा में छात्र-छात्राओं को देश और विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु विशेष छात्रवृति का प्रावधान किया जाए या कानून तेलगाना राज्य के अनुसार बनाया जाए क्योंकि पहले यह बजट 25



प्रतिशत सरकार द्वारा किया गया था, किंतु अब इसे बहुत कम कर दिया गया है और उसे बजट को भी अनुसूचित जाति जनजाति के विकास हेतु खर्च न करके अन्य कार्यों में डायवर्ट किया जा रहा है जो इस समुदाय के साथ अन्याय है। इसलिए संयुक्त संघर्ष मोर्चा मांग करता है कि राजस्थान की तर्ज पर हिमाचल प्रदेश में भी अनुसूचित जाति जनजाति विशेष निधि कानून बनाया जाए। सीता राम कौंडल ने कहा कि संविधान में अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग को जो सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है उसकी सरकार समाप्त कर रही है सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण करके आरक्षण समाप्त किया जा रहा है तथा अन्य एसएमसीपीटीए मल्टी टास्क वर्कर इत्यादि की भर्ती बंद की जाए और संविधान के अनुच्छेद 16,4,16,के तथा रोस्टर के अनुसार विभागों में भर्ती की जाए तथा 85वां संशोधन को लागू किया जाए ताकि संविधान के अनुरूप अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग को न्याय मिल सके।

# जीत के बाद भी सिख पाथा नहीं बचा पाए देवता

### नैना उग्रतारा माता काठवाड़ में आयोजित की गई जाग

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

कोटली उपमंडल के बीर टुंगल के काठवाड में माता नैना उग्रतरा के मंदिर में जाग का आयोजन किया गया। इस जग महोत्सव में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। माता के मंदिर में चार संगीत पार्टियों ने माता का गुणगान करके झूमने पर विवश कर दिया। मंदिर में रात भर श्रद्धालुओं द्वारा जहां भजन कीर्तन किया गया वहीं रात के 12 बजे शह लगाई गई। मंदिर में हुक्म चंद एंड पार्टी साई ने ऐसा समा बांधा



की श्रद्धालु झूमने पर विवश हो गए। रात को 11 बजे माता नैना उग्रतारा, माता महाकाली पुरानी मंडी, पांच भैया भताल कुटल, 16 सुरगनी बडगांव, माता धारा री नागिन, देव ऋ षिगण के गुर व पुजारी भंडार में पहुंचे और वहां से मंदिर के लिए प्रस्थान किया। रात 12 बजे सभी देवी-देवता देव वाद्य यंत्रों नरसिंगों और करनाल की मधुर ध्वनि में मंदिर के प्रांगण में पहुंचे। मंदिर में ठीक 12 बजे माता के गुर हरीश कुमार व अन्य देवताओं के गुरु को खेल आती है। माता नैना उग्रतारा मंदिर के प्रांगण में विशाल अग्निकुंड जला हुआ था। सभी देवताओं और माता के गुर ने आग के अंगारों पर चलकर अपनी अग्नि परीक्षा पास की। यह भव्य नजारा लोगों के मनों को भाव विभोर कर गया। अपने गुरु के साथ माता नैना उग्रतारा, महाकाली पुरानी मंडी और अन्य देवताओं के रथ भी विशालकाय अग्निकुंड की परिक्रमा करते देखे गए। अग्नि परीक्षा पास करने के बाद माता नैना उग्रतारा के जेष्ठ गुर जो जन्मांध है को माता की खेल आई और उन्होंने देववाणी के माध्यम से बताया कि आसुरी शक्तियों और देवताओं के बीच सात युद्ध हुए जिनमें अधिकतर देवताओं ने विजय हासिल की मगर अंतिम युद्ध में जिस सीख पाथे के लिए जंग लड़ी जाती है उसे आसुरी शक्तियों ने चालाकी से चुरा लिया।

उन्होंने कहा कि सिख पाथा आसुरी शक्तियों के पास जाने से अनेक आपदाएं आने की संभावना है। अपने क्षेत्र में जिन देवताओं ने विजय हासिल की है वह अपने भक्तों की रक्षा करने में सक्षम है तथा माता नैना उग्रतारा अपने क्षेत्र के तमाम लोगों को रक्षा कवच प्रदान करती है। इसके बावजूद भी देश-विदेश में उत्तर-पुथल होगी। भयंकर युद्ध के संकेत है तथा भूकंप, बाढ़ का भी भारी खतरा है। उन्होंने कहा कि मानव प्राणी का जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा तथा साल भर कई प्रकार की महामारियां, आपदा प्राणी मात्र को त्रसद करेगी।

## हरिपुर मोहल्ला से नाजायज पार्किंग पुलिस शीघ्र हटाएं

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथद्ध**

**हरिपुर मोहल्ला** निवासी छात्र आदित्य शर्मा ने श्री ब्राह्मण सभा जिला सिरमौर के माध्यम से अवैध पार्किंग का मुद्दा उठाया है। आदित्य शर्मा के द्वारा हरिपुर मोहल्ला सीएमओ रेजिडेंस के ठीक सामने पायल रेस्टोरेंट के साथ अवैध पार्किंग को दुर्घटना का बड़ा कारण बताया है। आदित्य दत्त शर्मा का कहना है कि मेडिकल कॉलेज से लेकर गर्ल्स स्कूल तक सडक के एक साइड अवैध पार्किंग के चलते हर वक्त



दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। आदित्य ने शिकायत पत्र में बताया कि इस अवैध पार्किंग के चलते न केवल स्कूल आने जाने वाले बच्चों को बल्कि मेडिकल कॉलेज में आने जाने वाले प्रशिक्षण डॉक्टर को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। यही नहीं अस्पताल आने जाने वाले मरीजों को भी कई बार जाम की स्थिति से गुजरना पड़ता है। आदित्य ने अपनी यह शिकायत जिला पुलिस कप्तान रमन कुमार मीणा को सौंपी। आदित्य ने एसपी सिरमौर से बताया कि यह सारी गाडि?ां मेडिकल कॉलेज की जमीन तथा नर्सिंग हॉस्टल के सामने खड़ी की जा सकती हैं। बावजूद इसके लोगों के द्वारा सडक पर ही अवैध रूप से वाहन पार्क किया जा रहे हैं।

## हिमाचल में भांग की खेती का रास्ता साफ

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**हिमाचल प्रदेश** में भांग की औद्योगिक और औषधीय खेती का रास्ता साफ हो गया है। सुक्खू सरकार द्वारा राज्य में भांग की खेती को कानूनी दर्जा देने के लिए गठित कमेटी ने अपनी रिपोर्ट शुक्रवार को विधानसभा में पेश कर दी। रिपोर्ट में प्रदेश में भांग की कानूनी खेती की सिफ ारिश की गई है। कमेटी की रिपोर्ट मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने विधानसभा में पेश की। यह कमेटी राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में बनाई गई थी जिसमें कांग्रेस व भाजपा दोनों ही दलों के सदस्यों को शामिल किया गया था। सदन में रिपोर्ट पर विस्तृत जानकारी देते हुए राजस्व मत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि कमेटी ने प्रदेश में भांग की खेती को कानूनी दर्जा देने के लिए हिमाचल प्रदेश एनडीपीएस नियम 1989 में संशोधन का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां भांग की खेती के लिए अनुकूल है। राज्य के लगभग हरेक जिला में जंगली रूप में भांग के पौधे पाए जाते हैं। नशीली दवाओं के प्रायोजन के लिए संभावित उपयोग के कारण प्रवर्तन एजैंसियां हर साल इन्हें नष्ट करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार इस अप्रयुक्त क्षमता का दोहन कर सकती है और गैर मादक प्रायोजन के लिए भांग की खेती को आरंभ कर किसानों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि कमेटी द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक औद्योगिक भांग की खेती में पर्यावरण कार्बन प्रभाव की मात्रा को कम करने की क्षमता है और इसकी खेती रासायनिक कीटनाशकों तथा उर्वरकों के बहुत कम या बिना उपयोग के की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अभी भांग एक विविध पौधा है जिसे बडी संख्या में लगाया जा सकता है। इसके डंठलए बीज व पत्तियों का उपयोग विभिन्न निर्माण सामग्री, कपडा, कागज, भोजन, फ र्नीचर, सौंदर्य प्रसाधन, स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद और जैव इंधन में परिवर्तित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भांग से संबंधित उत्पादन में शामिल उद्योग को आकर्षित करने से राज्य के राजस्व संसाधनों में भी बढोतरी होगी। उन्होंने कहा कि देश में उत्तराखंड एकमात्र ऐसा राज्य है जहां पर भांग की कानूनी तौर पर औद्योगिक इस्तेमाल के लिए खेती हो रही है। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग को भांग की कानूनी खेती के लिए लाइसेंसिंग और प्रवर्तन एजैंसी बनाया जा सकता है।

# उपायुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के तहत 15 पंचायतों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण -2023 के अंतर्गत जिले की 15 पंचायतों को बेहतर कार्य करने के लिए उपायुक्त राघव शर्मा ने डीआरडीए भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया। जिला स्तर पर 5 हजार से अधिक जनसंख्या के लिए विकास खंड हरोली की ग्राम पंचायत ईसपुर जिला स्तर पर प्रथम स्थान पर रही है। जबकि खंड स्तर पर ब्लॉक गगरेट की ग्राम पंचायत अंबोटा प्रथम तथा ब्लॉक ऊना की बहडाला पंचायत ने प्रथम स्थान हासिल किया। उपायुक्त ने बताया कि 2 से 5




हजार तक की जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों में जिला स्तर पर ब्लॉक ऊना की ग्राम पंचायत अजौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि ब्लॉक अंब की ग्राम पंचायत मुबारिकपुर, ब्लॉक बंगाणा की ग्राम पंचायत मुच्छाली, ब्लॉक गगरेट की ग्राम पंचायत कुनेरन, ब्लॉक हरोली की ग्राम पंचायत बीटन तथा ब्लॉक ऊना की ग्राम पंचायत बनगढ़ प्रथम स्थान पर रही। डीसी ने बताया कि 2 हजार से कम जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों में जिला स्तर पर अम्ब ब्लॉक की ग्राम पंचायत नारी चिंतपूर्णी प्रथम स्थान पर रही। जबकि खंड स्तर पर ब्लॉक अंब की ग्राम पंचायत नन्दपुर, बंगाणा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पिपलू, ब्लॉक गगरेट की ग्राम पंचायत अम्लैहड़, ब्लॉक हरोली की ग्राम पंचायत रोड़ा व ब्लॉक ऊना की ग्राम पंचायत छतरपुर प्रथम स्थान पर रही।

इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जिला की 245 पंचायतों में से 15 ग्राम पंचायतों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023-24 के लिए स्वच्छ सर्वेक्षण का पुरस्कार मिला है। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेता पंचायतों को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने विजेता पंचायतों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा उपायुक्त राघव शर्मा द्वारा पूरे जिला व पांचों ब्लॉकों का जियोग्राफिक इंफोमेशन सिस्टम मैप को भी लॉन्च किया। इसके माध्यम से जिले की और सभी पंचायतों की लोकेशन पता लगाने में असानी रहेगी। इस अवसर पर एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, पीओ डीआरडीए शैफाली शर्मा, जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार, समस्त बीडीओ सहित 15 ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे



इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ लीगल स्टडीज घणाहट्टी (हरिदेवी) के छात्र-छात्राओं ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां के साथ मुलाकात के बाद देखी विधान सभा के मानसून सत्र के पांचवे दिन की कार्यवाही।

## समाज को नशा मुक्त बनाने में युवाओं की भागीदारी जरूरी: मनोज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत उपमंडल बंगाणा में युवा संवाद कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपमंडल के सभी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी मनोज कुमार ने की। सबसे पहले नशा मुक्त ऊना अभियान की टेक्निकल टीम के हेड विजय कुमार ने युवा मंडलों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में पूरी जानकारी दी। उपमंडल अधिकारी मनोज कुमार ने भी युवक मंडलों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा आप सभी से अनुरोध है कि आप जागरूक



रहे और दूसरे लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करें। उन्होंने कहा कि युवक मंडल इसमें महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, ताकि समाज का भला किया जा सके।

इस मौके पर खंड चिकित्सा अधिकारी थानाकलां नरेश शर्मा, समाजसेवी जोगिंदर देव आर्य, युवा मंडल पदाधिकारी नीरज, अशोक कुमार, दिनेश कुमार, नशा मुक्त ऊना अभियान की टीम से सोशल मीडिया हेड पंकज पंडित, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सतपाल रणावत सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### खेड़ी में बाबा जाहरवीर गोगा जी का मेले में कुश्ती दंगल आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

नारनौल । बाबा जाहरवीर गोगा का मेला खेड़ी में भरा जिसमें कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। जिसमें अनेक श्रद्धालुओं ने बाबा के स्थान पर परम्परागत से ढ़ोल नगाड़े बजा कर गूगा जी छड़ी के साथ रात्रि जागरण हुआ। मेले में बाबा का भंडारा व कुश्तियां हुई। गांव के सरपंच सत्यनारायण, मेला कमेटी प्रधान जीवन प्रताप व ब्लॉक समिति के पूर्व सदस्य महेंद्र खेड़ी सहित गांव के मौजिज लोगों के सहयोग से मेले में आने वाले मेले में मुख्य अतिथि आप पार्टी के जिला अध्यक्ष महेंद्र राता व मेला कमेटी सदस्यों ने पहलवानों को पुरस्कृत किया। जिसने में अंतिम कुश्ती 11 हजार रुपए की करवाई जाएंगी। रामूतार उखाड़ा बादशाहपुर गुरूग्राम के पहलवान उपकार ने मनोज पहलवान जींद को हरा कर 11 हजार रुपए की कुश्ती जीती। इसके अलावा 5100 रुपए 5 कुश्तियां करवाई गई। जिसमें रामकिशन अखाड़ा मौकलवास के गोलू पहलवान, दूसरी कुश्ती गांव गणियार के पहलवान अभिषेक, चांदा पहलवान, मनोज पहलवान गुरूरामदास अखाड़ा मौकलवास ने जीती। अक्षय पहलवान गांव औचक व मोनू पहलवान मोनू के बराबरी पर छूटी। मेले में चावंडी निवासी कैप्टन नानकलपाल सिंह रेसालिंग कोच ने कुश्ती दंगल का संचालन किया। इसके अलावा रामनिवास थानेदार व रामूतार सिंह ने भी रेफरी की भूमिका की। इस मौक पर सज्जन चौहान, कै. हुक्म सिंह, विष्णु शर्मा, कंवर सिंह पीटीआई, सूबेदार भीम सिंह, मोहन सिंह,मनोज चौहान, जेपी चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मॉडर्न और ट्रेडिशनल म्यूजिक का शानदार फ्यूजन तलवार का "बंदूकान"

**हिसार।** जोशीले पंजाबी सिंगर, कम्पोजर और लिरिसिस्ट तलवार ने अपने पहले सिंगल 'बंदूकान' के साथ अपना स्वैग बिखेरा और सिंगल म्यूजिक की दुनिया में अपना पहला कदम रखा। ये पंजाबी पॉप सेनसेशन ट्रेडिशनल और मॉर्डन म्यूजिक एलीमेंट्स के अपने इल्केट्रीफाइंग फ्यूजन के साथ म्यूजिक लैंडस्केप को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है। यह ट्रैक प्यार, विश्वासघात और घमंड के विषयों पर गहराई से प्रकाश डालता है, एक आकर्षक कहानी बनाता है जो निश्चित रूप से दुनिया भर के ऑडियंस को मंत्रमुग्ध कर देगा। अपनी वर्सिटैलिटी और क्रिएटिविटी के लिए जाने जाने वाले तलवार इस शानदार सिंगल के लिए सिंगर, कम्पोजर और लिरिस्टि के रूप में काम किया है। बंदूकान तलवार की यूनिक स्टाइल और पॉवरफुल वोकल को प्रदर्शित करने वाला म्यूजिकल मास्टरपीस है। बन्दूकन कंटेम्प्रेरी म्यूजिकल इंफ्लूएंस को अपनाते हुए पंजाबी कल्चर का उत्सव है। म्यूजिक वीडियो तलवार को उसके एलीमेंट के साथ दशार्ता है, जिसमें स्वैग और कॉन्फीडेंस झलकता है क्योंकि वह फैंसी कारों और ग्रैंड सिलिब्रेशन से घिरे अपनी टीम के साथ जीवन की जीत का सेलिब्रेशन मनाता है। अपने पहले सिंगल के बारे में खुशी से बोलते हुए, तलवार ने शेयर किया कि, बंदूकान में ताकत और शानदार विजुअल का एक शानदार कॉम्बीनेशन है, यह म्यूजिक और स्टोरी कहने के प्रति मेरे जुनून का रिफ्लैक्शन है। अपने पहले सिंगल के लिए मैं एक जोरदार पंजाबी ट्रैक बनाना चाहता था जो एक वाइब पैदा कर दें और यह ट्रैक कंटेम्प्रेररी म्यूजिक के साथ बेहतरीन पंजाबी म्यूजिक ट्रेडिशन का मिश्रण है। मेरा मानना है कि बंदूकान श्रोताओं को काफी प्रभावित करेगा। मैं इस ट्रैक द्वारा लाई गई एनर्जी और इमोशन का एक्सपीरियंस देखने के लिए दर्शकों का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

### टाटा एआईए सर्वोच्च गुणवत्ता वाले एमडीआरटी सलाहकारों की संख्या के लिहाज से वैश्विक स्तर पर 5वें और भारत में पहले स्थान पर

**गुरुग्राम।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) को एमडीआरटी क्वालिफाइड (योग्यता प्राप्त) सलाहकारों की सबसे अधिक संख्या के लिए दुनिया के शीर्ष 5 बीमाकताओं में स्थान दिया गया है। कंपनी के पास, 1 जुलाई, 2023 तक प्रतिष्ठित एमडीआरटी (मिलियन डॉलर राउंड टेबल) लीग के लिए क्वालीफाई करने वाले कुल 1,978 सलाहकार थे। एमडीआरटी क्वालिफाइड सलाहकारों को जीवन बीमा के क्षेत्र में उनके ज्ञान और विशेषज्ञता के स्तर को देखते हुए उद्योग में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस तरह, वे उपभोक्ताओं को सटीक सलाह देने और उन्हें उनके जीवन के चरण की जरूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए हर तरह की योग्यता से लैस होते हैं। टाटा एआईए की एक और उपलब्धि यह रही कि क्वालिफाइड महिला एमडीआरटी सलाहकारों की सबसे अधिक संख्या (936) के लिहाज से यह वैश्विक स्तर पर 9वें और भारत में पहले स्थान पर है। कंपनी, पहली बार इस मोर्चे पर दुनिया की शीर्ष 10 कंपनियों में शामिल हुई।

# ड्रग फ्री हरियाणा संदेश के साथ अम्बाला पहुंची साइक्लोथॉन

## अम्बाला में पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, आमजन ने साइक्लोथॉन का किया स्वागत व उत्साहवर्धन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा** उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश के साथ प्रदेश के विभिन्न जिलों को कवर करते हुए साइक्लोथॉन यात्रा शुक्रवार को अम्बाला पंहुची। गांव अकालगढ़ में पहुंचने पर एसडीएम बराड़ा बिजेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक राजबीर सिंह बराड़ा, सरपंच अकालगढ़ अजय कुमार, प्रशासन के अन्य अधिकारियों, ग्रामीणों, विभिन्न सामाजिक संगठनों व आमजन ने साइक्लोथॉन का गर्मजोशी से पुष्पवर्षा से स्वागत व उत्साहवर्धन किया। साइक्लोथॉन को लेकर नागरिकों को जोश व उत्साह पूरे चरम पर रहा और उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए साइकिलिस्ट में जोश भरा। इस मौके पर मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी भूपेश्वर दयाल व लाडवा के पूर्व विधायक डा0 पवन सैनी साईक्लोथॉन यात्रा का नेतृत्व कर रहे थे। इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने आमजन को ड्रग फ्री हरियाणा का संदेश देते हुए जागरूक किया। साईक्लोथॉन यात्रा का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री के विशेष कार्यकारी अधिकारी भूपेश्वर दयाल ने ग्राम पंचायत अकालगढ़ व प्रशासन द्वारा जो उनका अभिनंदन किया गया है, उसके लिये उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा लगभग 1700 किलोमीटर का सफर तय करके आज अकालगढ़ पंहुची है। पुलिस द्वारा नशे को रोकने के लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। हमें इसके लिये सोशल मुहिम चलाने की आवश्यकता है। हरियाणा प्रदेश खुशहाली वाला प्रदेश है। हमें अपने युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों से जोड ?ा है। उन्होंने कहा कि इस






साईकिल यात्रा में तीन बुजुर्ग भी शामिल हैं जिनमे एक बुजुर्ग 75 वर्ष का, एक माता 64 वर्ष की तथा एक अन्य बुजुर्ग भी शामिल है जोकि इस यात्रा में शुरू से ही शामिल होकर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने बारे प्रेरित कर रहे हैं और हरियाणा नशा मुक्त बने, इस बारे जागरूक करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने युवा साथियों से आहवान किया कि वे दूध-दही खाएं क्योंकि हरियाणा की पहचान देशों में देश हरियाणा, जित दूध-दही का खाना से है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने का संकल्प लिया है जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। इस मौके पर साइक्लोथॉन यात्रा का स्वागत करते हुए एसडीएम बराड़ा बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि साइक्लोथॉन यात्रा में शामिल प्रतिभागी नशे से दूर रहने का जो संदेश दे रहे हैं, उसे हमें आत्मसात करते हुए युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने बारे जागरूक करना है। नशा बहुत खतरनाक है, जो इसकी गिरफ्त में आ जाता है, उसका स्वास्थ्य को खराब होता ही है साथ ही उसके परिवार को भी आर्थिक हानि का सामना करना पड़ता है। उन्होंने माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों पर ध्यान दें। युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखें। उन्हें खेलों के प्रति जागरूक करें। स्वस्थ रहकर हम अच्छे समाज व राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। मुलाना के पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा ने साइकिल यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हरियाणा श्री मनोहर लाल ने हरियाणा को ड्रग फ्री करने की जो मुहिम चलाई है,

**मुहिम**

**8 पूरे चरम पर रहा और उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए साइकिलिस्ट में जोश भरा**

उसमें हमें अपनी शत-प्रति आहूति डालनी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आह्वान पर सरकार व जिला प्रशासन द्वारा निरंतर नशे के खिलाफ युवा शक्ति में नई चेतना लाने का सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो नशे की गिरफ्त में आ जाता है, उस व्यक्ति का स्वास्थ्य तो खराब होता ही है, नशा सम्बन्धित व्यक्ति के घर-परिवार को बर्बाद तक कर देता है। उन्होंने कहा कि हम सबको जागरूक होकर गली-मोहल्ले में सभी नशे से दूर रहें, इस बारे उन्हें प्रेरित करना है। हमें ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाना है कि कोई भी नशे की चपेट में न आए। गांवों में कमेटी गठित करनी है, जिससे पता चल सके कि कोई यदि नशे की चपेट में आ जाता है तो उसे नशे से दूर रहने बारे प्रेरित करना है। नशा मुक्ति केन्द्र के माध्यम से उसका उपचार करवाना है। नशे जैसी कुरीति को रोकने के लिये और यदि कोई नशा बेचता है तो उसकी सूचना पुलिस को देनी है। उन्होंने युवाओं को कहा कि वे खेलों से जुड़ें। देश का हर नागरिक आज हरियाणा को बड़े गौरव के साथ देखता है,क्योंकि हरियाणा राज्य में अच्छे मेडल विजेता खिलाड़ी हैं, बहादुर सैनिक हैं, अच्छे वैज्ञानिक हैं, मेहनती किसान व श्रमिक हैं। ये सभी अपने अपने क्षेत्रों में देश-विदेश में हरियाणा का मान बढ़ा रहे हैं। नशे का हरियाणा की परंपरा और संस्कृति से कोई मेल नहीं हैं।

## मुआवजे को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने डीसी को सौंपे ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**बाढ़** के कारण फसलों के हुए नुक्सान के चलते किसानों ने डीसी कार्यालय में इकटठा होकर डीसी अम्बाला को अपनी समस्या के प्रति अवगत करवाया और उन्हे अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि पिछले दो तीन महीने से पूरे हरियाणा प्रदेश की जनता बाढ़ और सूखा से जूझ रही है। सबसे सोचनीय बात यह है कि बाढ़ का प्रकोप अत्यधिक बारिश से नहीं बल्कि बाहर से आने वाले पानी को नियंत्रित करने में हुई विफलता का परिणाम है। यदि समय रहते सरकारी प्रशासन अपनी जिम्मेदारी वहन करते हुए सभी ड्रेनों, नालों, नदियों आदि की सफाई सुनिश्चित करता तो बाढ़ से हुए जान माल और फसलों की भयंकर बबार्दी से बचा जा सकता था।

दूसरी दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि बाढ़ के दौरान सरकार और प्रशासन तो नदारद रहे और जितने भी बचाव और राहत के कार्य हुए वह लोगों ने सामुदायिक प्रयासों से ही किये। इनमें किसान और किसान संगठनों की बहुत ही सराहनीय भूमिका रही है। तीसरी बात यह कि बारिश न होने से आधे से ज्यादा प्रदेश सूखे की चपेट में है।

## ऑटो रिक्शा चालकों ने अमित बिंदल से की मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** जिले के विभिन्न गांव एवं कस्बा के ऑटो रिक्शा चालक सैकड़ो की संख्या में भाजपा के प्रदेश नेता एवं लोकप्रिय समाजसेवी अमित बिंदल के आवास प्रेम नगर पहुंचे भाजपा नेता ने सभी ऑटो रिक्शा चालकों का हार्दिक अभिनंदन सद्भावना .के साथ किया बड़े अपनापन और सौहार्दपूर्ण वातावरण में श्री बिंदल ने ऑटो रिक्शा चालकों को संबोधित करते हुए उनके सुख-दुख और हर तरह की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया बदले में सभी चालकों ने भाजपा नेता का हृदय की गहराइयों से स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया और भविष्य में उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का वचन दिया श्री बिंदल ने सभी ई रिक्शा चालकों के सम्मान में रात्रि सह भोज का आयोजन किया।

# विद्यार्थियों को अपने कंप्यूटर जैसे दिमाग का करना चाहिए हमेशा सदुपयोगः स्टीव

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

यूके से मोटीवेटर प्रवक्ता स्टीव ने कहा कि विद्यार्थियों का दिमाग कम्पयूटर से भी तेज चलता है, इसलिए विद्यार्थियों को अपने कम्पयूटर जैसे दिमाग का प्रयोग करना चाहिए और परीक्षाओं के दिनों में अच्छे से तैयारी करनी चाहिए ताकि बिना किसी मानसिक तनाव के विद्यार्थी अच्छे अंक प्राप्त कर सके। यूके के मोटीवेटर स्टीव वीरवार को सेंट थॉमस कान्वेंट पब्लिक स्कूल सेक्टर 9 में स्कूल की तरफ से बच्चो के लिए आयोजित मोटीवेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यातिथि मोटीवेटर स्टीव, स्कूल की एमडी अंजलि मारवाह प्रिंसीपल आरती सूरी



, रजनी, कार्तिकेय ने दीप प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान स्कूल की प्रबंधक निदेशिका अंजलि मारवाह ने मोटीवेटर प्रवक्ता स्टीव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के दौरान मोटीवेटर स्टीव ने विद्यार्थियों को साथ सीधा संवाद कर विद्यार्थियों की मन की बात को सांझा किया। मोटीवेटर स्टीव ने कहा कि भारत वर्ष में यह उनकी किसी भी स्कूल में तीसरी स्पीच है। इस स्कूल में आने के बाद और बच्चों से रूबरू होने के बाद एक सुखद एहसास हुआ, क्योंकि इस स्कूल

**मोटीवेशन**

**8 परीक्षाओं के दिनों में अच्छे से तैयारी करनी चाहिए ताकि बिना किसी मानसिक तनाव के विद्यार्थी अच्छे अंक प्राप्त कर सके**

के विद्यार्थियों में जुनून और जज्बा देखने को मिला। उन्होंने विद्यार्थियों को पढने के टिप्स बताते हुए पेपरों के दिनों में किस प्रकार तैयारी की जानी है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि बच्चों को दिमाग कंप्यूटर से भी तेज होता है, बच्चों को ज्यादा नहीं सोचना चाहिए और कई बार चुप रहना बेहतर होता है। विद्यार्थियों को अपने मन की इच्छा को पूरा करने का प्रयास करना चाहिए लेकिन अपने मन को कभी भटकने भी नहीं देना चाहिए। स्कूल की एमडी अंजलि मारवाह ने मेहमानों का स्वागत करते हुए स्कूल की उपलब्धियों और गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस स्कूल के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी के माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। इस स्कूल के प्रबंधकों का हमेशा प्रयास रहता है कि बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार दिए जाए ताकि इस स्कूल से एक अच्छे मनुष्य का निर्माण किया जा सके। स्कूल की प्रिंसिपल आरती ने मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 25 वर्ष पहले जब पढाना शुरू किया था तब सीमित साधन होते थे।

## पारमा टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में लगी आग पर 18 घंटे बाद पाया जा सका काबू

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 स्थित पारमा टेक्सटाइल्स फैक्ट्री में लगी आग पर 18 घंटे बाद पूरी तरह से काबू पाया जा सका। देर रात तक विभिन्न जिलों से मंगाई गई दमकल गाड़ियों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया जाता रहा। आग जब शांत होने लगी तो 4 दमकल गाड़ियों को मौके पर छोड़ कर बाकी गाड़ियां वापिस भेज दी गई। शुक्रवार की सुबह 10 बजे तक चार दमकल गाड़ियों ने आग पर पूर तरह से काबू पा लिया। आग लगने की वजह से फैक्ट्री का सारा सामान पूरी तरह से जल कर राख हो गया। फैक्ट्री में सिंथेटिक व नायलान के धागे से टेप बनाने का काम किया जाता था। पारमा टेक्सटाइल्स फैक्ट्री के गोदाम में फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिक के अनुसार बृहस्पतिवार दोपहर करीब 2 बजे अचानक स्टीम पाइप धमाके के साथ फट गया। जिससे फैक्ट्री में रखे सामान ने आग पकड़ ली।

-दमकल विभाग से एसडीएम ने मांगी रिपोर्ट

एसडीएम डा. निर्मल नागर ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं पर कड़ा संज्ञान लेते हुए दमकल विभाग से फैक्ट्रियों को जारी की जाने वाली एनओसी की डिटेल मांगी है। उन्होंने कहा कि कई फैक्ट्री संचालक नियमानुसार फैक्ट्री का निर्माण नहीं करते। फैक्ट्री की एनओसी लेने के बाद नियमों को ताक पर रख कर बहुमंजिला इमारत बना ली जाती हैं, जिनमें फायर सेफ्टी उपकरण मौजूद नहीं रहते। ऐसे में दमकल विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है, इस बारे में दमकल अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है।

## अगले सप्ताह जिले में तीन दिन सांसद का 'जन संवाद' कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** सांसद धर्मबीर सिंह अगले सप्ताह जिले में तीन दिन 'जन संवाद' कार्यक्रम करेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए लोकसभा विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि पिछले दिनों हरियाणा के सांसदों के साथ हुए मुख्यमंत्री के रात्रिभोज कार्यक्रम में ये तय हुआ कि सांसद भी पूरे प्रोटोकॉल के साथ ' जन संवाद' कार्यक्रम करेंगे। प्रदेश में इसकी शुरूआत 25 सितंबर से भिवानी - महेन्द्रगढ़ लोकसभा के सांसद धर्मबीर सिंह करेंगे। 25 सितंबर को अटेली विधानसभा में 5 गाँवों में सांसद का कार्यक्रम रहेगा। इन पांच गाँवों में भोजावास, करीरा, खेड़ी, नौताना एवं पाथेड़ा शामिल हैं। इसी प्रकार 27 को नारनौल विधानसभा के गाँव चिण्डालिया, डोहर कलां, लहरौदा, मंढाणा एवं नांगल काठा में कार्यक्रम होगा।

## रोड सेफ्टी प्रतियोगिता को लेकर बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेन्द्रगढ़** । राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में प्रिंसिपल मेजर एमआर लांबा और डीएसपी मोहिंद्र सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा विषय पर बच्चों को जागरूक करने के लिए रोड सेफ्टी नियमों के बारे में अक्टूबर माह में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के संबंध में बैठक की गई। इस बारे में उपझपुलिस अधीक्षक मोहिंद्र सिंह ने बताया कि अक्टूबर 2023 में इंटर स्कूल रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जिला के सभी स्कूलों में



आयोजित की जाएगी। मीटिंग में सभी कॉलेजों के प्रिंसिपल और ट्रैफिक कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे। मीटिंग में मौजूद सभी से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक कॉलेज स्टूडेंट्स को इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बारे में प्रोत्साहित किया जाए। डीएसपी ने बताया कि प्रतियोगिता से स्टूडेंट्स यातायात के नियमों बारे में सीखेंगे और खुद जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करेंगे। डीएसपी ने कहा कि युवाओं को जागरूक करने का मतलब समाज को जागरूक करना है।

डीएसपी मोहिंद्र सिंह ने बताया कि अक्टूबर में इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की ब्लॉक स्तरीय परीक्षा कराई जाएगी। यह प्रतियोगिता चार लेवल पर होगी, लेवल चार में कॉलेज के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत का कारण सही प्रकार से वाहन न चलाना और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का न पहनना, सीट बेल्ट न लगाना, तेज गति में वाहन चलाना होता है। दुर्घटना में अगर शरीर के किसी हिस्से पर चोट लगती है तो वह ठीक हो सकती है।

# 'प्रजातंत्र में जनता सर्वोपरि इसलिए अपने वोट का करें सही इस्तेमाल'

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

एनसीपी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं विद्यार्थी विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया दूहन नारनौंद विधानसभा क्षेत्र में जींद-बरवाला राज मार्ग लिंक रोड पर बसे गांव नाडा.में शहीद बजेसिंह सम्मान समारोह में पहुंचीं। उन्होंनें बलिदानी पहलवान बजेसिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शहीद को नमन किया। समारोह में आईवीओ हरियाणा के राज्य प्रधान कैप्टन चरणसिंह मलिक व अन्य प्रतिनिधियों एवं हिसार कैन्ट 42 आर्म्ड कैप्टन मिसाब महात्मे व सूबेदार वीरेन्द्र,कैप्टन रमेश कुमार जागडा,पंचायत समिति सदस्य सुशील गामडा,संजय फौजी, डा मनबीर बैनीवाल,विक्की शर्मा ने



विशेष तौर से भाग लिया और पुष्प अर्पित कर सन 1965 के शहीद बजेसिंह को याद किया। राष्ट्रीय नेता सोनिया दूहन ने कहा कि जिन्दगी जब तुझको समझा, मौत फिर क्या चीज है, ऐ वतन तू हीं बता, तुमसे बडी.क्या चीज है। उन्होंनें लोगों से कहा कि वे किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बेटियों पर भी विश्वास कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए समान अवसर दें। तभी बेटियां लक्ष्य की प्राप्ति एवं अपने माता-पिता,परिवार व क्षेत्र का भी नाम रोशन कर सकती हैं। उन्होंनें युवाओं के उज्ज्वल भविष्य एवं महिलाओं के मान-सम्मान की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। उन्होंनें देश व समाज की आन बान शान शूरवीरों व फौजी योद्धाओं के बीच अपने आपको पाकर गर्व महसूस किया। उन्होंनें कहा कि प्रजातन्त्र में जनता सर्वोपरि होती है इसलिए जनता को देश व प्रदेश हित में योग्य व्यक्ति अथवा नेता का ही चुनाव करना चाहिए। इसके लिए जनता को अपने वोट की ताकत को पहचान कर मत का सही प्रयोग करना होगा। उन्होंनें बुजुर्गों एवं वृद्ध महिलाओं के बीच जाकर उनका आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर कोथकलां के पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह सन्धू , जगबीर लौहान, शहीद भगतसिंह युवा क्लब नाडा.के प्रधान डा मनबीर सिंह,उपप्रधान अंकित, सुरेन्द्र पहलवान,प्रवीण बैनीवाल पहलवान,संजय फौजी,सरपंच प्रतिनिधि सुधीर के पिता मांगेराम,पूर्व सरपंच रामकुमार, बलराज बैनीवाल,दीपक,मा बदनसिंह,दरबारा,वजीर,संदीप,काल ा गामडा, बलिदानी बजेसिंह परिजन सदस्यों समेत अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि,भारी तायदाद में महिलाएं ,स्कूली छात्राएं,गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा भारतीय संस्कृति, देशभक्ति व राष्ट्रीयता से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया और छात्राओं व अन्य व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

# सरकार की वादाखिलाफी पर रोडवेज कर्मियों ने फूंका पुतला

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा** रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर एसीएस ट्रांसपोर्ट के विश्वास घात और तानाशाही के विरोध में रोडवेज वर्कशॉप में दो घंटे प्रदर्शन कर पुतला दहन किया सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य इंद्र सिंह बधाना व विक्रम राणाने कहा कि परिवहन मंत्री के साथ 23 जून को हुई बातचीत में सहमति अनुसार मानी गई मांगों को लागू नहीं करके सरकार ने विश्वास घात व वायदाखिलाफी की है। मुख्य मांगों का जिक्र करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली, 2016 वाले चालको को पक्का




करने, लिपिकों -परिचालकों-चालकों का पे ग्रेड बढ़ाने, अर्जित अवकाश पहले की तरह लागू करने,4 घंटे के ओवर टाइम के बदले का एक ओटीआर देने, जोखिम भत्ता देने, स्टैंड इंचार्ज का पद सृजित करने,सभी खाली पदों पर पदोन्नति करने आदि मांगों का समाधान समय रहते नही किया गया तो सरकार को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

जिसकी सयुंक्त अध्यक्षता डिपो प्रधान रविन्द्र सिंह,संजय कालता बलविंद्र सिंह आंनद कुंडू सरबजीत सिंह,ने की और मंच संचालन महावीर पाई और सतनाम ने किया।

## संपादकीय

# कनाडा पाकिस्तान की राह पर

**कनाडा** के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भारत सरकार पर आरोप लगाकर वैश्विक राजनीति में एक भूचाल ला दिया है। इस बयान के साथ उन्होंने अपने दिमागी दिवालियापन का सबूत भी दे दिया है और यह साबित कर दिया है कि भारत जैसे देश से अपने संबंध खराब कर वे अभी भी अपरिपक्व राजनीतिज्ञ हैं। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर 17 साल से अवैध रूप से कनाडा में रह रहे थे और भारत द्वारा उसे आतंकवादी घोषित करते ही कनाडा ने उसे नागरिकता प्रदान कर दी थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर उसकी हत्या का आरोप लगाकर यह कयास लगाया था कि उसे अमेरिका ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तथा नाटो देश का समर्थन मिलेगा जिससे वह आतंकवादियों को शरण देने की जवाब देही से बच सकेंगे पर वॉशिंगटन पोस्ट की खबरों के अनुसार फाइव एलायंस यानी अमेरिका, ब्रिटेन,ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड ने उसके इस आरोप से किनारा कर लिया और कोई समर्थन नहीं दिया है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री वैश्विक राजनीति में अलग-अलग पड़ गए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री के सत्ताधारी गठबंधन में भी दरारें पड़ गई हैं लिबरल पार्टी के कई सांसदों ने भारत से संबंध बनाए रखना पक्ष में बयान दिए हैं। उनके ही मंत्री हरजीत सज्जन ने बयान देकर कहा है की कनाडा को भारत से रिश्ते तल्ख कर बनाने की जरूरत नहीं और कनाडा की प्रथम हिंदू कैबिनेट मंत्री अनीता आनंद ने भी प्रधानमंत्री को अत्यंत विवेक से कम लेने की सलाह दी है। यह बात अत्यंत महत्वपूर्ण है की कनाडा नाटो देश का सदस्य भी है पर नाटो देश ने भी उससे इस मामले में किनारा कर लिया है। कनाडा विगत कई सालों से खालिस्तानी आतंकवादियों को समर्थन देकर पाकिस्तान की राह में निकल पड़ा है। खालिस्तानी आतंकवादियों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई,एस,आई सीधा समर्थन देकर उन्हें फंडिंग कर रही है इस तरह कनाडा पाकिस्तान और खालिस्तान आतंकवादियों का एक त्रिगुट बन गया है जो वह भारत विरोधी हरकतों को कनाडा तथा भारत में अंजाम देने में लगा हुआ है। कनाडा में वर्तमान में 9आतंकवादी संगठन एसे हैं जो सक्रिय रूप से भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और भारतीय दूतावास तथा अधिकारियों को सीधे तौर पर धमक भी रहे हैं। इन संगठनों का सीधा संबंध खालिस्तान आतंकवाद, ड्रग तथा मानव तस्करी जैसे अपराधों से जुड़ी हुई है। भारत सरकार के विदेश प्रवक्ता ने दावा किया है की कनाडा सरकार की यह हरकत संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला विरोध है, संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के सातवें अध्याय में शामिल वैश्विक आतंकवाद के रोकथाम के लिए बनाए गए सुरक्षा परिषद के संकल्प 1373 के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को शरण देने से पहले यह तय करना होता है की शरण लेने वाला व्यक्ति आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त तो नहीं है और कनाडा सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर आतंकवादी घोषित करने के पश्चात नागरिकता देकर संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला उल्लंघन भी किया है। भारत सरकार के अनुसार कनाडा में अभी भी 10 खालिस्तानी खूंखार आतंकवादी निवास कर रहे हैं जो कनाडा में मौजूद रहकर भारत में अपराधिक आतंकवादी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उधर घरेलू मोर्चे में भी कनाडा के प्रधानमंत्री संसद में घिरे हुए हैं उनकी मुख्य विपक्षी विरोधी पार्टी कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पालियेø ने कहा प्रधानमंत्री ने जो भारत पर आरोप लगाए हैं उसका कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया है। प्रधानमंत्री को जनता के सामने ठोस सबूत रखना चाहिए

# सामाजिक परिवर्तन हेतु उद्यमिता को प्रोत्साहन



सौरभ गर्ग

> "वर्ष 2021 में, सिल्वर इकोनॉमी के रूप में जाने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भलाई के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवीएवाई) के तहत सेज (सीनियर एजिंग ग्रोथ इंजन) नाम की पहल शुरू की गई थी। कुल 21.50 करोड़ रुपये की वर्तमान निधि और 106 करोड़ रुपये की इच्छित निधि के साथ, सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) के इस क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बुजुर्गों की बेहतरी के लिए नवीन समाधान पेश करने वाले स्टार्ट-अप का समर्थन करता है। ये पहल हाशिए पर रहने वाले समुदायों की क्षमताओं को सामने लाने और उन्हें अपनी नियति का निर्धारण करने के कार्य में सक्षम बनाने में समर्थ रहे हैं। उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के माध्यम से वित्तीय सहायता के प्रावधान के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में 700 करोड़ से अधिक मूल्य की परिसंपत्तिओं का निर्माण हुआ है"

**सामाजिक** परिवर्तन के एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उद्यमिता की मान्यता पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उद्यमिता न केवल आर्थिक मूल्य सृजित करती है, बल्कि यह लोगों को अपने अधिकारों का प्रयोग करने तथा पारंपरिक मानदंडों से मुक्त होने के लिए सशक्त भी बनाती है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एकीकृत करने की दृष्टि से, सरकार ने हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदाय के लोगों के भीतर उद्यमिता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सक्रिय कदम उठाए हैं। उद्यमिता के प्रोत्साहन का यह दृष्टिकोण उस समावेशी विकास के इर्द-गिर्द घूमता है, जहां कोई भी पीछे नहीं छूटे और सभी नागरिकों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, को अवसर समान रूप से सुलभ हों। विभिन्न रणनीतिक पहलों एवं अभिनव कार्यक्रमों के माध्यम से, सरकार का उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाते और उनकी क्षमता को सामने लाते हुए देश को व्यापक विकास की ओर ले जाना है।

वर्ष 2015 में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने रियायती वित्त प्रदान करके अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। लगभग 726 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, इस कोष ने सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 10 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वित्तीय सहायता ने उन उभरते उद्यमियों के लिए एक जीवन-रेखा के रूप में काम किया है, जिनके लिए शायद फंडिंग के पारंपरिक मार्गों तक पहुंचना संभव नहीं होता।

इस कोष के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक चार प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर है, जिसे महिला उद्यमियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के दिव्यांग उद्यमियों के लिए घटाकर 3.75 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया गया है। ब्याज दरों में यह उल्लेखनीय कमी यह सुनिश्चित करती है कि हाशिए की पृष्ठभूमि से उभरने वाले उद्यमी अपेक्षाकृत अधिक विशेषाधिकार प्राप्त पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले अपने समकक्षों के साथ समान धरातल पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।





अंबेडकर सोशल इनोवेशन इनक्यूबेशन मिशन (एएसआईआईएम) सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्यम पूंजी (वेंचर कैपिटल) से जुड़ी पहल के हिस्से के रूप में, अनुसूचित जाति समुदाय के युवाओं के भीतर अभिनव विचारों के विकास एवं प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एएसआईआईएम का 2020 में शुभारंभ किया गया था।

कुल 30 लाख रुपये तक की फंडिंग के माध्यम से, एएसआईआईएम ने अनुसूचित जाति समुदाय के छात्रों एवं शोधकताओं द्वारा शुरू की गई प्रौद्योगिकी-उन्मुख परियोजनाओं व स्टार्ट-अप का समर्थन किया है। इस पहल ने उद्यमिता के मोर्चे पर सरकार की ओर से डाले जाने वाले प्रभाव में एक और गतिशील एवं अभिनव आयाम जोड़ा है।

इन पहलों का प्रभाव गहरा रहा है। कुल मिलाकर 20 राज्यों में अनुसूचित जाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले 200 उद्यमों को समर्थन देने के लिए 483 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए।

ये उद्यम विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं और क्षेत्रीय विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के व्यापक प्रयास में अहम योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा, अनुसूचित जाति समुदाय के पहली पीढ़ी के उद्यमियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करके उनकी सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन सत्र की पेशकश करने वाले प्लेटफॉर्म की स्थापना की गई है।

अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की असीम क्षमताओं को पहचानते हुए, सरकार ने 2019 में पिछड़े वर्ग के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। कुल 143 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, यह कोष पिछड़े वर्ग के उद्यमियों को रियायती वित्तपोषण प्रदान करता है। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन मिला है। सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 20 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश कर-के, हम आर्थिक समावेशिता को बढ़ावा दे रहे हैं। इस कोष ने मैन्यूफैक्चरिंग, सेवाओं एवं कृषि से संबंधित उद्योगों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों के स्वामित्व वाली 29 कंपनियों को 106 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस वित्तीय सहायता ने अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय के बीच विकास एवं समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

वर्ष 2021 में, सिल्वर इकोनॉमी के रूप में जाने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं भलाई के लिए अटल वयो अभ्युदय योजना (एवीवीएवाई) के तहत सेज (सीनियर एजिंग ग्रोथ इंजन) नाम की पहल शुरू की गई थी। कुल 21.50 करोड़ रुपये की वर्तमान निधि और 106 करोड़ रुपये की इच्छित निधि के साथ, सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) इस क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए बुजुर्गों की बेहतरी के लिए नवीन समाधान पेश करने वाले स्टार्ट-अप का समर्थन करता है।

ये पहल हाशिए पर रहने वाले समुदायों की क्षमताओं को सामने लाने और उन्हें अपनी नियति का निर्धारण करने के कार्य में सक्षम बनाने में समर्थ रहे हैं। उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के माध्यम से वित्तीय सहायता के प्रावधान के परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में 700 करोड़ से अधिक मूल्य की परिसंपत्तिओं का निर्माण हुआ है और इससे 3000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

हाशिए पर रहने वाले एवं कमजोर समुदायों के 400 से अधिक उद्यमियों ने अपनी उद्यमशीलता संबंधी आकांक्षाओं को सफलतापूर्वक साकार किया है। ये उद्यमी अब ह्लमेक इन इंडियाह्व पहल में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं और इस प्रकार भारत की आर्थिक विकास एवं समृद्धि को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने तथा सामाजिक सशक्तिकरण एवं राष्ट्र-निर्माण के वाहक के रूप में उद्यमिता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) के साथ-साथ सेज उद्यम कोष (वेंचर फंड) जैसी रणनीतिक पहलों के माध्यम से सरकार ने सभी लोगों, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या सामाजिक हैसियत कुछ भी हो, के लिए अवसर सृजित करने का काम जारी रखा है।

समावेशी प्रगति का दृष्टिकोण महज एक सपना भर नहीं है, बल्कि यह परिवर्तनकारी पहलों के माध्यम से तैयार की गई एक ऐसी वास्तविकता है जो लोगों को सशक्त बनाती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और राष्ट्र को व्यापक विकास के मार्ग पर अग्रसर करती है। अपेक्षाकृत अधिक समावेशी एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए, इस तरह के प्रयास प्रत्येक नागरिक की अप्रयुक्त क्षमताओं का दोहन करते हुए सार्थक परिणाम देते रहेंगे और एक प्रगतिशील एवं एकजुट भारत के सामूहिक दृष्टिकोण को साकार करेंगे।

## कविता

### ना करो अन्न की बर्बादी

ना करो अन्न की बर्बादी,
भुखमरी पर है यह भारी,
चारों तरफ छाई है
गरीबी, भुखमरी और बेचारी,
भोजन की अनावश्यक बर्बादी
पूरी दुनिया पर पड़ रही है भारी।

थाली में लो भोजन उतना
खा सको हो तुम जितना,

खाना थोड़ा तुम कम खा लो,
गरीबों, लाचारों को
भूखे मरने से बचा लो,
उतना ही खाओ
जितना पचा लो,

थाली में ना छोड़ो तुम अन्न को
ना करो बेइज्जती
अन्न उगाने वालों की
मेहनत , मशक्कत को।

थाली में अन्न छोड़ना
पड़ता है भारी,
बढ़ती है संक्रामकता
और तेज होती इससे बीमारी।

पर्यावरण की सुरक्षा
भी है हमें करना

संजीव

---------

# नदियां हैं तो जल है ..जल है तो कल है

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

**एक** पुरानी कहावत है की नदियां सब कुछ बदल सकती हैं! गत वर्ष के नदी दिवस का थीम इसी वाक्य को लेकर रखा गया था। हर साल 25 सितंबर को विश्व नदी दिवस मनाया जाता है। भारत नदियों की धरती है। भारत और बांग्लादेश की नदियों को अगर मिलाकर आंकड़े देखें तो विश्व की सबसे अधिक नदियां यहीं बहती हैं। मान्यता है कि हिमालय की पहाड़ियों से बहने वाली सिंधु नदी से हमारी सभ्यता की शुरूआत हुई है। यह वर्तमान की भयावह और कटु सत्य है कि बढ़ते हुए प्रदूषण की वजह से नदियों का जल दुषित प्रदूषित होता जा रहा है। प्रदूषण की वजह से जलवायु में भी परिवर्तन हुआ है। जलवायु चक्र भी गड़बड़ा गया है, जिसके कारण कई नदियां उथली होती जा रही हैं, सिकुड़ती जा रही हैं। विश्व नदी दिवस पर कई देश सहित लाखों लोग और कई अंतरराष्ट्रीय संगठन, नदियों के बचाव हेतु निरंतर अपना योगदान कर रहे हैं। बचाव के नए-नए साधन विकसित कर रहे हैं। इस दिन लोग संकल्प लेते हैं कि वे नदियों को प्रदूषित नहीं करेंगे और उन्हें प्रदूषित होने से हर संभव बचाएंगे। इसी कड़ी में गंगा को प्रदूषण से मुक्त कराने का हमारे केंद्र सरकार ने बीड़ा उठाया है। अब तो गंगा, नर्मदा, यमुना, गोदावरी सहित कई नदियों को प्रदूषण से बचाए जाने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं बन रही है। और सुचारू रूप से कार्य भी आरंभ हो चुका है। यह मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत है।

पुराणों में उल्लेख है कि विश्व की प्राचीन सभ्यतायें नदियों के किनारे ही विकसित हुई हैं। नदियां स्वच्छ जल का संवाहक होती हैं। एशिया महाद्वीप का हिमालय पर्वत पुरातन समय से नदियों का उद्गम स्त्रोत रहा है। गंगा, यमुना, सिंधु, झेलम, चिनाव, रावी, सतलज, गोमती, घाघरा, राप्ती, कोसी, हुबली तथा ब्रहमपुत्र आदि सभी नदियों का उद्गम हिमालय से शुरू होकर हिन्द महासागर में जाकर अपनी गिरती है।

विश्व नदी दिवस भारत का कोई अलग से कार्यक्रम नहीं है। पुराने लोगों द्वारा कहा जाता है, कि सालों पहले भारत की नदियां बारह मासी यानी बारहों माह बहने वाली होती थी, लेकिन अंधाधुंध पेड़ों की कटाई के कारण नदियों ने अपना अस्तिव खो दिया। वर्तमान में हालात यह है कि ग्रीष ऋतु में भारत की सभी नदियों का जल सूख जाता है। इन नदियों का महत्व हमारे जीवन के लिए कहीं से भी कम नहीं है, क्योंकि यह नदियां बारहमासी रहती हैं। और मानव व जीव जंतुओं को पेयजल व सिंचाई व अन्य आवश्यकताओं के लिए उपलब्ध कराती हैं। इन नदियों के कारण जल भराव व बाढ़ की समस्याओं का भी एक तरह से निदान हो जाता है। नदियां अपने साथ पानी बहा कर सागर की ओर ले जाती हैं। बाढ़ की घटनाएं कम होती हैं। तो वही यह नदियां अन्य मौसम में जल से भरी रहने के कारण सूखे से लड़ने में मदद करती हैं। नदियों के ही वजह से तो भूजल का स्त्रोत कभी कम नहीं होता और भूजल फिर से भरने लगता है। यही नदियां ही है तो है जिनके वजह से वर्षा भी नियंत्रित रहती है, और सामान्य वर्षा का होना नदियों के वजह से ही नियंत्रित रहता है।

## विचार

# भारत-कनाडा तल्खी बड़ी - तीन दिन में तीन एक्शन

**किशन भावनानी गोंदिया**

**अंतरराष्ट्रीय** स्तरपर भारत एक ऐसा देश है जिसने विदेश नीति, कूटनीति, व्यापार नीति, अंतरराष्ट्रीय संबंधों सहित अनेक विकसित, नाटो,इयू देशों से प्रगाड़य व्यक्तिगत संबंध भी जिसके आधार पर,भारत को हर देश अपनें करीब रखना चाहता है। कनाडा के पीएम द्वारा संसद में दिए गए एक बयान से भारत-कनाडा में के संबंधों में तल्खी आ गई है और तीन दिन में तीन एक्शन, रिएक्शन हो चुके हैं। अब इन बिगड़ते रिश्तों का अंतरराष्ट्रीय प्रभाव न पड़े इसके लिए पश्चिम के मंत्री,नेता, अधिकारी बड़ी मेहनत कर रहे हैं कि बिगड़ने रिश्तों से उनकी अर्थव्यवस्था पर बुरा असर ना डाल दे और वैश्विक गतिविधियों में भारत को साथ लेकर चलने के उनके प्रयासों को प्रभावितन करें, इसलिए नाटो सदस्य होने के बावजूद कनाडा के सहयोगी देश उनका उनके साथ तो हैं, परंतु सतर्क बने हुए हैं,क्योंकि उनके लिए ग्लोबल साउथ का नेता के रूप में भारत एक महत्वपूर्ण देश देश ही नहीं बल्कि भारत को पश्चिमी देश चीन के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच के रूप में भी देखते हैंखासकर अमेरिका और पश्चिम की अन्य शक्तियां यह नहीं चाहती कि यह विवाद उन्हें भारत से दूर कर दे, चूंकि वर्तमान नए भारत की ताकत और रुतबे से दुनियां वाकिफ है इसलिए वह भारत-कनाडा विवाद को सतर्कता से निहार रहे हैं। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत कनाडा तल्खी बढ़ी, तीन दिन में तीन एक्शन रिएक्शन पश्चिमी देश सतर्क। साथियों बात अगर हम भारत कनाडा विवाद की शुरूआत की करें तो, कनाडा के पीएम ने कनाडा की संसद, हाउस ऑफ कॉमंस में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में भारत की संलिप्तता की बात कही थी। उन्होंने कहा था, कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां भारतसरकार और कनाडा के नागरिक की हत्या के बीच की कड़ी के आरोपों की सक्रियता से जांच कर रही हैं। कनाडा की धरती पर कनाडा के नागरिक की हत्या में किसी विदेशी सरकार की संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह हमारी संप्रभुता का उल्लंघन है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इसके बाद कनाडा ने भारत के एक शीर्ष राजनयिक को निष्कासित करने की घोषणा की। कनाडा की विदेश मंत्री ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम भारत के एक प्रमुख राजनयिक को निष्कासित कर रहे हैं, लेकिन हम इस मामले की तह तक जाएंगे, अगर यह सब सच साबित हुआ तो यह हमारी संप्रभुता और एक-दूसरे का सम्मान करने के बुनियादी नियम का बड़ा उल्लंघन होगा। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि खालिस्तानी आतंकियों को कनाडा में सुरक्षित ठिकाना मुहैया कराया जा रहा है। हम चाहते हैं कि कनाडाई सरकार ऐसा न करे और उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे जिन पर आतंकवाद के आरोप हैं या उन्हें न्याय का सामना करने के लिए भारत भेज दें। उन्होंने कहा, हमने पिछले कुछ वर्षों में लगभग 20-25 व्यक्तियों के प्रत्यर्पण की मांग की है, लेकिन प्रतिक्रिया बिल्कुल भी मददगार नहीं रही है।

साथियों बात अगर हम भारत के तीन दिन में तीन एक्शन और उसके रिएक्शन की करें तो,भारत और कनाडा के बीच इस मुद्दे को लेकर हर दिन तनाव बढ़ता जा रहा है। शुरूआत कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो के भारत पर संगीन आरोप लगाने वाले बयान से हुई। भारत ने ट्रूडो के बयान को सिरे से खारिज करते हुए कनाडा के सीनियर डेप्लोमेट को पांच दिन के अंदर देश छोड़ने का आदेश दिया।फिर कनाडा ने अपने नागरिकों को भारत के कुछ खास हिस्सों में न जाने के लिए एडवाइजरी जारी की। जिसके जवाब में भारत ने भी कनाडा के लिए ऐसी ही एडवाइजरी रिलीज कर दी। अब भारत ने कनाडा में मौजूद भारत के वीजाएप्लिकेशन सेंटर की सेवाओं को सस्पेंड कर दिया है।विदेश मंत्रालय ने भारतीय मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप का हवाला देते हुए कनाडा से भारत में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करने के लिए कहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**

**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**

**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस

**बाल मुकुन्द ओझा**

**मातृभूमि के** लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों की शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहती है। आजादी के महा नायक वीर सपूत एवं महान स्वतन्त्रता सेनानी हमारे देश की अमूल्य धरोहर हैं। आज हरियाणा में वीर एवं शहीदी दिवस मनाया जा रहा है। हरियाणा सरकार ने 23 सितम्बर को ह्यहरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इस दिन प्रदेश के प्रत्येक जिले में सार्वजनिक बैठकों, समारोहों और संगोष्ठियों का आयोजन करके शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। हरियाणा शहीदी दिवस उन सभी वीरों को समर्पित है

जिन्होंने अपनी भूमि की स्वतंत्रता और आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। इस दिन को शहीद सैनिकों के स्मारकों पर पुष्पांजलि अर्पित करने के समारोह के रूप में मनाया जाता है। हरियाणा के निवासियों को उनके गौरवशाली अतीत और इसके इतिहास पर अमिट छाप छोड़ने वाले लोगों की याद दिलाने के लिए विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। राव तुलाराम व अन्य शहीदों की याद में मनाया जाने वाला यह दिवस हमें देश सेवा के लिए अपनी जान की भी परवाह न करने की प्रेरणा देता है। देश के उन शूरवीरों को कभी नहीं भुलाया जा सकता, जिन्होंने अपनी शहादत देकर देश की माटी का कर्ज अदा किया। ऐसे वीरों को सम्मान देते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलकर देश को तरक्की के रास्ते पर ले जाने का संकल्प हम सभी को लेना चाहिए।

राष्ट्र की रक्षा के लिए बलिदान देने के मामले में प्रदेश के वीर सैनिकों ने भी सर्वस्व बलिदान दिए हैं। युवा पीढ़ी को इन वीरों के देश प्रेम से ओत-प्रोत जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और देश की एकता व अखंडता को कायम रखने में अपना योगदान देना चाहिए। आज के दिन राव तुलाराम सहित सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की याद में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। यह दिन 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अमर शहीद राव तुलाराम की शहादत पर मनाया जाता

# कैंची की खिचिक-खिचिक

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सिनेमा** निर्माता साहब बड़े मायूस है। बड़ी मुश्किल से एक फिल्म बनाई। सोचा खूब कमायेंगे। बॉयकॉट चलन के चलते उन्हें कुछ सूझ नहीं रहा था। वे बड़े परेशान थे। माथे पर हाथ धरे निर्देशक की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रशंसा पाने के लिए बिन बुलाए दौड़ने वाले डाँट-फटकार के समय न जाने कहाँ गायब हो जाते हैं। बहुत बुलाने पर डरते-डरते निर्देशक ने निमार्ता का सामना किया। निमार्ता ने आव देखा न ताव अपनी भड़ास उतारते हुए कहा, क्यों रे निर्देशक के बच्चे! कहता था युवाओं पर फिल्म बनाओ। तेरा कहना मानकर युवाओं पर फिल्म बनाई। नाम भी रखा झ्र छोरा-छोरी बड़े मनमौजी। इधर सिनेमा का पोस्टर लगने कि देरी थी उधर कॉलेज के लड़कों ने फाड़-फाड़कर उसका कचूमर बना दिया। अब वे हमें ढूँढ़ रहे हैं। निमार्ता-निर्देशक के डाउन-डाउन के नारे लगाए जा रहे हैं। एक बार हम उन्हें मिल जाएँ तो अपने हाथों की खुजली मिटाने में देर नहीं लगायेंगे। निर्देशक ने कहा, निर्माता साहब आप बेवजह इतना घबरा रहे हैं। ये कॉलेज के छात्र दो तरह के होते हैं। एक वे जो खुद से दंगा करते हैं और दूसरे वो जो दूसरों के भड़काने पर करते हैं। दंगा दोनों में होता है बस पढ़ाई कहीं नहीं होती।

इसलिए फिल्म देखने वे जरूर आयेंगे। ये ऊपर से कुछ और भीतर से कुछ होते हैं। निमार्ता ने कहा, सिनेमा में कहानी के सिवाय सब कुछ है। यहाँ तक कि रील से लेकर रियल तक केवल अश्लीलता ही अश्लीलता है। अब ऐसे में फिल्म बैन करने की माँग नहीं करेंगे तो हमारे मंदिर बनायेंगे। सिनेमा का नाम जो है सो है। ऊपर से कैप्शन रखा झ्र छोड़ पढ़ाई करता है जी। ऐसे कैप्शन के चलते बच्चों के माता-पिता हमारी खातिरदारी करने के लिए चौका-बेलन लिए जहाँ-तहाँ खड़े हैं। निर्देशक ने कहा कि फिल्म अभी रिलीज भी नहीं हुई तो यह हाल है, सोचो रिलीज हो जाएगी तो कितना कमायेंगे। मुफ्त का प्रचार। हम यही तो चाहते हैं। कैसा प्रचार काहे का प्रचार? पुलिस ने तबियत से हमारी पूछताछ की है। चार घंटे में तो वे हमारा सिनेमा दो बार देख लेते। किंतु उन्होंने यह कहते हुए मेरा प्रस्ताव ठुकरा दिया कि सिनेमा वाले रील के लिए ड्रामा करते हैं, जबकि पुलिस वाले रियल के लिए। इसलिए उनके लिए फिल्म में कुछ खास मजा नहीं होता, निमार्ता ने कहा। इस पर निर्देशक ने कहा, यह तो बहुत अच्छी बात है। जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे अश्लीलता भड़ासुओं को देखने के लिए मजबूर कर रहे हैं। आज अच्छाई देखने का जमाना लद चुका है। हर जगह बुराई का बोलबाला है।

जानकारी

# सीने में दर्द और जलन का कारण हो सकता है 'प्लूरिसी' रोग

## फेफड़ों की झिल्लियों में हो जाता है इन्फेक्शन

सीने में दर्द और जलन हो, तो ये सिर्फ हार्ट अटैक या दिल की बीमारी का संकेत नहीं होता है, बल्कि कई बार फेफड़ों की बीमारी के कारण भी ऐसा हो सकता है। प्लूरिसी फेफड़ों से संबंधित रोग है। हमारे फेफड़ों की सुरक्षा के लिए उन पर पतली झिल्ली का दोहरा खोल चढ़ा होता है। इन झिल्लियों को प्लूरा कहते हैं। इसकी एक तह फेफड़ों के बाहरी भाग पर चढ़ी रहती है और दूसरी तह पसलियों के भीतरी भाग पर। इन्हीं झिल्लियों में होने वाले संक्रमण को प्लूरिसी कहते हैं।



इस संक्रमण के कारण झिल्लियों में सूजन आ जाती है। इन दोनों झिल्लियों के बीच द्रव की एक पतली पर्त होती है, जो इन्हें चिकनाहट प्रदान करती है। इस रोग के कारण इन झिल्लियों में सूजन आ जाती है और ये अपेक्षाकृत मोटी हो जाती हैं। इस वजह से दोनों झिल्लियां आपस में टकराने लगती हैं। इस टकराहट के कारण झिल्लियों के बीच का द्रव एक जगह ठहरने लगता है और जमने लगता है। इसके कारण रोगी को छाती में तेज जलन और दर्द महसूस होता है जो कभी-कभी असहनीय हो सकता है।

### यह हैं रोग के लक्षण

चूंकि ये रोग फेफड़ों से संबंधित है इसलिए इस रोग के कारण मरीज को सांस लेने, छींकने और खांसने में बहुत परेशानी होती है। इस रोग का सबसे आम लक्षण सीने में तेज दर्द और जलन है, जिसके कारण छींकने और खांसने में तेज दर्द होता है। प्लूरिसी के कारण सांस लेने और छोड़ने में भी तकलीफ होती है और दर्द महसूस होता है। इस रोग के कारण छाती भारी लगने लगती है और खांसने के दौरान मुंह से कुछ गंदे पदार्थ भी निकल सकते हैं। इसके अलावा बुखार आना, भूख न लगना और शरीर का वजन तेजी से कम होने लगना आदि प्लूरिसी के लक्षण हैं।

### प्लूरिसी रोग के कारण

प्लूरिसी में तीन तरह से सूजन आ सकती है- शुष्क प्लूरिसी, नम प्लूरिसी और एम्पाइमा प्लूरिसी। फेफड़े में बैक्टीरियल इंफेक्शन या छाती की मांसपेशियों में वायरल संक्रमण शुष्क प्लूरिसी के कारण होता है। कई बार फेफड़ों की टीबी, फेफड़े का ट्यूमर जैसे रोग होने पर खून की सप्लाई रुक जाने से भी प्लूरा की तहों में सूजन आ जाती है। नम प्लूरिसी तब होती है जब प्लूरिसी में पानी भर जाता है। टीबी के कारण प्लूरा में पानी भर जाता है। इसके अलावा निमोनिया, ट्यूमर, कैंसर के कारण भी प्लूरा प्रभावित हो सकती है। पेट के अंदरूनी अंगों में सूजन होने पर भी ये तकलीफ हो सकती है। दिल, गुर्दे और जिगर में से किसी एक के ठीक से काम न करने पर भी प्लूरा में पानी भर सकता है। इसके अलावा एम्पाइमा होने पर प्लूरिसी में खून एकत्र हो जाता है। चोट से प्लूरा में खून एकत्र होने व संक्रमण हो सकता है।

### सही समय पर इलाज जरूरी

प्लूरिसी रोग खतरनाक और जानलेवा होता है, इसलिए इसका सही समय पर इलाज जरूरी है। सीने में तेज जलन, दर्द, चुभन आदि को बिल्कुल नजरअंदाज न करें। पेट के किसी भाग में कोई सूजन समझ आए या भूख न लगे और छाती भारी लगे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और उचित सलाह लें। छाती के एक्स-रे या अल्ट्रासाउंड में प्लूरा में पानी और मवाद के लक्षण दिख जाते हैं। अगर अल्ट्रासाउंड में प्लूरिसी रोग का पता चलता है तो इसका सही कारण जानने के लिए छाती के अंदर से सुई के माध्यम से नमूना निकालकर जांच की जाती है।

### घरेलू इलाज

प्लूरिसी के लक्षणों को सामान्य समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, लेकिन इसके दर्द से तत्काल राहत के लिए कुछ घरेलू नुस्खों की मदद ली जा सकती है। दर्द से राहत के लिए गरम पानी से सिकाई या इलेक्ट्रिक हीटिंग पैड असरकारी है। अगर आप नियमित श्वसन से जुड़े व्यायाम करते हैं तो प्लूरिसी होने का खतरा बहुत हद तक कम हो जाता है, क्योंकि इससे फेफड़े को खुलने में मदद मिलती है।

# वर्कआउट करने का सही समय और फायदे

# सही व्यायाम से घटेगा वजन

स्वस्थ व चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए जितना जरूरी सही खानपान है, उतना ही जरूरी व्यायाम भी है, जिससे हमारा वजन भी नियंत्रित रहता है। स्वस्थ जीवन और खुशहाल जिंदगी की कुंजी है व्यायाम। इस कारण हमारी दिनचर्या में व्यायाम को महत्वपूर्ण स्थान देना जरूरी हो जाता है।

जीवित रहने के लिए जिस प्रकार वायु, जल और भोजन आवश्यक है, उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ एवं तंदुरुस्त रखने के लिए व्यायाम आवश्यक है। इसकी कमी से या इसको नियमित रूप से न करने से मनुष्य का जीवन दुर्बल और अनेक रोगों का घर बन जाता है। प्रतिदिन नियम के तहत व्यायाम करने से शरीर हल्का तथा फुर्तीला बना रहता है। व्यायाम हमेशा उतनी ही मात्रा में किया जाना चाहिए कि शरीर में थोड़ी थकावट तो महसूस हो, लेकिन आप थककर चूर न हो जाएं। जैसे-जैसे शक्ति का संचार बढ़े, वैसे-वैसे व्यायाम का समय बढ़ाया जा सकता है।

शरीर की शक्ति से बढ़कर व्यायाम करना हानिकारक सिद्ध हो सकता है। ध्यान रहे, व्यायाम शरीर को गठीला बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ-साथ स्वस्थ रखने में भी सहायक होता है। विभिन्न लोगों के लिए विभिन्न प्रकार के व्यायाम हैं। कुछ शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए होते हैं और कुछ निरोगी रखने में सहायक होते हैं। ऐसे ही कुछ व्यायामों के बारे में जानने की कोशिश करते हैं, जिनसे बढ़ती उम्र को 10 साल तक कम किया जा सकता है।

### खेलकूद में मन लगाएं

सामूहिक खेलकूद केवल कसरत करने से कहीं ज्यादा उपयोगी होते हैं। खेलों में मजा तो आता ही है, साथ ही शारीरिक कसरत भी हो जाती है, लेकिन सभी खेल एक जैसे उपयोगी नहीं होते। वह खेल की गति, उसमें लगने वाली ताकत, मांसपेशियों के तालमेल, दबाव सहने की क्षमता आदि भी खेल की उपयोगिता पर निर्भर करती है।

### जितना हो सके उतना चलें

चलना सभी उम्र के लोगों के लिए (खासतौर पर दिल की बीमारियों से प्रभावित लोगों के लिए) काफी उपयोगी होता है। शारीरिक फायदों के अलावा चलने से स्फूर्ति और आराम मिलता है। मध्यम गति से एक किलोमीटर चलने पर करीब 50 कैलरी ऊर्जा खर्च होती है। इसलिए जितना हो सके, चलना चाहिए।

### योग को जीवन में ढालें

योग में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के अनुशासन की जरूरत होती है। योग एक कमाल का व्यायाम होता है, जिसमें मूलतः तीन चीज की जाती है- आसन, मुद्राएं, बंध। नियमित योग हृदय रोग, रक्तवाहिका रोग, डायबिटीज और मोटापा जैसे रोगों की रोकथाम करता है।

### योग की सीमाओं को समझें

किसी भी आसन को तीन से पांच बार और योग को एक से दो बार किया जा सकता है। अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भस्त्रिका जैसे प्राणायाम में सांस को अधिक देर तक न रोकें, वर्ना चक्कर आने एवं उल्टी आ सकती है। शीर्षासन को अधिक देर करने से चक्कर आ सकते हैं और ब्लड प्रेशर भी बढ़ सकता है। इसलिए सभी अभ्यास विशेषज्ञ की देखरेख में ही सीखें या करें।



### नियमों को न करें नजरअंदाज

**शुरुआत के लिए :** शुरुआती दिनों में बहुत अधिक व्यायाम करने से बचें। ट्रेनर के अनुसार ही व्यायाम करें। सप्ताह में जितना व्यायाम कहा जाए, उससे ज्यादा करना शरीर को तकलीफ दे सकता है।

**वार्मअप जरूर करें :** व्यायाम शुरू करने के पहले वार्मअप जरूर करें, ताकि आपका शरीर पूरी तरह से तैयार हो सके। अगर आप वार्मअप की अनदेखी करते हैं, तो यह आपके शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है।

**उम्र के अनुसार :** व्यायाम का चुनाव अपनी उम्र के अनुसार करें और शुरू करने से पहले विशेषज्ञ से सलाह जरूर लें। अगर आपको सेहत संबंधी कोई समस्या है, तो इसका विशेष ध्यान रखें।

**खानपान का ध्यान :** व्यायाम के साथ-साथ डाइट का भी विशेष ध्यान रखें और तेजी से पचने वाले भोजन का सेवन करें। ये शरीर में मांसपेशियों के निर्माण में सहायता करते हैं।

### प्रभावी नहीं होते ये व्यायाम

- एरोबिक्स व्यायाम से शरीर लचीला और मजबूत तो बनता है, लेकिन यह चर्बी कम करने में उतना सक्षम नहीं है।
- स्पॉट ट्रेनिंग से वजन घटाना आसान नहीं होता। बेहतर होगा कि कार्डियो व्यायाम के साथ इनको मिलाएं।
- सिट-अप्स, क्रंच व एब्स एक्सरसाइज करने से पेट की चर्बी नहीं घटती। वजन घटाने के लिए प्रभावी व्यायाम का चुनाव करना जरूरी है।
- जब तक आप वेट ट्रेनिंग के साथ कार्डियो को नहीं मिलाते हैं, वजन घटाने में कोई इसका योगदान नहीं हो पाता है और आप व्यर्थ में ही पसीना बहा रहे होते हैं।
- सीधे पैर कर सिट-अप्स लगाना व्यर्थ है। इससे कोई फायदा नहीं होता। इस तरह से सिट-अप्स लगाने से कमर में चोट लगने की आशंका अधिक हो जाती है।
- अगर आप पूरे सेट लगाकर पुल-डाउन कर रहे हैं, तो ध्यान रहे कि आप रॉड को आगे की ओर रखते हुए ही प्रेस करें। पीछे से पुल डाउन करने पर आपकी गर्दन एवं कंधों में चोट आ सकती है।

### खेल भी अच्छा व्यायाम

खेल शिक्षिका नंदिनी रावत के मुताबिक, स्वस्थ जीवन के लिए व्यायाम का बड़ा महत्व है। व्यायाम से रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ती है। व्यायाम से शारीरिक अंगों का विकास होता है और दृढ़ता आती है।

सुझाव

# पेट के ऊपरी हिस्से में हो रहा दर्द कहीं पैंक्रियाटाइटिस तो नहीं



पेट में दर्द कई कारणों से हो सकता है। कई बार ये सामान्य बीमारियों जैसे एसिडिटी, कब्ज, गैस आदि के कारण होता है और कई बार इसके पीछे कोई गंभीर बीमारी हो सकती है। अगर किसी को पेट के ऊपरी हिस्से में तेज दर्द हो रहा है तो संभव है कि उसे पैंक्रियाटाइटिस यानि अग्नाशयशोथ हुआ हो। ये रोग दो तरह का हो सकता है यानि एक्यूट और क्रॉनिक पैंक्रियाटाइटिस। इस बीमारी के नाम से आपको कुछ नहीं समझ आ रहा है तो घबराएं नहीं। हम आपको बता रहे हैं कि क्या है ये बीमारी और कैसे संभव है इससे बचाव।

### क्या होता है पैंक्रियाटाइटिस

अग्नाशय पेट के पीछे उदर गुहा में होता है जो सामान्यतः छोटी आंत में खाना को पचाने वाले एंजाइम्स छोड़ता है। अग्नाशय से निकलकर जब ये एंजाइम्स छोटी आंत में पहुंचते हैं, तो एक्टिवेट होते हैं और खाना पचाने की प्रक्रिया शुरू होती है। अगर यही एंजाइम्स छोटी आंत में पहुंचने से पहले सक्रिय हो जाएं, तो अग्नाशय को नुकसान पहुंचाते हैं। इससे अग्नाशय यानि पैंक्रियाज में सूजन आ जाती है। अग्नाशय की इसी सूजन को पैंक्रियाटाइटिस कहते हैं। ये दो तरह के होते हैं। एक्यूट यानि तीव्र पैंक्रियाटाइटिस, जो तेजी से मरीज को अपनी चपेट में लेता है और इससे मरीज के दिल, फेफड़े या गुर्दे पर प्रभाव पड़ सकता है। दूसरा क्रॉनिक पैंक्रियाटाइटिस यानि दीर्घकालिक पैंक्रियाटाइटिस, जिसमें मरीज को लंबे समय तक इस अंग विशेष में सूजन रहती है। पैंक्रियाटाइटिस एक गंभीर बीमारी है क्योंकि ये मरीज के दिल को भी प्रभावित कर सकती है। एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस में मरीज को अचानक से इसका दर्द हो सकता है और इसका कारण ज्यादा मात्रा में शराब पीना, पित्ताशय में पथरी या किसी एक्सीडेंट के कारण लगी चोट हो सकती है।

### यह हो सकते हैं बीमारी के कारण

पैंक्रियाटाइटिस गंदगी के कारण होता है। सड़क के किनारे खड़े ठेलों और रेहड़ी पर बनने वाले फूड्स जिनमें मक्खियां भिनभिनाती हैं और धूल-मिट्टी भर जाती है, उन्हें खाने से पैंक्रियाटाइटिस का खतरा होता है। इसके अलावा पैंक्रियाटाइटिस का सबसे बड़ा कारण शराब का सेवन है। ज्यादा मात्रा में शराब पीना या लगातार शराब पीने से पैंक्रियाज प्रभावित होते हैं। इसके अलावा कुछ दवाइयों के रिएक्शन से, पित्त नलिका में बाधा आने से, किसी संक्रमण से या खून में कैल्शियम घुलने से ये रोग हो सकता है। सही समय पर इलाज न करने से इस रोग के कारण पैंक्रियाटिक कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

### ऐसे करें बचाव

पैंक्रियाटाइटिस से बचाव के लिए एल्कोहलिक पदार्थों का सेवन बिल्कुल न करें। इसके अलावा एलर्जेंस यानि ऐसे पदार्थ जिनसे एलर्जी की संभावना होती है जैसे डेयरी प्रोडक्ट्स, सोया प्रोडक्ट्स, केमिकल वाले फूड्स का सेवन बंद कर दें। कैफीन वाले पदार्थों का सेवन भी कम कर दें। इसके अलावा खाने में फल, सब्जियां, प्रोटीनयुक्त आहार, अनाज, ऑलिव ऑयल, कोकोनट ऑयल आदि का सेवन शुरू कर दें। रोजाना योग करें और तनाव से बचें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यापारिक का अवसर आ सकता है। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शुभांक-4-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग है। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-7-8-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में न पड़ें अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में न पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बने रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। शुभांक-3-6-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। पूजा-पाठ आदि धार्मिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रखें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-5-7-8

## काकुरो पहेली - 2594

खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या में मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः प्रयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 2593 का हल

## लॉफिंग ज़ोन

संपादक (प्रबंधक से) - अखबार में थोड़ी सी जगह बची है क्या लिखूं?
प्रबंधक - लिख दो, कल चांदनी चौक में डाका पड़ा, खून हो गया.
संपादक - थोड़ी सी जगह और है.
प्रबंधक - वहां लिखा दो - बाद में पता चला यह सब अफवाह थी.

☺ ☺ ☺

वकील (मुजरिम से) - तुमने एक ही दुकान में दोबारा चोरी क्यों की?
मुजरिम - साहब जी, उस दुकान के बाहर लिखा था दोबारा जरूर आएं.

☺ ☺ ☺

मुकेश (ड्राइवर से) - यह टायर पंचर कैसे हुआ?
ड्राइवर - एक कांच की बोतल पर चढ़ गया था.
मुकेश - क्या तुम्हें बोतल दिखाई नहीं दी?
ड्राइवर - जी नहीं, बोतल उस आदमी की जेब में रखी थी जो गाड़ी के नीचे आ गया था!

☺ ☺ ☺

रमेश (नौकर से) - जरा देखना तो कितने बजे हैं?
नौकर - मुझे समय देखना नहीं आता.
रमेश - अच्छा कोई बात नहीं, यह देखकर बताओ कि बड़ी सुई कहां है और छोटी सुई कहां है?
नौकर - दोनों सुइयां घड़ी में हैं.

## फिल्म वर्ग पहेली- 2594

**बायें से दायें:-**

१. संजीव कुमार, वहीदा रहमान की 'ऐ मेरी आँखों के पहले सपने' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जायें' गीत वाली फिल्म-४
६. ऋषि, डीेपी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
८. 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
१०. जीतेंद्र, आदित्य, संगीता की १९९३ की एक फिल्म-५
१३. ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१४. 'किसी को किसी' गीत वाली राजेश खन्ना, रिमता की फिल्म-३
१६. शाहरुख, पूजा भट्ट, रम्या की फिल्म-३
१९. विवाह से पूर्व टीना अंबानी का सरनेम क्या था-३
२१. अमोल, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
२४. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-३
२६. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-४
२७. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल को तू' गीतवाली फिल्म-२
२९. 'मैं सब कुछ से' गीत वाली कुमार कपूर, अंजना मानी की फिल्म-३
३१. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'दिल हम हम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, हिम्मत कर्णाटक की फिल्म-२
३३. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की "ओ मेरी कोई बात' गीत वाली फिल्म-९

**ऊपर से नीचे:-**

१. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-४
२. 'मेरे गाम काया फोर' गीत वाली फिल्म-३
३. 'सावी नुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-३
४. दिनो महिला, विश्वजीत बसु की 'रूठ का हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-३
५. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-३
७. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-२
९. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-३
११. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१२. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने वही' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अभिताभ, अरबाज, हिमानी की फिल्म-४
१६. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामत अभिनीत फिल्म-२
१७. 'प्यार का इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-४
१८. अक्षय कुमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-३
१९. 'लाख लाख लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-३
२३. 'नखरा तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२५. आमिर खान, प्रेमी सिंह की फिल्म-३
२६. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२८. मनोज बाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-३
३०. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2593

## सूडोकू - 2594

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्गों में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू -2593 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 2594

**बाएँ से दाएँ**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनावा-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, घांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. ऐंकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंकुल, जोश-3
18. हैरान, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नष्ट होने योग्य-4
23. मालकी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

शब्द पहेली -2593 का हल

## न्यूज फ्लैश

### उद्योग बंधू बैठक में कोसीकला के व्यापारियों ने उठाई अपनी बात

**– व्यापारियों ने डीएम के सामने रखी समस्या, मिला आश्वासन**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कलेक्ट्रेट सभागार में हुई उद्योग बंधु की बैठक में जिलाधिकारी के सामने कोसीकला के व्यापारियों ने भी अपनी बात रखी। कोसीकला से आये व्यापारियों ने कहा कि शहर में हरियाणा पुलिस द्वारा कैमिस्टों पर अनावश्यक दबाव बनाकर वसूली करने के प्रयास किये जाते हैं। यह मुददा व्यापारी कई बार उठाते रहे हैं लेकिन प्रभावी कार्यवाही नहीं होती है। व्यापारियों ने जिलाधिकारी के समक्ष इस समस्या को रखा और कई घटनाओं का जिक्र कर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है। जिला उद्योग बंधू बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अंकित मालवीय एवं मंत्री मनीष डीएम के सामने उस प्रकरण को भी रखा जिसमें पिछले दिनों दवा व्यापारी से हरियाणा पुलिस द्वारा अभद्रता कर दो लाख रुपये ऐंठने का प्रयास किया था। इस मामले को लेकर व्यापारियों ने जोर शोर से विरोध दर्ज कराया और कार्रवाई की मांग की है। औषधि निरीक्षक के साथ बैठक में भी यह मामला उठाया गया था। अब यह मामला जिलाधिकारी के साथ उद्योग बंधू बैठक में मामला उठाया। मनीष अग्रवाल एलआई ने बताया कि जिलाधिकारी ने उन्हें पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### बदहाली पर जनता जता रही नाराजगी, किया प्रदर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम के वार्ड संख्या 34 में अव्यवस्थाएं पूरी तरह हावी है। कहीं जर्जर सड़के अपनी बदहाली पर आंसू बहाने पर मजबूर है। तो कही महीनों से नालियों में भरी सिल्ट उठने का इंतजार कर रही है। इतना ही बल्कि महीनो से पीने का पानी न मिलने के कारण क्षेत्रीय जनता को भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। जिससे गुस्साए गोविंद कुंड टीला क्षेत्र में रहने वाले लोगो ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। गुस्साए लोगो का कहना है, कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। कहीं सड़के टूटी हुई है तो कही नालियों से सिल्ट न उठने के कारण नालियों का पानी सड़को पर बह रहा है, जिसके कारण छोटे बड़े बच्चे व बुजुर्ग बीमारी हो रहे है। इतना ही नहीं बल्कि कई महीनों से क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत के कारण महिलाओ को इधर उधर से पानी लाना पड़ रहा है। जिसके कारण लोगो में भारी आक्रोश है। आक्रोशित लोगो का कहना था कि कई क्षेत्रीय पार्षद से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन पार्षद का भी इस ओर कोई ध्यान नहीं है। कहना था कि अगर जल्द ही समस्या का निदान नही हुआ तो क्षेत्रीय जनता आंदोलन को बाध्य होगी।

### साधुवेष धारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
धार्मिक नगरी में मामूली विवाद के चलते वृद्ध को पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आगरा में उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई है। पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक को हिरासत में ले लिया है। यह सनसनीखेज मामला नगर के लाला बाबू मंदिर के समीप का बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक मंदिर के समीप एक साधुवेष धारी वृद्ध काफी समय से रह रहा था। सोमवार की रात एक युवक बाबा के पास सट्टे का नम्बर पूछने आया। बाबा के मना करने पर गुस्साए युवक ने थोड़ी देर बाद बाबा पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। बाबा की चीख सुनकर कुछ लोग मौके पर पहुंच गए और उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां हालत बिगड़ने पर वृद्ध को आगरा रैफर कर दिया गया। जिसकी मंगलवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना की सूचना लगने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। और मौके से आग लगने के साक्ष्य इकट्ठे किए। मृतक की पहचान कृष्ण चंद्र देवनाथ पुत्र नरेंद्र मोहन देवनाथ निवासी हावड़ा वेस्ट पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। जिसे स्थानीय लोग ठोकू बाबा के नाम से जानते थे।

### चार दिवसीय प्रवास पर लखनऊ पहुंचे सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत चार दिवसीय प्रवास पर राजधानी लखनऊ पहुंच चुके हैं। शुक्रवार पूर्वाह्न चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल और प्रांत कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत भाटिया ने सरसंघचालक की अगवानी की।

# जिला अस्पताल की भीड़ करती है गांवों में इलाज न मिलने की चुगली

**निर्देश**

**8 -जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने गांवों में हालात सुधारने के दिये निर्देश**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शहर के सरकारी अस्पतालों में भीड़ का दबाव इस बात की चुगली करता है कि गांवों में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति ठीक नहीं है। डीएम ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों के अपग्रेडेशन से जिला चिकित्सालय आने वाले मरीजों की संख्या में कमी आएगी।
जिसका परिणाम यह होगा कि चिकित्सालय में भी मरीजों को अपेक्षाकृत बेहतर इलाज मुहैया हो सकेगा। आगामी बैठक में निर्धारित प्रारूप पर तुलनात्मक डाटा प्रस्तुत करें। सीएमओ को निर्देशित किया गया कि विगत माह में सबसे खराब प्रगति वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को परफार्मेंस रिपोर्ट के साथ चेतावनी पत्र तथा अच्छी प्रगति हासिल करने वाले तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का उल्लेख बैठक की कार्यवृत्ति में किया जाए। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई।
अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा को निर्देश दिये कि मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए। जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर पर्याप्त साफ सफाई, रंग रोगन, बिजली, पंखे, फर्नीचर, दरवाजों एवं खिड़कियों की आवश्यक मरम्मत कराना सुनिश्चित करे। अस्पतालों में आने वाले मरीजों एवं उनके साथ आने वाले तीमारदारों के बैठने, पेयजल एवं प्रसाधन के बेहतर से बेहतर प्रबन्ध किए जाए। डीएम ने निर्देश दिये कि जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर मानक के अनुसार चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ, दवाओं, उपकरण इत्यादि का समुचित प्रबंधन कर अपग्रेड किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अपने घर के आस पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने लगे।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत पटलौनी में निकाली गई रैली



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बलदेव के ग्राम पटलौनी में ग्राम प्रधान चौधरी लाखन सिंह के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश के तहत मटका और तिरंगा झंडा लेकर रैली निकाली गई जिसमें ग्राम की महिलाओं पुरुषों तथा बच्चों ने भाग लिया। ग्राम की महिलाओं ने अपने सिर पर मटका रख कर ग्राम में प्रत्येक घर से एक मुठ्ठी चावल और एक मुठ्ठी मिट्टी ग्रामवासियों द्वारा दी गईद्य ग्राम प्रधान ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आजादी की 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के तहत यह कार्यक्रम किया गया है और देश अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया और ग्राम वासियों के अंदर एक जोश के साथ देश के प्रति सदा सच्ची भावना से सेवा करने की भावना प्रेरित की गई। इस मौके पर उपज जिलाध्यक्ष अतुल कुमार जिंदल ग्राम सेवक संजय चौधरी,ग्राम सचिव जितेंद्र सिंह आशा संगीता देवी केयर टेकर यशोदा दुर्गा प्रसाद गौतम ऋषि उपाध्याय राशन डीलर रवि कुमार पुषेंद्र चौधरी एवं ग्रामवासी आदि मौजूद रहे।

## धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के किस बयान का मथुरा में हो रहा विरोध!

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बागेश्वर धाम महाराज धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के वृंदावन में दिये गये बयान पर विरोध शुरू हो गया है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बुधवार को वृंदावन में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने आये थे। इसी दौरान उन्होंने ऐसी बात कह दी जिसका अब मथुरा में एक वर्ग द्वारा विरोध किया जा रहा है। लंकेश भक्त मंडल की आपातकालीन बैठक गोविंद नगर स्थित सारस्वत धर्मशाला में हुई। इसमें बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने रावण पर जाति को लेकर की गई टिप्पणी का घोर विरोध किया गया। इस मामले मानहानि का वाद दाखिल करने का निर्णय लिया गया है। लंकेश भक्त मंडल की आपातकालीन बैठक गोविंद नगर स्थित सारस्वत धर्मशाला में हुई। इसमें बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने रावण पर जाति को लेकर की गई टिप्पणी का घोर विरोध किया गया। इस मामले में मानहानि का वाद दाखिल करने का निर्णय लिया गया है। लंकेश भक्त मंडल के संयोजक ओमवीर सारस्वत एडवोकेट ने कहा, बागेश्वर धाम के नाम से कुछ दिनों से चर्चा में आए धीरेन्द्र शास्त्री अपना मानसिक संतुलन खो बैठे है। उन्होंने रावण को सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की जाति का बता दिया है। ओमवीर सारस्वत ने कहा कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री लाखों रुपये लेकर प्रवचन करते हैं। ऐसे व्यक्ति कभी भगवान के भक्त और संत नहीं हो सकते। ऋषि कुल में जन्मे प्रकांड विद्वान रावण का अपमान सहन नहीं किया जाएगा। संजय सारस्वत एड.ने कहा कि धर्म के नाम पर विद्वान रावण को अपमानित नहीं किया जा सकता। बैठक में ओमवीर सारस्वत ने कहा, धीरेंद्र शास्त्री धर्म के व्यवसाई है। दस से पंद्रह लाख रुपए लेकर प्रवचन करते हैं। ऐसे व्यक्ति कभी भगवान के भक्त अथवा संत नहीं हो सकते है। बैठक के दौरान कुलदीप अवस्थी, हरिश्चंद्र सारस्वत,कैप्टन के पी सारस्वत, फौजी सुरेश सारस्वत,ब्रजेश सारस्वत एडवोकेट,दीपक सारस्वत, के के पचौरी, गजेंद्र सारस्वत, राकेश सारस्वत आदि उपस्थित रहे।

## कानपुर में कलयुगी बाप ने दुधमुंही बेटी का गला घोंटकर मार डाला

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के तुलसियापुर ग्राम में गुरुवार की देर रात को एक युवक ने अपनी दुधमुंही बेटी की गला घोटकर हत्या कर दी। शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण अंकिता शर्मा ने बताया कि मैनपुरी जनपद के बेवर थाना क्षेत्र के विलपुर खास गांव निवासी राजीव राजपूत, पत्नी नेहा और दो बच्चे पांच वर्षीय बेटा, डेढ़ वर्षीय बेटी और मां, भाई के साथ तुलसिया पुर गांव निवासी कैलाश के यहां किराए का कमरा लेकर बीते कुछ वर्ष से रह रहा है।
पत्नी ने बताया कि गुरुवार की रात घर के सभी सदस्य छत पर सो रहे थे।

## मोबाइल लुटेरे से पुलिस की मुठभेड़

**घेराबंदी**

**8 मुखबिर की सुराग देही पर पुलिस ने पानी गांव मार्ग पर पंकज की घेराबंदी कर ली।**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन पुलिस और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की देर रात एक मोबाइल लुटेरे से मुठभेड़ हुई। पैर में पुलिस की गोली लगने से मोबाइल लूट का आरोपी घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मई के महीने में श्रद्धालु महिला के साथ मोबाइल लूट की घटना हुई थी। इसी मामले में फरार चल रहे पंकज पुत्र गुलाब सिंह निवासी भरतपुर के वृंदावन आने की सूचना पर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में एसओजी टीम ने युवक की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सुरागदेही पर पुलिस ने पानी गांव मार्ग पर पंकज की घेराबंदी कर ली। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पंकज के पैर में गोली लग गई। पुलिस द्वारा उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि युवक पर चार मुकदमे दर्ज हैं। इसकी क्रिमिनल हिस्ट्री के लिए भरतपुर पुलिस से संपर्क किया जा रहा है। वह राजस्थान के भरतपुर से आकर मथुरा वृंदावन में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देता था। 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे देखने के बाद बदमाश की पहचान भरतपुर के पंकज के रूप में हुई थी। पुलिस पंकज की पिछले चार महीने से तलाश कर रही थी। टीम बदमाश की तलाश में मथुरा रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान पंकज बाइक से आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रुकने का इशारा किया लेकिन वह रुका नहीं और भागने लगा। एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी पंकज शातिर लुटेरा है। यह भरतपुर से आकर मथुरा में वारदात किया करता था। इस पर अभी तक तीन मुकदमे सामने आए हैं। मामलों की जानकारी की जा रही है। फिलहाल आरोपी को इलाज के लिए भर्ती करा दिया है।

# किसान संगठनों ने शुरू की 'लम्बी रार' की तैयारी

**ज्ञापन सौंपा**

**8 -23 नहीं अब 27 को राजीव भवन पर जुटेंगे किसान -प्रदेशभर में आंदोलन को ले जाने की तैयारी में संगठन**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
किसान संगठनों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर एक बार फिर सीडीओ प्रकरण में ज्ञापन सौंपा। किसान संगठनों को सामाजिक और राजनीतिक संगठनों का भी साथ मिला है। षुक्रवार को समता फाउंडेषन, सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ ने भी किसानों के समर्थन में ज्ञापन पत्र सौंपे। किसानों की मांग है कि सीडीओ अपनी टिप्पणी वापस लें और किसानों के बीच पहुंच कर कथनी पर खेद व्यक्त करें। ऐसा नहीं होने की स्थिति में 27 सितम्बर को राजीव भवन पर पुरजोर ताकत से प्रदर्षन किया जाएगा। भाकियू अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष सोनवीर प्रधान, भाकियू टिकैत के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह गावर, भाकियू टिकैत महानगर अध्यक्ष पवन चतुवेर्दी ने संयुक्तरूप से कहाकि 20 सितम्बर को किसान दिवस में सीडीओ ने किसानों से जो अभद्र टिप्पणी की है जिसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं अगर मुख्य विकास अधिकारी अपनी अभद्र टिप्पणी पर खेद व्यक्त नहीं करते हैं तो मथुरा जनपद की हर तहसील और हर ब्लॉक में धरना प्रदर्शन किए जाएंगे। षनिवार को प्रस्तावित धरना प्रदर्षन को राधा अष्टमी के पावन पर्व को देखते हुए स्थगित कर दिया है। पवन चतुवेर्दी ने बताया कि अगर बात नहीं बनती हैं तो 27 सितंबर को सुबह 10 बजे राजीव भवन में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी तैयारी में किसान संगठन जुट गए हैं। 27 सितंबर के प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए गांव गांव किसानों से संपर्क किया जा रहा है। हजारों की तादाद में किसान राजीव भवन पहुंचेंगे। मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन चलता रहेगा। देश के अन्नदाताओं का अपमान किया है किसान चुप बैठने वाला नहीं है। 27 सितंबर तक किसानों के बीच में आकर सीडीओ ने खेद व्यक्त नहीं किया तो यह आंदोलन पूरे उत्तर प्रदेश में होगा।
जिसकी सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस मौके पर प्रमुख से उदयवीर सरपंच, राजवीर नेता, समाजवादी पार्टी पिछड़ा प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश कुमार रही, वृंदावन नगर अध्यक्ष भगवान दास निषाद, विनोद निषाद, लुकुट बिहारी निषाद, भूरा पहलवान, मुकेश चौधरी सहित दर्जनों किसान नेता मौजूद थे ।

## लखनऊ से मथुरा पहुंची विद्युत विभाग की टीम

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बिजली विभाग के लखनऊ मुख्यालय से अधिकारियों और इंजीनियरों की टीम ने मथुरा में दस्तक दे दी है। टीम विद्युत विभाग के वर्तमान में चल रहे हर घर दस्तक अभियान, फोन घुमाओ अभियान एवं अन्य कार्य का निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग करेगी। टीम यह टोह लेने की भी कोषिष करेगी कि विद्युत विभाग आपके द्वार अभियान के तहत सभ्ही काम कर रहा है अथवा नहीं। बताया जा रहा है कि इस दौरान टीम उपभोक्ताओं से भी संवाद स्थापित करने का प्रयास करेगी। विद्युत विभाग द्वारा छाता कस्बा के हरथिया थोक, बीच का थोक, शेरगढ़ रोड पर बिजली विभाग की टीम द्वारा बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दस हजार से अधिक बकाया बिल पाए जाने पर उनका कनेक्शन काट दिया गया। केशव चौधरी ने बताया कि छाता कस्बे में इस समय दो हजार से ज्यादा कनेक्शन धारकों पर बकाया बिल चल रहा है।
उनके खिलाफ पिछले तीन दिन से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है इस दौरान जिस किसी भी कनेक्शन धारक पर दस हजार से अधिक बकाया बिल मिलता है तो उसका कनेक्शन काट दिया जाता है इस दौरान आज कस्बे में 35 कनेक्शन काटे गए हैं। यह अभियान पिछली तीन दिनों से चलाया जा रहा है अब तक लगभग 100 बकायेदारों के कनेक्शन कटे हैं और यह आगे निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने सभी बकायेदारों से बिजली बिल जमा करने की अपील की है।

## खाते से कटे हजारों रुपए, दी तहरीर

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना क्षेत्र के एक युवक के खाते से कटे फर्जी तरीके से हजारों रुपए का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। गांव पालखेड़ा निवासी हरिओम शर्मा ने बताया कि उनकी माता केला देवी का स्टेट बैंक में खाता हैं। जिससे वह फोन पे चला रहे थे। उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया और कहा कि मैं लाडो के घर से बोल रहा हूं मैं तुम्हारे खाते में कंपनी से छब्बीस हजार रुपये डाल रहा हूं। तुम मेरे पैसे वापस कर देना। फोन कटने के बाद खाता चेक किया तो उसमें से 25,998 रुपए व 299 रुपए दो बार में कट चुके थे। पैसे कटने के तुरंत बाद 1930 टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराई गई। वहीं अब पीड़ित ने मदद की गुहार लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

## पुलिस चौकी भवन का एडीजी आगरा जोन ने किया उद्घाटन


**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शुक्रवार को कस्बा सौंख स्थित पुलिस चौकी के नवनिर्मित प्रभारी कार्यालय का उद्घाटन एडीजी जोन द्वारा किया गया। इस मौके पर आईजी तथा एसएसपी मथुरा के साथ साथ कस्बा के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। उच्चाधिकारियों ने यहां स्थानीय लोगों से जन संवाद भी किया।
कस्बा की पुलिस चौकी पर नए कार्यालय भवन की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी।
चौकी प्रभारी सौंख संदीप कुमार व एसओ मगोर्रा पुष्पेंद्र सिंह ने पिछले दिनों जन सहयोग से पुलिस चौकी परिसर में नए कार्यालय भवन का निर्माण कराया। शुक्रवार को एडीजी जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ ने आईजी दीपक कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा शैलेश पांडेय की मौजूदगी में नवनिर्मित कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। तदोपरांत तीनों उच्चाधिकारी जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय जनता से रूबरू हुए और उनकी शिकायतों को जाना। स्थानीय लोगों ने उच्चाधिकारियों को



यूपी की सीमा के भीतर राजस्थान पुलिस चौकी बने होने की शिकायत की।
उच्चाधिकारियों ने इसका शीघ्र ही संज्ञान लेने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने कहा कि स्थानीय जनता के मिले जनसहयोग से वह अभिभूत हैं। उन्होंने पुलिस का सहयोग करने के लिए स्थानीय लोगों की तारीफ की। आई जी आगरा दीपक कुमार ने कहा कि अपराध का सफाया करने के लिए पुलिस और बेहतर लोगों का समन्वय परम आवश्यक है।

# लाडली की जन्मोत्सव का साक्षी बनने जुटे लाखों श्रद्धालु

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रज में भाद्र मास का महत्व बहुत अधिक है। भाद्र मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी को श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया जाता है और श्री कृष्ण जन्माष्टमी के ठीक 15 दिन बाद राधा रानी का प्राकट्योत्सव मनाया जाता है। मुख्य आयोजन बरसाना और रावल में होते हैं। जिसके दर्शनों के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। रावल और बरसाना को बेहद ही खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। बरसाना में शनिवार की सुबह 1100 किलो पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। बताया जाता है कि बरसाना में आज जो हम श्रीराधारानी के विग्रह के दर्शन कर रहे हैं वह स्वयंभू है, यानी स्वयं प्रकट है।




श्रीविग्रह लाडिलेय लाल भगवान ने नारायण भट्ट को ब्रज के रहस्य और तीर्थों को उजागर किया। बताया जाता है कि सबसे प्रथम राधाकुण्ड में श्री राधा कुंड और श्याम कुंड को प्रकट किया था। वहीं बरसाना में श्रीजी (श्रीराधारानी) के दिव्य विग्रह को ब्रह्मांचल पर्वत पर और ऊंचा गांव में श्री रेवती रमण और श्री बलदेव जी के श्रीविग्रह को प्रकट किया। उन्हीं के द्वारा प्रकट व सेवित श्रीराधारानी के दिव्य विग्रह का अभिषेक कराया जाता है। आज भी नारायण भट्ट के अनुसार व परंपरा से सेवा पूजा होती चली आ रही है। जन्माभिषेक को देखने के लिए ब्रजवासी ही नहीं देश विदेश से लाखों श्रद्धा देर शाम तक पहुंच चुके थे। कई दिन पहले से ही बरसाना की धर्मशाला, रेस्टोरेंट के कमरे बुक हो गये थे। कई दिन पहले से ही ब्रज में श्री राम जन्मोत्सव की धूम दिखाई देने लगती है। श्रीराधारानी मंदिर में कई दिन पहले से ही समाज गायन शुरू हो गया था। श्रीजी मंदिर की कई दिन पहले से ही भव्य सजावट व बरसाना की गली गली की भव्य सजावट की गई थी। जगह जगह श्रद्धालुओं के लिए भंडारे व खाने पीने की व्यवस्था होने लगती है। पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था में अपनी पुरी तरह मुस्तैद रहा। पूरे बरसाना को राधाष्टमी पर कई जोन व सैक्टरों में बांट कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। जाम से श्रद्धालुओं को बचाने के लिए कई कई किलोमीटर दूर वाहनों को रोक दिया जाता है। बरसना में जगह जगह सेल्फी पॉइंट बनाए गए हैं। मुख्य मार्गों की झिलमिलाती लाइटों से सजावट की कई थौ। श्री राधाष्टमी के बाद से ही बरसाना व बरसाना क्षेत्र में आठ दिन तक लगातार मेला लगता है। भिन्न लीलाओं का दर्शन होते हैं। जो द्वापर काल में भगवान श्री राधा कृष्ण ने की थीं। बरसाना मंदिर के पुजारी प्रवीण गोस्वामी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत रात 11 बजे से होगी। पहले गुरु परिवार आएगा जिन्हें फूलों की बरसात और शहनाई की मधुर ध्वनि के साथ मंदिर तक लाया जाएगा। यह गुरु परिवार नारायण भट्ट जी के वंशज हैं वह है।

## विधायक ने लाभार्थियों को बांटे आयुष्मान कार्ड

**सेवा पखवाड़ा**

**8 7 से 2 अक्टूबर तक सभी सीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस केन्द्रों पर सेवा पखवाड़ा चलाया जाएगा।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कस्बा नौहझील स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक राजेश चौधरी ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।इस दौरान बड़ी संख्या में लाभार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी।आयुष्मान कार्ड पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिले उठे। विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि आयुष्मान भवः अभियान का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ कर दिया था। इस अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी सीएचसी और हेल्थ एंड वेलनेस केन्द्रों पर सेवा पखवाड़ा चलाया जाएगा। स्वास्थ्य मेले लगाकर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिया जाएगा। परिवार के प्रत्येक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। परिवार में कम से कम छह सदस्य होने चाहिए। इसके लिए उन्हें गूगल प्ले स्टोर से आयुष्मान एप डाउनलोड करना होगा।

## कर्ज नहीं चुकाने वाले 25 लाख रुपये के बकायेदार भी अब होंगे डिफॉल्टर, नियमों में बदलाव का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** आरबीआई ने जानबूझकर कर्ज नहीं चुकाने वालों को लेकर नियमों में व्यापक बदलाव का प्रस्ताव किया है। इसमें जानबूझकर कर्ज नहीं लौटाने वालों (डिफॉल्टर) की परिभाषा भी तय की गई है। इस श्रेणी में उन लोगों को रखा गया है, जिन पर 25 लाख रुपये या उससे अधिक का कर्ज है और भुगतान क्षमता होने के बावजूद उन्होंने उसे लौटाने से इन्कार कर दिया।

आरबीआई ने नए दिशानिर्देश के मसौदे पर संबंधित पक्षों से 31 अक्तूबर तक सुझाव मांगा है। इसमें अन्य बातों के अलावा कर्जदाताओं के लिए दायरे का विस्तार करने का प्रस्ताव है। नए निर्देश के तहत बैंक या वित्तीय संस्थान कर्ज लेने वालों को डिफॉल्टर यानी जानबूझकर बकाया राशि नहीं लौटाने वाले की श्रेणी में डाल सकते हैं।पहचान प्रक्रिया को बेहतर कर सकते हैं।



**गारंटरों के खिलाफ भी होगी कार्रवाई**

प्रस्ताव में कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर कर्जदाता बकाया राशि की तेजी से वसूली के लिए उधार लेने/गारंटी देने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू करेगा। जानबूझकर चूक करने वाले कर्ज सुविधा के पुनर्गठन के पात्र नहीं होंगे। वे किसी अन्य कंपनी के निदेशक मंडल में शामिल नहीं हो सकते हैं। कर्जदाता किसी खाते को एनपीए के रूप में रखे जाने के 6 महीने में डिफॉल्टरों से संबंधित पहलुओं की समीक्षा करेगा।

## कनाडा-भारत के रिश्तों में खटास का परिणाम दिखेगा बाजार पर, दाल पर दिखाई दे सकता है असर

**नई दिल्ली।** खालिस्तान को लेकर भारत और कनाडा के बीच रिश्तों के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। जी-20 के बाद कनाडा लौटते ही कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारत के साथ ट्रेड मिशन को रोकने का एलान किया है। बगैर किसी कारण उन्होंने इस व्यापारिक संधि को स्थगित करने का फैसला सुना दिया। अगर आगे भी कनाडा का यही रवैया रहा, तो आने वाले दिनों में इसका असर दोनों देशों के व्यापार भी दिखाई देगा। दोनों देशों के बीच बिगड़ते राजनयिक रिश्तों का असर भारत के कैपिटल मार्केट पर पड़ सकता है, क्योंकि कनाडा भारत का सातवां सबसे बड़ा निवेशक है। एनएसडीएल के अनुसार, अगस्त 2023 के अंत में भारतीय बाजारों में कनाडा का निवेश 1.77 लाख करोड़ रुपये था, जिसमें इक्विटी बाजारों में 1.5 लाख करोड़ रुपये शामिल थे। कनाडा और भारत के बीच बढ़ते तनाव ने कारोबार जगत की चिंता बढ़ा दी है। दोनों देशों के बीच रिश्तों में बढ़ रही तल्खी के चलते भारी-भरकम निवेश पर असर देखने को मिल सकता है। इसका नुकसान कनाडा की अर्थव्यवस्था को हो सकता है। 30 से ज्यादा भारतीय कंपनियों ने कनाडा में निवेश किया है। अगर दोनों देशों के रिश्ते बिगड़ते हैं, तो इन कंपनियों के कारोबार पर असर होगा।

## थोक व्यापारियों के इस 'कुचक्र' को तोड़ा तो किसानों को मिलेगा लाभ, इस साजिश के कारण बढ़ रही कीमत

**नई दिल्ली।** जो प्याज एक-दो सप्ताह पहले 20 रुपये किलो में मिल रही थी, अचानक उसकी कीमत 35 से 40 रुपये प्रति किलो हो गई है। प्याज कीमतों में यह वृद्धि नासिक में प्याज के थोक व्यापारियों की हड़ताल के कारण हुई है। यदि व्यापारियों की हड़ताल जल्द नहीं टूटी तो प्याज एक बार फिर 80-90 रुपये किलो तक जा सकती है। हालांकि, सरकार प्याज के थोक व्यापारियों की उस नापाक गठजोड़ को हमेशा के लिए तोड़ने की योजना बना रही है जिसके कारण प्याज की कृत्रिम कमी पैदा कर आम उपभोक्ताओं से ऊंची कीमत वसूली जाती है। दरअसल, प्याज की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। इसे कम करने के लिए सरकार ने नैफेड (नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) और नेशनल कोऑपरेटिव कन्ज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड यानी एनसीसीएफ के माध्यम से किसानों से सीधे प्याज की खरीद शुरू कर दी। इस प्याज को आम उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाने लगा। इससे बाजार में प्याज की कीमतें नहीं बढ़ने पा रही थीं। प्याज के थोक व्यापारियों का आरोप है कि नैफेड और एनसीसीएफ सीधे किसानों से प्याज की खरीदी कर रहे हैं और खुदरा व्यापारियों तक उस कीमत में पहुंचा रहे हैं जो उनकी खरीद कीमत से भी कम है।

# कच्चा तेल 94 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 94 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के भाव में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.55 डॉलर यानी 0.59 फीसदी की बढ़त के साथ 93.85 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। इसी तरह वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.68 डॉलर यानी 0.76 फीसदी लुढ़ककर 90.31 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।




# मेहुल चोकसी को झटका, भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की मांग वाली अर्जी के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कारोबारी मेहुल चोकसी की उस याचिका को खारिज कर दी है,जिसमें उसने प्रवर्तन निदेशालय की अर्जी को चुनौती दी थी। ईडी ने अपनी अर्जी में मेहुल को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने की मांग की थी। मेहुल चोकसी पर पंजाब नेशनल बैंक के 14,500 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप है।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल की एकल पीठ ने कहा, ईडी द्वारा दायर आवेदन में कोई खामी नहीं मिली है। चोकसी ने अपनी याचिकाओं में ईडी के आवेदन में कई प्रक्रियात्मक खामियों का दावा किया था।

**चोकसी ने दी थी ईडी की अर्जी को चुनौती**

चोकसी ने एक विशेष अदालत द्वारा पारित अगस्त 2019 के आदेश को चुनौती दी थी। ईडी ने जुलाई 2018 में चोकसी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने और उसकी संपत्तियों को जब्त करने की मांग करते हुए आवेदन दायर किया था।

**चोकसी का दावा, यह अमान्य है**

चोकसी ने दावा किया कि एजेंसी ने आवेदन दाखिल करने से पहले उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया था और इसलिए, यह अमान्य है। लेकिन पीठ ने अपने आदेश में कहा कि ईडी द्वारा दायर आवेदन भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम में निर्धारित प्रारूप में था। जनवरी 2020 में, उच्च न्यायालय ने विशेष अदालत द्वारा पारित किए जाने वाले अंतिम आदेश पर रोक लगा दी थी। गुरुवार को जस्टिस कोतवाल ने इस पर से रोक हटा दी है।




# सरकार ने साप्ताहिक आधार पर चीनी के स्टॉक का खुलासा अनिवार्य किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने त्योहारी सीजन में चीनी की जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोकने के लिए सख्त कदम उठाया है। सरकार ने चीनी व्यापारियों, खुदरा विक्रेताओं, थोक विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखलाओं और प्रसंस्करण कर्ताओं को साप्ताहिक आधार पर अपने स्टॉक का खुलासा सरकारी पोर्टल पर करने का निर्देश दिया है।

खाद्य मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि देश में घरेलू उपभोग के लिए चीनी का पर्याप्त भंडार है। मंत्रालय ने कहा कि त्योहारों के लिए चीनी की कोई कमी नहीं है। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि सरकार देश में चीनी की खुदरा कीमत को सफलतापूर्वक स्थिर बनाए हुए है। दरअसल सरकार जमाखोरी और सट्टेबाजी को रोककर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि चीनी सभी उपभोक्ताओं के लिए सस्ती रहे। मंत्रालय ने कहा कि चीनी बाजार में 'जमाखोरी से निपटने और सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने' के लिए पोर्टल पर प्रत्येक सोमवार को व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, बड़ी श्रृंखलाओं के खुदरा विक्रेताओं और चीनी के प्रसंस्करण कर्ताओं को अपनी स्टॉक स्थिति का अनिवार्य रूप से खुलासा करने के आदेश जारी किए गए हैं। मंत्रालय ने चीनी मिलों और व्यापारियों से संबंधित कानूनों और मासिक घरेलू कोटा मानदंडों का पालन करने को कहा है। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि अगस्त के अंत में 83 लाख टन चीनी का पहले के बचे स्टॉक तथा अगले महीने से पेराई शुरू होने की उम्मीद के साथ देश में घरेलू खपत के लिए चीनी का पर्याप्त स्टॉक है। सरकार ने 13 लाख टन की घरेलू बिक्री कोटा की पहली किस्त भी जारी कर दी है, जिसे चीनी मिलें तत्काल प्रभाव से बेचना शुरू कर सकती हैं। सरकार के इस फैसले का एग्रीमंडी के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) उप्पल शाह ने स्वागत किया है।



## डीजीसीए ने एयर इंडिया के उड़ान सुरक्षा प्रमुख को एक महीने के लिए निलंबित किया

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के उड़ान सुरक्षा प्रमुख राजीव गुप्ता को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया है। विमान नियामक ने यह निर्णय कुछ खामियों के कारण लिया है। डीजीसीए ने जारी बयान में कहा कि डीजीसीए की टीम ने 25 और 26 जुलाई को आंतरिक लेखा परीक्षा, दुर्घटना निवारण कार्य और आवश्यक तकनीकी कर्मचारियों की उपलब्धता को लेकर एयर इंडिया की समीक्षा की थी। डीजीसीए ने इस समीक्षा के दौरान दुर्घटना निवारण कार्य और अपेक्षित तकनीकी जनशक्ति की उपलब्धता में कमियां पाईं। इसके बाद उड़ान सुरक्षा प्रमुख राजीव गुप्ता को एक महीने के लिए निलंबित करने का फैसला लिया गया है। इसके बाद विमान नियामक ने एयर इंडिया के मुख्य उड़ान सुरक्षा प्रमुख को निलंबित किया है। डीजीसीए ने पिछले महीने भी एयर इंडिया के प्रशिक्षण केंद्रों के एटीओ अनुमोदन को 10 दिनों के लिए निलंबित कर दिया था।




# वित्त मंत्रालय ने 'घरेलू बचत' में कमी की आलोचनाओं को सिरे से खारिज किया

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट को लेकर हो रही आलोचनाओं को नकारते हुए कहा कि लोग अब दूसरे वित्तीय उत्पादों में निवेश कर रहे हैं, इसलिए 'संकट' जैसी कोई बात नहीं है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में घरेलू बचत में पिछले कई दशकों में आई सबसे बड़ी गिरावट और इसका अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर हो रही आलोचनाओं को सिरे से खारिज कर दिया है। मंत्रालय ने कहा कि आंकड़ों से पता चलता है कि उपभोक्ताओं का रुझान अब विभिन्न वित्तीय उत्पादों की ओर है। इसी वजह से घरेलू बचत कम हुई है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि जून, 2020 और मार्च 2023 के बीच घरेलू सकल वित्तीय परिसंपत्तियां 37.6 फीसदी बढ़ीं। वहीं, घरेलू सकल वित्तीय देनदारी 42.6 फीसदी बढ़ी। इन दोनों के बीच कोई बड़ा अंतर नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि लोग अब कर्ज लेकर घर एवं अन्य रियल एस्टेट संपत्तियां खरीद रहे हैं। बैंकों के व्यक्तिगत कर्ज में रियल एस्टेट और वाहन कर्ज की हिस्सेदारी 62 फीसदी है। यह दर्शाता है कि घरेलू क्षेत्र में संकट जैसी कोई बात नहीं है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के ताजा जारी मासिक बुलेटिन के एक लेख में कहा गया है कि शुद्ध घरेलू बचत वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 फीसदी रही, जो पिछले 47 वर्षों का निचला स्तर है। इससे एक साल पहले यह 7.2 फीसदी थी। दूसरी ओर, घरेलू क्षेत्र की सालाना वित्तीय देनदारी बढ़कर 5.8 फीसदी हो गई, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 3.8 फीसदी थी। इस बीच एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कोरोना महामारी के दौरान रिजर्व बैंक ने रेपो दर स्थिर रखी थी, जिसकी वजह से लोगों ने घरेलू बचत करने की बजाय संपत्तियों में निवेश किया है।




# बजट-पूर्व बैठकों का दौर 10 अक्टूबर से शुरू करेगा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय आगामी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट की तैयारियों के सिलसिले में 10 अक्टूबर से बैठकों का सिलसिला शुरू करेगा। मंत्रालय के बजट विभाग ने इससे संबंधित नोटिस जारी किया है। वित्त मंत्रालय के बजट विभाग की ओर से सभी मंत्रालयों और विभागों को 20 सितंबर को भेजे गए नोटिस में उनके साथ बजट पूर्व-बैठकों का जिक्र किया गया है। इस नोटिस के मुताबिक मंत्रालयों और विभागों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवश्यक विवरण पांच अक्टूबर, 2023 तक प्रस्तुत किया जाए। मंत्रालय के मुताबिक अनुदान एवं विनियोग के संबंध में संशोधित बजट अनुमान 2023-24 और बजट अनुमान 2024-25 को अंतिम रूप देने के लिए बजट-पूर्व चर्चा वित्त सचिव और व्यय सचिव की अध्यक्षता में 10 अक्टूबर से शुरू होगी। विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक बजट-पूर्व बैठकें 10 अक्टूबर से शुरू होकर 14 नवंबर तक चलेंगी। वित्त मंत्रालय ने बजट-पूर्व बैठकों का कार्यक्रम विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। गौरतलब है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले पेश होने वाला बजट अंतरिम होगा। आम चुनावों के बाद नई सरकार के गठन के पश्चात वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश किया जाएगा।




# क्रिप्टो करेंसी मार्केट- बिटकॉइन समेत सभी टॉप-10 आभासी मुद्राओं में गिरावट

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज हड़कंप मचा हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल सभी क्रिप्टो करेंसीज आज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज बाजार में आई कमजोरी के कारण दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की कीमत एक बार फिर लुढ़क कर 27 हजार डॉलर के स्तर से नीचे पहुंच गई है। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम भी गिर कर 1,600 डॉलर के स्तर से नीचे आ गई है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,675.11 डॉलर यानी 22.16 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 2.01 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिरकर 1,596.32 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.01 प्रतिशत, बीएनबी 2.66 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.89 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, डोजेकॉइन 0.95 प्रतिशत, कार्डानो 1.87 प्रतिशत, सोलाना 2.48 प्रतिशत और टॉनकॉइन 7.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.59 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1.05 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 87.21 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 2,880 करोड़ डॉलर यानी 2.39 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो पिछले 1 दिन पहले की तुलना में 3.69 प्रतिशत अधिक है। पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में कीमत में गिरावट आने के बावजूद बिटकॉइन की स्थिति 0.01 प्रतिशत मजबूत हुई है। इसके कारण इस आभासी मुद्रा की मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 49.27 प्रतिशत हो गई है।



# उपलब्धि: जेपी मॉर्गन भारत को उभरते बाजारों के बेंचमार्क सूचकांक में जोड़ेगा, मिलेगा ये फायदा

**जयपुर।** जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी अपने उभरते बाजारों के बेंचमार्क सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड को जोड़ेगी। यह एक उत्सुकता भरा ऐसा फैसला है जिसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। यह फैसला देश के ऋण बाजार में अरबों के विदेशी प्रवाह को बढ़ा सकता है।

यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत की बढ़ती अपील का नवीनतम संकेत है क्योंकि देश की आर्थिक वृद्धि प्रतिस्पर्धियों से आगे निकल गई है। इसका भू-राजनीतिक प्रभाव बढ़ रहा है और एप्पल सहित वैश्विक कंपनियां चीन के विकल्प की तलाश कर रही हैं। हालांकि विदेशी भारतीय बॉन्ड बाजार में एक छोटी भूमिका निभाते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में प्रवाह बढ़ रहा है और देश की संपत्ति वित्तीय अशांति के लिए लचीला साबित हुई है, जिसने अन्य विकासशील देशों को परेशान किया है।

सूचकांक प्रदाता 28 जून, 2024 से जेपी मॉर्गन सरकारी बॉन्ड सूचकांक-उभरते बाजारों में भारतीय प्रतिभूतियों को जोड़ देगा। गुरुवार को एक बयान के अनुसार, दक्षिण एशियाई राष्ट्र का सूचकांक में अधिकतम 10% का भार होगा। जेपी मॉर्गन गवर्नमेंट बॉन्ड इंडेक्स-इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल करने को वैश्विक निवेशकों के लिए भारत के प्रति बढ़ती अपील के एक और संकेत के रूप में देखा जा सकता है क्योंकि यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। यह घटनाक्रम विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि विभिन्न वैश्विक विनिर्माण दिग्गज महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था में अपनी चीन+1 विविधीकरण रणनीति के हिस्से के रूप में कारोबार स्थापित करने के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। जेपी मॉर्गन ने कहा कि उसके सरकारी बॉन्ड सूचकांक-उभरते बाजारों में भारत का अधिकतम 10 प्रतिशत भारांक होने की उम्मीद है। जेपी मॉर्गन ने कहा, 'आईजीबी को 28 जून, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक 10 महीने की अवधि में शामिल किया जाएगा (यानी, प्रति माह 1 प्रतिशत भारांक को शामिल किया जाएगा)।




# 'अमीरों पर लगाएं टैक्स और गरीबों की करें रक्षा', आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान से आईएमएफ चीफ का आग्रह

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान से आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने अमीरों से अधिक कर वसूलने और गरीबों की रक्षा करने का आग्रह किया है, क्योंकि देश जुलाई में वैश्विक ऋणदाता से बेलआउट हासिल करने के बाद दोहरे अंक की मुद्रास्फीति की मार झेल रहा है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि न्यूयॉर्क में 78वें संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के मौके पर अंतरिम प्रधान मंत्री अनवारुल हक काकर से मुलाकात के बाद जॉर्जीवा ने कहा कि यह पाकिस्तान के लोगों के हित में है कि देश अपनी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करे और अतीत की कुछ कमियों पर ध्यान दें। वाशिंगटन स्थित वैश्विक ऋणदाता द्वारा जुलाई में नकदी संकट से जूझ रहे देश को 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर हस्तांतरित करने के बाद पाकिस्तान में बढ़ती मुद्रास्फीति के बीच उनका बयान आया है, जो देश की खराब आर्थिक स्थिति को स्थिर करने के सरकार के प्रयासों का समर्थन करने के लिए नौ महीने के लिए 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बेलआउट कार्यक्रम का एक हिस्सा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आईएमएफ की मंजूरी लेने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों ने जनता का जीवन कठिन बना दिया है, क्योंकि बिजली और पेट्रोल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने मुद्रास्फीति को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा दिया है। अगस्त महीने में पाकिस्तान की महंगाई दर बढ़कर 27.4 फीसदी पर पहुंच गई। कार्यवाहक प्रधान मंत्री काकर ने भी एक्स पर पोस्ट करते हुए जॉर्जीवा के साथ अपनी बैठक को रचनात्मक बातचीत बताया और कहा कि इसने पाकिस्तान में आर्थिक स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के लिए हमारी पारस्परिक प्रतिबद्धता को बढ़ाने पर जोर दिया।

मीडिया रिपोर्ट से मिली सूचना के मुताबिक प्रधान मंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक हैंडआउट में कहा गया है कि काकर ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को समर्थन देने के लिए 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्टैंडबाय समझौते को वैश्विक ऋणदाता की मंजूरी के लिए आभार व्यक्त किया। हैंडआउट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने जॉर्जीवा को 'देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर और पुनर्जीवित करने' के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी दी।

## काठमांडू में सरकारी शिक्षकों की हड़ताल से ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

**काठमांडू।** नेपाल के सरकारी शिक्षकों की हड़ताल आज तीसरे दिन में प्रवेश कर गई।हजारों शिक्षकों के विरोध प्रदर्शन के कारण काठमांडू में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। अब तक सरकार के साथ वार्ता के सभी प्रयास विफल रहे है। नेपाल शिक्षक महासंघ के



आह्वान पर देशभर के शिक्षक नेपाल की संसद में पेश किए गए नए शिक्षा विधेयक के विरोध में सड़कों पर हैं। यह शिक्षक सुबह से शाम तक काठमांडू के माईतीघर मंडला से संसद भवन तक प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षक महासंघ की अध्यक्ष कमला तुलाधर ने बताया कि सरकार से तीन चरणों में वार्ता हुई है पर कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। आज फिर वार्ता होनी है। महासंघ ने सरकारी शिक्षकों और विद्यालय को स्थानीय निकाय के मातहत रखने का विरोध किया है। सरकार का कहना है कि 17 मांगें रखी गई हैं। अधिकांश मांगें संविधान संशोधन से जुड़ी हैं। इसलिए तत्काल इनको पूरा नहीं किया जा सकता। सरकार की तरफ से वार्ता का नेतृत्व कर उप प्रधानमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि आज वार्ता के बाद हड़ताल खत्म होने की उम्मीद है।

# भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान ने संयुक्त राष्ट्र को वैश्विक समस्याओं के निवारण में बताया अक्षम

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी व अस्थायी सदस्यों को बढ़ाने की मांग

**न्यूयार्क।** भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी-4 ने संयुक्त राष्ट्र संघ को वैश्विक समस्याओं के निवारण में अक्षम करार दिया है। संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा से अलग हुई इन चारों देशों की बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी व अस्थायी सदस्यों को बढ़ाने की मांग की गई।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही है। अब इसे लेकर रणनीति बननी भी शुरू हो गई है। संयुक्त राष्ट्र की आमसभा से अलग भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के समूह जी-4 की



बैठक में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार की जरूरत पर सहमति बनी और कहा गया कि सुरक्षा परिषद का स्वरूप ऐसा होना चाहिए जो समकालीन भू-राजनीतिक व्यवस्थाओं का बेहतर ढंग से पेश कर सके। बैठक में ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और भारत के विदेश मामलों के सचिव संजय वर्मा शामिल हुए। बैठक में कहा गया कि जटिल संकटों के कारण बहुपक्षवाद पर काफी दबाव है। संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समस्याओं का प्रभावी और समय से निवारण में अक्षम साबित हो रहा है, ऐसे में इसमें सुधार की जरूरत है।

बैठक के बाद जारी किए गए संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में विस्तार की जरूरत है। जिससे इसे ज्यादा प्रभावी, वैध और कुशल बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में शामिल चारों देशों ने संयुक्त राष्ट्र से इस अहम मुद्दे पर आगे बढ़ने की अपील की।

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में नेपाल के प्रधानमंत्री का संबोधन, कहा- देश में शांति स्थापना के लिए प्रतिबद्ध

**काठमाडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए गए संबोधन में देश में जारी शांति प्रक्रिया को अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई है। प्रचण्ड ने विश्व समुदाय को भरोसा दिलाया कि शांति प्रक्रिया में सभी पक्षों के साथ न्याय होगा। प्रचण्ड ने कहा कि उनकी सरकार शांति प्रक्रिया को पूरा करने की दिशा में सक्रिय है।



देश के भीतर और बाहर भी समझदारी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा। उन्होंने विश्व समुदाय से इसमें मदद करने की अपील की। प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने कहा कि शांति प्रक्रिया से संबंधित सत्य निरूपण विधेयक तथा संक्रमणकालीन न्याय संबंधी विधेयक संसद में पेश किया जा चुका है। उन्होंने विश्व समुदाय को इस बात के लिए आश्वस्त किया कि गम्भीर आपराधिक मामलों के दोषियों को आम माफी नहीं दी जाएगी।

## अमेरिकी एनएसए सुलिवन बोले: भारत रूस नहीं है, चीन के पास अपनी चुनौतियां; हमारी प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन का बयान सामने आया है, जिसमें उनसे जब पूछ गया कि आखिर क्यों अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत और चीन को पास दिया जा रहा है और रूस को आर्थिक सहायता दी जा रही है? इसपर उन्होंने बताया कि हमने अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरों से बचाने के लिए कई तरह की कार्रवाई की है।उन्होंने कहा कि भारत रूस



नहीं है, और चीन की अपनी चुनौतियां हैं, जिनसे हम अपने संदर्भ में निपटते हैं। इसलिए, निश्चित रूप से, हम एक-एक करके देशों के साथ कैसे निपटते हैं, जिसके चलते मतभेद होंगे।

**अमेरिका ने किया कनाडा का समर्थन**

गौरतलब है कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में अमेरिका ने एक बार फिर भारत पर लगाए आरोपों की जांच में कनाडा का समर्थन करने की बात कही है। अमेरिका की तरफ से कहा गया कि किसी भी देश को इस तरह की 'विशेष छूट' नहीं मिल सकती। उन्होंने कहा कि इस तरह के काम के लिए किसी भी देश को विशेष छूट नहीं मिल सकती। हम इसके खिलाफ खड़े हैं और अपने बुनियादी सिद्धांतों की रक्षा करेंगे। हम कनाडा के साथ भी लगातार परामर्श लेंगे क्योंकि वह कानूनी और राजनयिक प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं।

## न्यूयॉर्क में स्कूल बस खाई में गिरी, दो की मौत, पांच गंभीर

**न्यूयॉर्क।** फार्मिंगडेल हाई स्कूल की एक बस दोपहर स्थानीय समयानुसार करीब 1:12 बजे राजमार्ग पर अनियंत्रित होकर 50 फीट नीचे खाई में गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अन्य दर्जनों घायल हो गए। इनमें पांच की हालत गंभीर है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल और फार्मिंगडेल स्कूल डिस्ट्रिक्ट के प्रवक्ता जेक मैंडलिंगर के हवाले से दी गई है। कैथी होचुल ने साफ किया है कि मृतकों में कोई विद्यार्थी शामिल नहीं है। यह हादसा न्यू ऑरेंज काउंटी में हुआ। सबसे पहले बचाव कर्मियों की मदद से छात्रों को बस से निकाला गया। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के लिए शहर शोक में डूबा हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट्स में न्यूयॉर्क पुलिस के लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड एल मैजोन के हवाले से कहा गया



है कि यह बस फार्मिंगडेल हाई स्कूल के 40 छात्रों और चार वयस्कों को ले जा रही थी। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। मैजोन ने कहा कि शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि बस के आगे के टायर में खराबी की वजह से यह दुर्घटना हो सकती है। फार्मिंगडेल हाई स्कूल के प्रवक्ता जेक मैंडलिंगर ने कहा कि बस बैंड कैंप के लिए ग्रीले (पेंसिल्वेनिया) जा रही थी।

## नेपाल के मलंगवा में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर पथराव के बाद बेमियादी कर्फ्यू

**काठमाडू।** नेपाल के सर्लाही जिले के मलंगवा में शाम को गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस पर मुस्लिम समाज के कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया। इसके बाद दोनों पक्षों में हुई झड़प में आठ लोग घायल हो गए। घायलों में कुछ पुलिसकर्मी भी हैं। मौजूदा हालात को देखते हुए शहर में बेमियादी कर्फ्यू लगा दिया गया है। बिहार के सीतामढ़ी से सटे नेपाल के सर्लाही जिले के मलंगवा में पिछले 15 दिनों में दोनों वर्गों के बीच झड़प की यह दूसरी बड़ी घटना है। गुरुवार देर शाम को प्रतिमा विसर्जन के लिए जा रहे हिंदू युवाओं के समूह पर मुस्लिम मुहल्ले स्थित घरों की छतों से पथराव किया गया। इसके बाद दोनों पक्षों में झड़प हो गयी। सर्लाही जिले के डीएसपी दीपेन्द्र पंजियार ने शुक्रवार को बताया कि मुस्लिम मुहल्ले से गुजरते समय हिंदुओं के समूह पर पथराव किया गया। आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े प्रबंध के बावजूद अचानक बिजली जाने के कारण अंधेरे का



फायदा उठाते हुए इस घटना को अंजाम दिया गया। डीएसपी पंजियार ने बताया कि विसर्जन जुलूस के आगे और पीछे साथ-साथ पुलिस टीम चल रही थी, लेकिन मुस्लिमों की तरफ से घर की छतों से पथराव किए जाने के बाद गुस्साई भीड ने कुछ दुकानों एवं घरों में तोड़फोड भी की। इस दौरान पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। इस दौरान झड़प में 08 लोगों घायल हो गए। मौजूदा हालात के मद्देनजर मध्यरात्रि से पूरे मलंगवा शहर में बेमियादी कर्फ्यू लगा दिया गया है। सर्लाही के प्रमुख जिला अधिकारी इन्द्रदेव यादव ने कहा कि एहतियात के तौर पर कर्फ्यू लगाया गया है।

## नीरव मोदी को लंदन में निजी तौर संचालित जेल में स्थानांतरित किया गया

**लंदन।** भारत में वांछित और भगोड़े हीरा व्यापारी नीरव मोदी को ब्रिटेन की सबसे बड़ी और सबसे भीड़भाड़ वाली जेलों में से एक से लंदन में एक निजी तौर पर संचालित जेल में स्थानांतरित किया गया है। नीरव भारत में धोखाधड़ी और धन शोधन के मामलों में वांछित है। बृहस्पतिवार को यह जानकारी मिली। नीरव (52) को असफल प्रत्यर्पण अपील कार्यवाही के संबंध में लंदन में उच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए150,247.00 पाउंड के जुर्माने के संबंध में मजिस्ट्रेट की अदालत में सुनवाई के लिए पेश होना था। हालांकि, मामले को अंतिम क्षण में नवंबर तक के लिए स्थगित करना पड़ा क्योंकि पूर्वी लंदन में बार्किंगसाइड मजिस्ट्रेट अदालत में नीरव को तकनीकी कारणों से वीडियो लिंक से पेश नहीं किया जा सका। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, 'उसे आंतरिक स्थानांतरण के तहत एचएमपी (हिज मैजेस्टी प्रिजन) वैंड्सवर्थ से एचएमपी टेम्ससाइड में स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसके बारे में अदालत को आज तक जानकारी नहीं थी।'' दरअसल, वैंड्सवर्थ जेल से एक संदिग्ध आतंकवादी फरार हो गया था जिसके बाद उसकी तलाशी के लिए अभियान शुरू किया गया था।

## बाइडन से मिले जेलेंस्की, यूक्रेन को अमेरिका 128 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के हथियार और उपकरण प्रदान करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने लंबे समय से रूस के हमलों का सामना कर रहे युद्धग्रस्त यूक्रेन को और सैन्य सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की है। यूक्रेन को अमेरिका 128 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के हथियार और उपकरण प्रदान करेगा।

यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के गुरुवार को जारी बयान के हवाले से दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति



वोलोदिमीर जेलेंस्की ने व्हाइट हाउस में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात की। जेलेंस्की ने उनसे कहा कि अगर अमेरिका सैन्य मदद में कटौती करता है तो या तत्काल मदद नहीं देता तो यूक्रेन को रूस अपने अधीन कर लेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार वाशिंगटन की दूसरी युद्धकालीन यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने कुछ सांसदों से भी मुलाकात की और चेताया कि यदि अमेरिका ने सैन्य और वित्तीय सहायता करने में कंजूसी की उनका देश टूट जाएगा। यूक्रेन यह युद्ध हार जाएगा।

## कोर्ट ने गैर-इस्लामिक शादी के मामले में जेल में बंद इमरान को भेजा समन, बुशरा बीबी से जुड़ा है मामला

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद की स्थानीय अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बुशरा बीबी के साथ कथित तौर पर गैर इस्लामी विवाह से संबंधित एक मामले में 25 सितंबर को तलब किया है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, सिविल जज कुदरतुल्लाह ने अटक जेल के अधीक्षक को पूर्व पीएम को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान जेल में बंद हैं। उन्हें तोशाखाना मामले में आरोपी पाए जाने के बाद उन्हें जेल में डाला गया था। इमरान खान को उनके लाहौर वाले आवास जमन पाक रेसिडेंस से पांच अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। मौजूदा समय में इमरान खान पर अपनी तीसरी पत्नी बुशरा बीबी से इद्दत के दौरान निकाह करने का आरोप है। इद्दत एक इस्लामिक शब्दावली है, जिसमें अपने पति से तलाक लेने या उसकी मृत्यु के बाद दूसरी शादी करने से पहले महिला के इंतजार करने की एक निर्दिष्ट समय-सीमा होती है। इमरान खान ने जुलाई में अपने और अपनी पत्नी के खिलाफ दायर की गई अदालत की एक याचिका को चुनौती दी थी।इस याचिका में बताया गया था कि इमरान ने तीसरी शादी अपनी पत्नी के इद्दत के दौरान की थी।

# कनाडा-भारत राजनयिक विवाद : पीएम जस्टिन ट्रूडो ने फिर आरोपों को गंभीरता से लेने की अपील की

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक बार फिर खालिस्तानी आतंकी हरदीपी सिंह निज्जर की हत्या मामले में जारी राजनयिक विवाद में अपने आरोपों को दोहराते हुए जांच की मांग पर अड़े हुए हैं। पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा, मैं भारत सरकार से हमारे साथ मिलकर काम करने, इन आरोपों को गंभीरता से लेने और न्याय होने देने का आह्वान करता हूं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कानून के शासन वाले देश में हमारा दायित्व है कि हम यह सुनिश्चित करें कि ऐसी प्रक्रियाएं कठोर और स्वतंत्र तरीके से सामने आएं और हम यही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय आधारित व्यवस्था के लिए खड़े हैं।

जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि



जैसा कि मैंने सोमवार को कहा था, यह मानने के विश्वसनीय कारण है कि कनाडा की धरती पर एक कनाडा के नागरिक की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे। हम भारत सरकार से इस मामले की सच्चाई जानने के लिए आगे बढ़कर हमारे साथ काम करने का आह्वान करते हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा, मेरी प्रधानमंत्री (मोदी) के साथ सीधी और स्पष्ट बातचीत हुई, जिसमें मैंने बिना झिझक अपनी चिंताओं को साझा किया। हम भारत सरकार से इसे गंभीरता से लेने और इस मामले में पूर्ण पारदर्शिता लाने, जवाबदेही और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करने का आह्वान करते हैं। हमारे देश में कानून का शासन है। हम कनाडा के लोगों को सुरक्षित रखने और हमारे मूल्यों को बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्य करना जारी रखेंगे।

हालांकि, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की बातों में कुछ नरमी दिखी। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि भारत का महत्व विश्व में बढ़ रहा है और भारत एक ऐसा देश है, जिसके साथ हमें न केवल एक क्षेत्र में बल्कि दुनिया भर में काम करना जारी रखना है।

ट्रूडो ने कहा कि हम उकसाने या समस्याएं पैदा करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं, लेकिन हम कानून का शासन और कनाडा के लोगों की रक्षा करने के लिए खड़े होने के महत्व के बारे में स्पष्ट हैं। इसीलिए, हम भारत सरकार से आह्वान करते हैं कि वे मामले की सच्चाई को उजागर करने, न्याय और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए हमारे साथ काम करें।

## खैबर पख्तूनख्वा में सेना के जवानों का खुफिया ऑपरेशन; आठ आतंकियों को किया ढेर, पांच गिरफ्तार

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में दो खुफिया जानकारी पर आधारित ऑपरेशन के तहत जवानों ने आठ आतंकियों को मार गिराया। वहीं पाच आतंकियों को सेना के जवानों ने गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए सेना ने बताया कि पहला ऑपरेशन बन्नू जिले के जनी खेल सामान्य क्षेत्र में किया गया था।

सेना के जवानों और आतंकियों के बीच गोलीबारी में छह आतंकियों को मार गिराया गया तो वहीं पांच को गिरफ्तार किया गया है। सेना की मीडिया एजेंसी ने बताया के अनुसार गोलीबारी में मारे गए आतंकी सुरक्षाबलों के खिलाफ जुड़े कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे। इसमें पिछले महीने ही जनी खेल में एक सैन्य काफिले में हमला करने का मामला भी शामिल है, जिसमें सुरक्षाबलों के नौ जवान मारे गए



थे। उत्तरी वजीरिस्तान आदिवासी जिले के दत्ता खेल जनरल इलाके में खुफिया ऑपरेशन के तहत सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों के पास से हथियार भी बरामद किया गया। आतंकवादी को निष्क्रिय करने के लिए क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान शुरू किया गया था।

सेना की मीडिया एजेंसी ने बताया कि पाकिस्तान में आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए सुरक्षाबल पूरी कोशिश कर रही है।

# भारत में अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का लगातार, चिंताजनक क्षरण हो रहा : संरा विशेष प्रतिवेदक

**संयुक्त राष्ट्र।** अल्पसंख्यक मामलों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक फर्नांड डी वेरेन्स ने यूएससीआईआरएफ से कहा कि भारत में विशेषकर धार्मिक और अन्य अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का ''लगातार'' और ''चिंताजनक'' क्षरण हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक ने बुधवार को एक सुनवाई के दौरान अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) से कहा कि भारत में हालात को तीन शब्दों में संक्षेप में बताया जा सकता है - ''व्यापक, व्यवस्थित और खतरनाक।'' यूएससीआईआरएफ ने घोषणा की थी कि वह 20 सितंबर को भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर सुनवाई करेगा।

भारत ने धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन वाली यूएससीआईआरएफ की पूर्व की एक रिपोर्ट को पहले भी खारिज किया था। डी वेरेन्स ने आरोप लगाया कि भारत में खासतौर से धार्मिक और अन्य अल्पसंख्यकों के मौलिक अधिकारों का ''लगातार'' और ''चिंताजनक'' क्षरण हो रहा है। उन्होंने कहा, ''भारत के खासतौर से धार्मिक और अन्य अल्पसंख्यकों जैसे कि मुस्लिम, ईसाई, सिख और अन्य



को निशाना बनाते हुए व्यापक पैमाने पर उल्लंघन और दुरुपयोगों के कारण अस्थिरता, अत्याचार तथा हिंसा के दुनिया के प्रमुख जन्मदाता में से एक बनने का जोखिम है। यह व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है और धार्मिक राष्ट्रवाद को प्रदर्शित करता है।'' यह सुनवाई भारत और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच जून और सितंबर में दो सफल द्विपक्षीय बैठकों के बाद हुई है।

यूएससीआरएफ अध्यक्ष अब्राहम कूपर ने दावा किया कि भारत में मुस्लिम, सिख, ईसाई, दलित और आदिवासियों पर ''हमले और उन्हें डराने-धमकाने के कृत्य बढ़ रहे हैं।'' भारत ने इस साल दो मई को देश में धार्मिक स्वतंत्रता के कथित ''गंभीर उल्लंघनों'' का आरोप लगाने वाली यूएससीआईआरएफ की रिपोर्ट को ''पक्षपातपूर्ण'' बताया था।

## शंकरलाल चक्रवर्ती पंजाब एफसी में सहायक कोच नियुक्त

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने आगामी आईएसएल सीजन के लिए शंकरलाल चक्रवर्ती को अपना भारतीय सहायक कोच घोषित किया है। चक्रवर्ती आई-लीग 2 टीम एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे थे और अब वह मुख्य कोच स्टाइकोस वेरगेटिस की कोचिंग टीम के साथ जुड़ेंगे।

एएफसी प्रो लाइसेंस धारक, चक्रवर्ती ने अपने प्रबंधकीय करियर की शुरुआत भारतीय फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) अकादमी से की। वह मोहन बागान में उनके सहायक कोच के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सुभाष भौमिक और संजय सेन के अधीन काम किया। उन्हें 2017-2018 आई-लीग सीजन के लिए मोहन बागान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। 2022-2023 सीजन के लिए आई-लीग टीम सुदेवा दिल्ली एफसी में शामिल होने से पहले उन्होंने भवानीपुर और मोहम्मडन एससी के मुख्य कोच के रूप में काम किया है। इस सीजन के लिए पंजाब एफसी में शामिल होने से पहले वह आई-लीग 2 टीम, एफसी बेंगलुरु यूनाइटेड के साथ थे। एक खिलाड़ी के रूप में, उन्होंने टाटा फुटबॉल अकादमी से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और वह मोहन बागान में शामिल हो गए। उन्होंने सेवानिवृत्त होने से पहले छह सीज़न तक पूर्वी बंगाल का प्रतिनिधित्व किया। पंजाब एफसी के फुटबॉल निदेशक, निकोलाओस टोपोलियाटिस ने कहा कि क्लब में कोचिंग स्टाफ के लिए शंकरलाल उपयोगी साबित होंगे। अपने समृद्ध और विशाल फुटबॉल अनुभव के साथ, उनके पास खिलाड़ियों के साथ साझा करने के लिए बहुत कुछ है। हम मिलकर क्लब को उसके निर्धारित लक्ष्यों तक पहुंचने में मदद की उम्मीद कर सकते हैं।

## स्पैनिश शतरंज लीग : प्रज्ञानन्दा ने खेला दूसरा ड्रॉ

**लिनारेस।** भारत के नंबर 3 शतरंज खिलाड़ी ग्रांड मास्टर प्रज्ञानन्दा ने स्पैनिश शतरंज लीग में पहले दो राउंड में अपनी टीम सीए सेलेबाय से खेलते हुए अपने दोनों मुकाबले जीतने के बाद लगातार दो मुकाबले ड्रॉ खेले है। प्रज्ञानन्दा ने तीसरे राउंड में रूस के अलेक्सेई किरिल और फ्रांस के एटीने बकरोट के साथ



अपनी बाजी ड्रॉ खेली है , इन दो ड्रॉ के बाद उन्हे रेटिंग में मामूली 2 अंको का नुकसान जरूर हुआ पर वह 2734 अंको के साथ अभी भी विश्व के 16वें नंबर के खिलाड़ी बने हुए है । 29 सितंबर से एशियन गेम्स में प्रज्ञानन्दा टीम चैंपियनशिप में भारत की टीम से खेलते हुए नजर आएंगे ।

## राहुल द्रविड़ की दो टूक- विश्व कप टीम में हैं सूर्यकुमार

**मोहाली।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि विश्व कप के लिए चुनी गई टीम में सूर्यकुमार यादव को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे की पूर्व संध्या पर द्रविड़ ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि उन्हें 27 तारीख के बारे में चिंता करने की जरूरत है। हमने विश्व कप के लिए अपनी टीम चुनी है और सूर्या उसमें हैं। टीम पूरी तरह से उनका समर्थन करती है क्योंकि उनमें कुछ गुणवत्ता और क्षमता है और खेल का रुख बदलने की क्षमता है। सूर्यकुमार आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक टी20ई बल्लेबाज है, लेकिन उन्होंने वनडे प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। उन्होंने 25 मैचों में 24.40 की औसत के साथ केवल 2 अर्द्धशतक बनाए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कल होने वाले पहले वनडे के लिए सूर्यकुमार को शामिल करने का भी संकेत दिया, जबकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और हार्दिक पांड्या को पहले दो मैचों के लिए आराम दिया गया है।

उन्होंने कहा कि वह (सूर्यकुमार) ऐसा व्यक्ति है जो आस्ट्रेलिया के खिलाफ सभी तीन मैच खेलेगा। रविचंद्रन अश्विन की क्षमताओं पर भरोसा जताते हुए द्रविड़ ने कहा '' उन्होंने जनवरी 2022 के बाद से बहुत अधिक वनडे नहीं खेले हैं, लेकिन उनके पास इससे निपटने की क्षमता है, उनके पास खासा अनुभव है। अश्विन के अनुभव वाले किसी खिलाड़ी का वापस आना हमारे लिए हमेशा अच्छा होता है। उनके पास आठवें नंबर पर बल्ले से योगदान देने में सक्षम होने की क्षमता है। वह ऐसे व्यक्ति हैं जिनके बारे में हम हमेशा सोचते हैं कि कुछ चोटें या चोट लगने की स्थिति में कहां जाना चाहिए। यह हमेशा हमारी योजनाओं का हिस्सा थे।

## एशियाई खेल : भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने जीत के साथ की शुरुआत, यमन को 3-0 से हराया

**हांगझू।** साथियान ज्ञानसेकरन, अचंता शरथ कमल और हरमीत देसाई की भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने यमन को 3-0 से हराकर अपने एशियाई खेलों के अभियान की जोरदार शुरुआत की। जीएसपी जिम्नेजियम टेबल 7 पर खेलते हुए, भारत ने अपने अभियान के शुरुआती मैच में यमन को ध्वस्त कर दिया। साथियान ने मुकाबले के पहले मैच में यमन के अली उमर अहमद को केवल 13 मिनट में 11-3,11-2,11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।



मुकाबले के दूसरे मैच में शरथ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यमन के इब्राहिम अब्दुलहकीम मोहम्मद गुब्रान को केवल 17 मिनट में 11-3, 11-4, 11-6 से हराया और भारत की बढ़त 2-0 कर दी। इसके बाद तीसरे मुकाबले में हरमीत देसाई ने मगद अहमद अली अल्धुभानी को केवल 6 मिनट में ही 11-1, 11-1, 11-7 से हराकर भारत को 3-0 से जीत दिला दी। आज बाद में भारतीय महिला टीम सिंगापुर से भिड़ेगी।

## विश्व कुश्ती: अंतिम पंघाल ने जीता कांस्य पदक, हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

**बेलग्रेड।** सीनियर विश्व चैंपियनशिप में अपने पदार्पण पर, भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल ने गुरुवार को यहां 53 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में स्वीडन की यूरोपीय चैंपियन जोना मालमग्रेन पर शानदार जीत दर्ज करते हुए कांस्य पदक जीता और 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थी और उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता के माध्यम से 16-6 से जीत हासिल कर अपना पहला सीनियर विश्व चैंपियनशिप पदक जीता। अपनी कांस्य पदक जीत के रास्ते में, पंघाल ने क्वालिफिकेशन में मौजूदा विश्व चैंपियन अमेरिका की



ओलिविया डोमिनिक पैरिश को हराया, उसके बाद पोलैंड की रोक्साना मार्टा ज़सीना पर तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। हरियाणा की 19 वर्षीय पंघाल, जो डब्ल्यूडब्ल्यूएफ़ की विश्व निकाय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद एक तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने क्वार्टर फाइनल में रूस की नतालिया मालिशेवा को हराया और फिर बुधवार को सेमीफाइनल में बेलारूस की टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता वेनेसा कलादज़िंस्काया से हार का सामना करना पड़ा।

## केरला ब्लास्टर्स ने बेंगलुरू को 2-1 से हराकर की आईएसएल सीजन 10 की धमाकेदार शुरुआत

**कोच्चि।** केरला ब्लास्टर्स एफसी ने बेंगलुरू एफसी को 2-1 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 की धमाकेदार शुरुआत की। गुरुवार रात को बारिश के बीच कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए उद्घाटन मुकाबले में मेजबान केरला ब्लास्टर्स की जीत में बेंगलुरू एफसी के डच मिडफील्डर केजिआह वेनडॉर्प ने 52वें मिनट में आत्मघाती गोल और कप्तान एड्रियन लुना ने 69वें मिनट में गोल किया। कप्तान एड्रियन लुना को इस गोल और मिडफील्ड में दमदार खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। अपने मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक, जो चार मैचों का प्रतिबंध झेल रहे है, की गैरमौजूदगी में ब्लास्टर्स ने आईएसएल 10 सीजन की पहली जीत हासिल करते हुए सकारात्मक संकेत दिए। बेल्जियाई सहायक कोच फ्रैंक डाउवेन की देखरेख में उतरे ब्लास्टर्स ने सकारात्मक शुरुआत से पूरे तीन अंक अर्जित किए। वहीं, बेंगलुरू एफसी के मुख्य कोच साइमन ग्रेसन अपनी टीम की गलतियों के कारण मिली इस हार से नाखुश थे।

52वें मिनट में मैच का पहला गोल तब आया, जब बेंगलुरू एफसी के डच मिडफील्डर केजिआह वेनडॉर्प की आत्मघाती गलती की वजह से केरला ब्लास्टर्स को 1-0 की बढ़त मिल




गई। बाएं छोर से कॉर्नर किक को मिडफील्डर जीक्सन सिंह ने हेडर से टच देने की कोशिश की और वेनडॉर्प गेंद को अपने गोलपोस्ट की तरफ हेडर कर बैठे और गेंद टिप्पा खाकर गोललाइन के पार चली गई। 69वें मिनट में कप्तान एड्रियन ने चतुराई से गोल करके केरला ब्लास्टर्स की बढ़त को 2-0 कर दिया। उरुग्वे के मिडफील्डर ने बेंगलुरू एफसी के अनुभवी गोलकीपर गुरप्रीत संधू की लापरवाही का फायदा उठाकर यह गोल किया। बॉक्स के अंदर मिले बैक पास को फर्स्ट टाइम क्लीयर करने की बजाय संधू गेंद को लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे लेकिन लुना उनकी बेपरवाही को ताड़ते हुए तुरंत गेंद पर झपटे और बाएं पैर से शॉट लगाकर गोल कर डाला।

90वें मिनट में बेंगलुरू एफसी के इंग्लिश स्ट्राइकर कर्टिस मेन ने गोल करके अंतर कम करते हुए स्कोर 1-2 कर दिया। बॉक्स के अंदर स्थानापन्न खिलाड़ी मोला का प्रयास ब्लास्टर्स के डिफेंडर से लगने के बाद कर्टिस के पास पहुंची और उन्होंने बाएं पैर से पहले टच से गोलकीपर सचिन को छका दिया और गेंद गोललाइन पार कर गई।

दोनों टीमों के बीच यह 15वां मुकाबला खेला गया, जिसमें यह केरला ब्लास्टर्स एफसी की चौथी जीत है और बेंगलुरू एफसी ने 8 मैच जीते है। तीन मैच ड्रा पर समाप्त रहे हैं। इस जीत से ब्लास्टर्स ने पिछले दो मैचों में ब्लूज के हाथों हार का सिलसिला तोड़ दिया है। पिछले दोनों मैच बेंगलुरू ने 1-0 के अंतर से जीते थे।

## एशियाई खेल : भारतीय फुटबॉल टीम ने बांग्लादेश को 1-0 से हराया, सुनील छेत्री रहे हीरो

**हांगझू।** भारत ने 2023 एशियाई खेलों के अपने दूसरे मैच में सुनील छेत्री के बेहतरीन गोल की बदौलत बांग्लादेश को 1-0 से हराकर महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल किये।

भारतीय टीम ने मैच की आक्रामक शुरुआत की और पहले दस मिनट में कुछ आधे मौके बनाए। हालांकि, बंग्लादेश के खिलाड़ियों ने भी अपनी तेज गति से भारतीय टीम को खासा परेशान किया।

बांग्लादेश की टीम को मैच के 25वें मिनट के आसपास पहला महत्वपूर्ण मौका मिला, जब फॉयसल फहीम को फ्लैंक पर गेंद मिली, जहां आगे काफी जगह थी, लेकिन उनके शॉट में ताकत की कमी थी और धीरज सिंह ने इसे आसानी से पकड़ लिया।

हालांकि इसके बाद मूसलाधार बारिश ने दोनों टीमों के सामने चुनौतियों को बढ़ा दिया, जिससे नियंत्रण और कब्ज़ा बनाए रखना मुश्किल हो गया।



भारत के लिए मैच में सबसे बड़े मौके हॉफ टाइम के आखिरी क्षणों में आए, जब भारतीय टीम को गोल करने के जल्दी-जल्दी तीन मौके मिले। गोलकीपर मितुल मार्मा ने गोल लाइन पर सुनील छेत्री के प्रयास को शानदार ढंग से विफल कर दिया। रिबाउंड अब्दुल रवीह के पास गया, लेकिन एक बार फिर मार्मा ने हस्तक्षेप करके स्कोरिंग के मौके को नकार दिया। कुछ ही सेकंड में, भारत को तीसरी बार मौका मिला, हालांकि इस बार मार्मा ने राहुल केपी के हेडर को रोक दिया। पहला हॉफ गोल रहित रहा।

अंततः भारत को दूसरे हॉफ में सफलता मिली, जब मैच के 85वें मिनट में सुनील छेत्री ने पेनल्टी किक को गोल में बदलकर ब्लू टाइगर्स को 1-0 की बढ़त दिला दी। फाइनल सीटी बजने तक भारत ने अपनी 1-0 की बढ़त बरकरार रखी और नॉक आउट स्टेज की ओर मजबूती से एक कदम बढ़ा दिया।

## आशुतोष ने की शानदार बल्लेबाजी, डीवाईए ने जीता मैच

**लखनऊ।** लाइफ केयर टी-20 क्रिकेट कप में डी.वाई.ए. ने स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब को 15 रन से हराकर बढ़त बना ली। डीवाईए के आशुतोष सिसोदिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 60 बाल पर 68 रन बनाये। डीवाईए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट गवांकर 126 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आशुतोष ने पांच चौका और तीन छक्का की मदद से 60 बाल पर 68 रन बनाये। वहीं विदित जोशी ने 14 रन का योगदान दिया। लक्ष्य ने 19 रन बनाये। ध्रुव मिश्रा मात्र तीन रन बनाकर ही आउट हो गये। स्पोर्ट्स गैलेक्सी की टीम 111 रन बनाकर ही आउट हो गयी। स्पोर्ट्स गैलेक्सी की टीम के सुंदर यादव ने सर्वाधिक 46 रन बनाये, जबकि सौरभ तिवारी ने 41 रन का योगदान दिया। सलामी बल्लेबाज प्रिथुल मेहता मात्र दो रन बनाकर ही आउट हो गये। हर्षजीत यादव दो रन बनाकर आउट हो गये।

## एशियाई खेल: श्रीलंका ने थाईलैंड को 8 विकेट से हराया

**हांगझोउ** ।एशियाई खेल 2023 में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने खेले गए तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में थाईलैंड को आठ विकेट से हराया दिया है। आज सुबह श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड ने 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 78 रन स्कोर बनाया। थाईलैंड की ओर सबसे अधिक नाबाद 31 रन चानिदा सुथ्थीरुआंग ने बनाए। इसके अलावा उनकी टीम के किसी खिलाड़ी का स्कोर दहाई अंक में भी नहीं पहुंच सका। उतरी श्रीलंका की ओर से पारी की शुरुआत अनुष्का संजीवनी और चमारी अटापट्टू (कप्तान) ने शुरुआत की। दोनो सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े।

## वनडे विश्व कप 2023 से पहले PCB को लगा झटका, मोहम्मद हफीज ने दिया इस्तीफा

**लाहौर।** पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने एक दिवसीय विश्व कप से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की तकनीकी समिति से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एशिया कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन को लेकर बुलाई गई समीक्षा बैठक के तुरंत बाद यह फैसला किया। इस दो दिवसीय सत्र के दौरान पाकिस्तान की टीम में दो बदलाव किए गए तथा चोटिल तेज गेंदबाज नसीम शाह और ऑलराउंडर फहीम अशरफ की जगह तेज गेंदबाज जमान खान और स्पिनर अबरार अहमद को विश्व कप की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

हफीज ने ट्विटर पर लिखा, 'मैंने पाकिस्तान क्रिकेट की तकनीकी समिति से इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैं मानद सदस्य के रूप में कम कर रहा था। मुझे यह अवसर देने के लिए मैं जका अशरफ का आभार



व्यक्त करता हूं। पाकिस्तान क्रिकेट को लेकर जका अशरफ को जब भी मेरी सेवाओं की जरूरत पड़ेगी मैं उपलब्ध रहूंगा। हमेशा की तरह पाकिस्तान क्रिकेट को मेरी शुभकामनाएं। एशिया कप में श्रीलंका और भारत से हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष जका अशरफ ने यह समीक्षा बैठक बुलाई थी। हफीज के अलावा कप्तान बाबर आजम, मुख्य कोच ग्रांट बैडबर्न, मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नासिर, पीसीबी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के प्रमुख उस्मान वहला और पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक में टीम निदेशक मिकी आर्थर और टीम के गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच के साथ उप कप्तान शादाब खान भी उपस्थित थे। मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक ने समीक्षा बैठक में हिस्सा नहीं लिया। उनके करीबी सूत्रों के अनुसार इस पूर्व कप्तान का मानना था कि समीक्षा बैठक बुलाने के लिए यह सही समय नहीं है। सूत्रों ने कहा, 'इंजमाम दृढ़ इरादों वाले व्यक्ति हैं और वह अध्यक्ष जका अशरफ के समीक्षा बैठक बुलाने के फैसले से सहमत नहीं थे। उनका मानना था कि इस बैठक में बाबर और बैडबर्न को मिस्बाह, हफीज और बोर्ड के अन्य अधिकारियों के असहज करने वाले सवालों का सामना करना पड़ सकता है जो कि विश्व कप से पूर्व सही नहीं होगा।

## रविचंद्रन अश्विन हमारी रणनीति का हिस्सा, हम उसका ट्रायल नहीं ले रहे : राहुल द्रविड़

**मोहाली ।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कहना है कि अगर विश्व कप के लिए जाने वाले किसी भी खिलाड़ी को चोट की चिंता होती है तो टीम प्रबंधन हमेशा आर अश्विन को ध्यान में रखता है। ऑफ स्पिनर करीब 18 महीने तक वनडे नहीं खेले हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए उन्हें वनडे टीम में चुना गया है। राहुल द्रविड़ मोहाली में होने वाले पहले वनडे से पहले साफ तौर पर कहा कि यह वरिष्ठ ऑफ स्पिनर के लिए किसी प्रकार का परीक्षण नहीं है। अश्विन भले ही वनडे विश्व कप 2023 के लिए भारत की संभावित टीम में नहीं है लेकिन एशिया कप में अक्षर पटेल को लगी चोट के बाद उनका नाम फिर से ऊपर आ गया। अश्विन ने 2018 से अब तक केवल 2





वनडे खेले है, लेकिन द्रविड़ का कहना है कि विश्व कप से पहले चोट की चिंता होने पर टीम प्रबंधन ने हमेशा एक ऑफ स्पिनर लाने पर विचार किया था।

अक्षर को एशिया कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ सुपर 4 मैच के दौरान चोट लगी थी। अक्षर ने श्रीलंका के खिलाफ फाइनल नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह टीम में वाशिंगटन सुंदर को रखा गया था। हालांकि इस मैच में सुंदर को क्षेत्ररक्षण, गेंदबाजी या बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला क्योंकि मोहम्मद सिराज के श्रीलंका की टीम को 50 रन पर ढेर कर दिया था। द्रविड़ ने मोहाली में कहा कि हम अश्विन को विश्व कप से पहले जरूरत पड़ने पर 2-3 मैच खेलने का अवसर देंगे। द्रविड़ ने कहा कि यह एक अच्छी बात है। यदि हमारे पास अच्छा खिलाड़ी है, तो हम उसे किसी भी चरण में बुला सकते हैं। यह उनके लिए भी खुद को परखने का एक अच्छा मौका है क्योंकि वह लंबे अंतराल के बाद वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह उनके लिए एक ट्रायल जैसा है। हमें उनकी खूबियां पता है। वैसे भी ऑफ स्पिनर लगातार कप्तान रोहित शर्मा के संपर्क में है।

## इस विश्व कप के बाद हम अक्सर शुबमन गिल के बारे में बात करेंगे : सुरेश रैना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि इस साल के पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के खत्म होने के बाद क्रिकेट जगत में लोग दाएं हाथ के युवा बल्लेबाज के बारे में अधिक बात करेंगे। भारत की विजयी 2018 पुरुष अंडर-19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नामित गिल पिछले 1.5 वर्ष से प्रारूप में लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय मैचों के साथ-साथ घरेलू धरती पर पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए भारत की टीम का हिस्सा हैं। वह हाल ही में एशिया कप में अग्रणी रन-स्कोरर थे जहां उन्होंने पांच मैचों में 75.50 की औसत और 93.50 की स्ट्राइक-रेट से 302 रन बनाए।

रैना ने कहा, वह डेढ़ साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्हें बीच में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन जिस तरह से उन्होंने वापसी की और एशिया कप में अच्छे रन बनाए। वह सकारात्मक दिख रहे हैं, अच्छे फुटवर्क का उपयोग कर रहे हैं और वेस्टइंडीज के खिलाफ 40 रन पर आउट होने के बाद अब वह आराम से 50 और यहां तक कि 100 रन भी बना रहे हैं। उन्होंने कहा, वह विश्व कप में सबसे



महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक होगा। मुझे पता है कि वह सुपरस्टार बनना चाहता है और अगला विराट कोहली बनना चाहता है और वह पहले से ही उस आभा में है और इस विश्व कप के बाद हम उसके बारे में अधिक बार बात करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मोहाली के पीसीए स्टेडियम में होने वाले वनडे मैच में पहली बार होगा जब गिल अपने घरेलू मैदान पर कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे। भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रैना को लगता है कि गिल वही कर सकते हैं जो कप्तान रोहित शर्मा ने 2019 में बल्ले से किया था, जहां वह प्रतियोगिता में रन बनाने वालों में अग्रणी थे। मिस्टर आईपीएल ने कहा, वह अपने हाथ की गति के साथ जिस फॉर्म में खेल रहा है, वह बेहद मजबूत है। स्पिनरों को पता नहीं होता कि उन्हें कहां गेंदबाजी करनी है और अगर तेज गेंदबाज गेंद को स्विंग नहीं कराते हैं, तो वह स्ट्रेट या फ्लिक से उसे अच्छी तरह से खेल सकते हैं। उनकी मानसिकता यहीं नहीं रुकेगी। 2019 वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा ने क्या किया; गिल इस साल भारत के लिए ऐसा ही कर सकते हैं। उन्हें बल्लेबाजी के लिए 50 ओवर मिलेंगे, इसलिए यह उनकी बल्लेबाजी के लिए टेकऑफ प्वाइंट है।

फास्ट न्यूज

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से एग्जीबिटर्स गदगद, बोले-पहली बार मिली ऐसी सुविधा

**ग्रेटर नोएडा:** इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश भर से दो हजार से अधिक एग्जीबिटर्स अपने-अपने उत्पादों के साथ पहुंचे हैं। वहीं ट्रेड शो को लेकर एग्जीबिटर्स में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां की व्यवस्थाओं की सभी सराहना कर रहे हैं। एग्जीबिटर्स इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष रूप से धन्यवाद देते दिखे। वाराणसी निवासी अंगिका कुशवाहा यहां डमी लूम के साथ पहुंची हैं। उन्होंने बताया कि वह बनारसी साड़ी तैयार करती हैं। उनके पास 300 करघे हैं, जिसपर एक हजार लोगों की टीम बनारसी साड़ी तैयार करती है। टेक्सटाइल में पीएचडी अंगिका के अनुसार, यहां हम बनारसी साड़ी के निर्माण की बारीकियों को प्रदर्शित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में बुनकरों को तमाम तरह की सुविधाएं मिल रही हैं। उन्हें लोन आदि लेने के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ता। मुरादाबाद के पद्मश्री सम्मान से सम्मानित शिल्पकार दिलशाद हुसैन यहां पीतल पर बनी नक्काशियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए यूपी के एग्जीबिटर्स को दुनियाभर के बायर्स के सामने अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विशेष धन्यवाद देते हुए कहा कि यहां बहुत अच्छी व्यवस्था, पहली बार एग्जीबिटर्स को इतनी बेहतरीन सुविधाओं के साथ अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिला है। मेरठ निवासी कला साधक पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित शीश राम भी यूपी इंटरनेशनल ट्रेड में आकर काफी खुश दिये। भारतीय सेना में 40 वर्षों तक सेवा देने के बाद पोट्रेट चित्रकला और मूर्तिकला के क्षेत्र में अतुलनीय काम करने वाले शीश राम की कलाकृतियां दुनियाभर में पसंद की जाती हैं।

## गरीबों की हक पर डाका डालने वालों की खैर नहीं!

**मीरजापुर:** कार्डधारकों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराने के बाद भी अनाज न देने वाले कोटेदारों की अब खैर नहीं! गरीबों के हक पर डाका डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद ने बताया कि कई कोटेदार के कार्डधारकों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण (अंगूठा लगाने के बाद) कराने के बाद भी अनाज वितरण न करने की शिकायत मिल रही है।

# कनाडा के खालिस्तानी राग से बिगड़े रिश्ते

## भारत के एक कदम हटते ही होगा अरबों डॉलर का नुकसान, दोनों देशों के रिश्तों में तनाव

रिश्ते खराब

**1984 में खालिस्तान की मांग करने वाले आतंकवादियों ने फ्लाइट को बम धमाके से उड़ा दिया था**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** और कनाडा के बीच राजनयिक रिश्ते की शुरूआत 1947 में हुई थी। इस तरह से भारत और कनाडा के रिश्ते 76 साल पुराने हैं। हालांकि कनाडा में खालिस्तानियों को सरकार का संरक्षण नई बात नहीं है। 1984 में खालिस्तान की मांग करने वाले आतंकवादियों ने एयर इंडिया की फ्लाइट को बम धमाके से उड़ा दिया था। इसकी वजह से भी दोनों देशों के रिश्तों में तनाव का दौर आया था। उस समय की कनाडा की सरकार भी खालिस्तानी आतंकवादियों को संरक्षण दे रही थी। 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कनाडा की यात्रा के बाद दोनों देशों के रिश्ते रणनीतिक भागीदारी के स्तर पर पहुंचे। चीन की बढ़ती ताकत की वजह से भी कनाडा ने भारत के साथ रिश्ते मजबूत करने पर ध्यान दिया। भारत के साथ रिश्ते खराब होने से कनाडा को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है क्योंकि मौजूदा विश्व व्यवस्था में भारत के कद को देखते हुए उसके पश्चिमी सहयोगी भी भारत के खिलाफ बोलने से हिचकेंगे कनाडा को आर्थिक मोर्चे पर भी बडी कीमत चुकानी पड़ सकती है।

**7 लाख सिख आबादी का राजनीतिक असर:** 2021 की जनगणना के अनुसार कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 14 लाख लोग रह रहे हैं। ये कनाडा की कुल आबादी का 3.7 प्रति हिस्सा है। लगभग 7 लाख आबादी सिखों की है। कनाडा की राजनीति में सिख आबादी का अच्छा असर है। इसी वजह से जस्टिन ट्रूडो की सरकार खालिस्तान के समर्थकों को संरक्षण दे रही है। कनाडा की सरकार इसके लिए भारत के साथ रिश्तों को भी दांव पर लगा रही है।

**कनाडा को हजारों डॉलर देते हैं तीन लाख से ज्यादा भारतीय छात्र:** आव्रजन शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आइआरसीसी) के आकड़ो के अनुसार 2022 में कुल 3,19,000 भारतीय वैध स्टडी वीजा के साथ रह रहे थे। 2022 में कनाडा में कुल 5 लाख अंतरराष्ट्रीय छात्र आए, इसमें 2,26,450 छात्र भारत से थे। यानी कुल अंतरराष्ट्रीय छात्रों में भारतीयों हिस्सेदारी लगभग 41 प्रतिशत थी। अगर कनाडा और भारत के रिश्ते खराब होते हैं और सरकार भारतीय छात्रों के कनाडा जाने पर रोक लगा देती है तो इससे कनाडा की अर्थव्यवस्था को बड़ा नुकसान होगा।

### 8.16 अरब डॉलर पहुंचा कारोबार

**भारत** कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार तेजी से बढ़ा है और 2022-23 में ये 8.16 अरब डालर तक पहुंच गया है। कनाडा के लिए भारत का निर्यात 4.1 अरब डालर है जबकि भारत के लिए कनाडा का निर्यात 4.06 अरब डार है। कनाडा के पेंशन फंड ने भारत में 45 अरब डालर निवेश किया है।
कनाडा की अर्थव्यवस्था: 2 .2 ट्रिलियन डालर की जीडीपी के साथ कनाडा दुनिया की नौवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। कनाडा की अर्थव्यवस्था में प्रमुख योगदान प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और निर्यात का है। कनाडा अमेरिका, भारत जैसे बड़े देशों को जरूरी चीजे निर्यात करता है।
**टोरंटों से कनिष्क की उड़ान और बम धमाका:** 1984 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 ने कनाडा के टोरंटों से मुंबई के लिए उड़ान भरी। ये एक बोइंग 747 जहाज था। इसका नाम कुषाण वंश के शासक 'सम्राट कनिष्क' के नाम पर रखा गया था। ये फ्लाइट मुंबई कभी नहीं पहुंची क्योंकि बम धमाके में सभी 329 यात्री मारे गए। भारत में अलग खालिस्तान की मांग करने वाले सिख आतंकवादियों ने इस बम धमाके को अंजाम दिया था।
कृपाल आयोग ने अपनी जांच में बताया था कि ये बम धमाका था। बाद में केंद्रीय अन्वेशण ब्यूरो ने अपनी जांच में पाया था कि आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल इस धमाके के लिए जिम्मेदार है।

## राज्यपाल ने कुलपतियों के लिए सर्च कमेटी बनाई



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम बंगाल** के राज्यपाल होने के नाते राज्य के सभी विश्वविद्यालय के पदेन कुलाधिपति डॉ सी वी आनंद बोस ने आखिरकार कुलपतियों की नियुक्ति के लिए बड़ा कदम उठाया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार उन्होंने एक सर्च कमेटी की घोषणा की है। गत 15 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सर्च कमेटी गठित करने का आदेश दिया था। उसी के मुताबिक शुक्रवार को राज्यपाल ने बताया कि ऐसी एक सर्च कमेटी बना ली गई है। बोस ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्थायी कुलपति के चयन के लिए प्रस्तावित खोज समिति के सदस्यों के नाम शीर्ष अदालत को भेज दिए गए हैं। हालांकि, राज्यपाल ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि राजभवन ने जिन सदस्यों को सर्च कमेटी के लिए "चिह्नित" किया है, वे इसी राज्य के निवासी हैं या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने तीनों पक्षों - राज्य, राज्यपाल और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से खोज समिति के सदस्यों को नामित करने के लिए पांच नाम प्रस्तुत करने को कहा था। राज्यपाल ने बताया कि उसी के मुताबिक पांच लोगों के नाम भेजे गए हैं। दरअसल पश्चिम बंगाल सरकार राज्यपाल पर राजनीतिक गतिविधियों से प्रेरित होकर कदम उठाने का आरोप लगाया है। इसके अलावा कुलपतियों के चुनाव में भी राजनीतिक विचारधारा की प्राथमिकता के आरोप लगाए गए हैं।

सुप्रीम आदेश पर

**विवि यूजीसी से खोज समिति के सदस्यों को नामित करने के लिए पांच नाम प्रस्तुत करने को कहा था**

## 'अनीश ने साथियों संग की थी महिला आरक्षी से छेड़छाड़'

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में मुख्य आरक्षी महिला के साथ हुई घटना में फरार तीन अभियुक्तों को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली से घायल एक बदमाश अनीश की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पकड़े गए अभियुक्तों ने सफर के दौरान ट्रेन में अकेला पाकर महिला आरक्षी से छेड़छाड़ का प्रयास किया था। विरोध पर उसे बेरहमी से मारपीट के बाद अयोध्या स्टेशन पर ट्रेन धीमी होने पर आरोपित उतर गए थे। एनकाउंटर में मारा गया अभियुक्त अनीश पर इनामी भी था। पुलिस मुख्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए विशेष पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशांत कुमार ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मिले इनपुट के बाद एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने सयुंक्त कार्रवाई के दौरान इनायतपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात को दो अभियुक्तों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम अयोध्या के हैदरगढ़ निवासी आजाद और सुल्तानपुर निवासी विशंभर दयाल बताया है। वहीं, तीसरा साथी हैदरगढ़ निवासी अनीश फरार हो गया था। शुक्रवार मिली सूचना के बाद पुलिस की कुछ टीमों ने भागे अपराधी का पीछा किया। पूराकलंदर थाना क्षेत्र की ओर भागने पर वहां के थानाध्यक्ष को जानकारी देते हुए उसके पकड़ने को कहा गया। ग्राम पारा केला क्षेत्र में चारों तरफ से घेराबंदी कर अनीश को आत्मसपमर्ण के लिए कहा, लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने गोली चलाई, जिसमें वह घायल हो गया।



एनकाउंटर

**पुलिस की गोली से घायल एक बदमाश अनीश की इलाज के दौरान मौत हो गई है**

## डीके के खिलाफ सुनवाई तीन हफ्ते के लिए टली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक कांग्रेस के नेता डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद करने का आदेश दिया। दरअसल, कर्नाटक हाई कोर्ट ने 10 फरवरी को डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच पर रोक लगा दी थी।

## प्रोजेक्ट रिव्यू एंड मॉनिटरिंग कमेटी की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
**कॉमन** इंजीनियरिंग फैसिलिटी सेंटर (सीईएफसी) परियोजना के अंतर्गत प्रोजेक्ट रिव्यू एंड मॉनिटरिंग कमेटी की दूसरी बैठक शुक्रवार को बीएचईएल हरिद्वार के मानव संसाधन विकास केंद्र में आयोजित की गई। बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा तथा कमेटी के अध्यक्ष एन. शिवानन्द ने बैठक का नेतृत्व किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रवीण चंद्र झा ने कहा कि यह सेंटर, उत्तराखंड समेत पूरे उत्तर भारत में वेल्डिंग तकनीक सीखने का बेहतर केंद्र है जो युवाओं को आधुनिकतम वेल्डिंग तकनीकों को सीखने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद युवाओं के पास विभिन्न इंडस्ट्रीज में कार्य करने तथा अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का विकल्प भी है। एन. शिवानन्द ने कहा कि यह एक्सटेंशन सेंटर, वेल्डिंग इंडस्ट्रीज की जरूरतों को पूरा करने तथा रोजगार के नए क्षेत्र स्थापित करने में मददगार साबित हो रहा है। इस बैठक में बीएचईएल की हरिद्वार, भोपाल, वाराणसी, झांसी एवं त्रिची इकाइयों तथा कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट (सीएसएम) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## पार्टनर पर बनाया धर्म परिवर्तन का दबाव

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** पुलिस ने शुक्रवार को श्रीनगर के एक शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने दूसरे धर्म की अपनी पार्टनर को धर्म परिवर्तन करने को मजबूर किया। साथ ही, पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि आरोपी शख्स ने शादी के बहाने महिला के साथ यौन संबंध भी बनाया।

**2018 से लिव-इन-रिलेशन में थे दोनों:** आरोपी की पहचान मोगिल अशरफ बेग के रूप में हुई है, जो यहां एक आईटी फर्म में काम करता था। वह पीड़िता को 2018 से जानता है और उसके साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था। उन्होंने बताया कि महिला भी यहां एक टेक फर्म में काम करती थी।



**शादी के नाम पर बनाया यौन संबंध:** पुलिस के मुताबिक, जोड़ा कोर्ट मैरिज करने की प्लानिंग कर रहा था, लेकिन बाद में व्यक्ति ने कथित तौर पर महिला पर इस्लाम कबूल करने के लिए दबाव डाला। महिला ने बेग पर यह भी आरोप लगाया कि उसने शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ यौन संबंध बनाने के लिए राजी कर लिया। महिला में शिकायत दर्ज कराते हुए एफआईआर में आरोप लगाया है कि बेग ने उसे यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, "उसने अपने भाई पर भी धमकी देने का आरोप लगाया है।"

चर्चा

### आरक्षण बिल पर 40 मिनट तक करेंगे संवाद, 5 महिलाएं सवाल भी पूछेंगी

## काशी में 5000 महिलाओं से बात करेंगे पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी शनिवार को काशी आ रहे हैं। वह यहां 40 मिनट तक 5 हजार महिलाओं के साथ महिला आरक्षण बिल पर संवाद करेंगे। यही नहीं, इसके बाद 5 महिलाओं से पीएम बातचीत करेंगे। वह महिलाएं आरक्षण बिल से जुड़े सवाल करेंगी। ये आयोजन संर्पूणानंद विश्वविद्यालय परिसर में होगा। वहां तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। महिलाओं से संवाद के लिए मंच बनाया जा रहा है। पीएम काशी की महिला वोटर्स से सीधे कनेक्ट करेंगे। मंच पर पीएम मोदी के साथ योगी भी मौजूद रहेंगे। यह पहला मौका होगा जब महिला आरक्षण बिल पास होने के बाद पीएम किसी कार्यक्रम में महिलाओं से रुबरू होंगे। महिलाएं उनका आभार जताएंगी। पीएम का यह 9 साल में 42वां काशी दौरा होगा। वाराणसी में भाजपा से जुड़े लोग बताते हैं कि पीएम जब भी आते हैं उनका फोकस वहां के लोगों से मुलाकात पर जरूर होता है। संभवतः यही वजह है कि यूपी में बीजेपी ने अपने सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया है।



परफॉर्मेंस के आधार पर इस रिपोर्ट कार्ड में यूपी के टॉप सांसदों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम है। वाराणसी में पिछले 9 साल में 30 हजार करोड़ रुपए की बड़ी परियोजनाओं पर काम हुआ है। इसमें 20 हजार करोड की परियोजना का लोकापर्ण हो चुका है। जबकि 10 हजार करोड़ का काम चल रहा है। संर्पूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, चंदौली, भदोही, मिजार्पुर समेत आसपास के जिलों की 5 हजार महिलाएं शामिल होंगी। इसके लिए काशी क्षेत्र महिला मोर्चा, भाजपा जिला महिला मोर्चा, सभी जिलों में महिला मोर्चा के जिला एंव महानगर अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई है।

